रांची का तापमान
| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 25.6° | 26.7° |
| न्यून. | 14.2° | 15.4° |

रांची, शुक्रवार
21 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 22, पृष्ठ-12

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

### 10वीं बोर्ड परीक्षा में पेपर लीक के बाद लिया फैसला

# झारखंड अधिविद्य परिषद ने रद्द की हिंदी व विज्ञान की परीक्षाएं

- पुनर्परीक्षा की तिथियां बाद में की जाएंगी घोषित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 11 फरवरी 2025 से शुरू हुई झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के 10वीं बोर्ड की परीक्षा के दौरान हिंदी और विज्ञान का पेपर लीक हो गया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था।

शेष पेज 11 पर





### जैक ने की थी अफवाहों से दूर रहने की अपील

छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने झारखंड अधिविद्य परिषद के सचिव को सौंपे गए एक ज्ञापन में भी इसकी जानकारी दी थी। हालांकि, उस वक्त परिषद ने आम सूचना जारी कर परीक्षार्थियों से प्रश्न पत्र वायरल होने की अफवाहों से दूर रहने की अपील की थी।

**सबसे पहले गिरिडीह और कोडरमा में वायरल हुआ प्रश्न पत्र :** सूत्रों के अनुसार, सबसे पहले गिरिडीह और कोडरमा में यह प्रश्न पत्र वायरल होने की सूचना आई थी। एक वॉट्सएप ग्रुप में क्यूआर कोड डाला गया और मैसेज भेजा गया कि मैट्रिक और इंटरमीडिएट की आयोजित परीक्षा के प्रश्नपत्र चाहिए, तो इसके लिए 350 रुपए डालना होगा। मैसेज में 20 फरवरी को होने वाली साइंस की परीक्षा का प्रश्नपत्र देने का दावा किया जा रहा था। कुछ देर बाद पीडीएफ मोड में साइंस का प्रश्न पत्र वहां डाला गया, जिसका स्क्रीनशॉर्ट पूरे राज्य में वायरल हो गया।

**क्या कहते हैं विद्यार्थी :** 10वीं बोर्ड के हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक होने के बाद झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने इन दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी है। इससे विद्यार्थियों का मनोबल कमजोर हुआ है। कुछ विद्यार्थियों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि परीक्षा की तैयारी में काफी मेहनत लगती है, इस बात से सभी वाकिफ हैं। उन्होंने कहा, बोर्ड की परीक्षा की बात की जाए, तो हम सभी विद्यार्थी दिन-रात पढ़ते रहते हैं, ताकि परिणाम अच्छा हो। लेकिन, इस तरह से पेपर लीक होना कहीं-कहीं हम विद्यार्थियों का मनोबल कमजोर करता है। जैके के 10वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले कुछ विद्यार्थियों ने कहा कि झारखंड सरकार और संबंधित विभाग को ध्यान देना चाहिए। तकनीकी रूप से सतर्क रहना चाहिए।

### दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद भाजपा वापस

# रेखा गुप्ता ने संभाली दिल्ली की बागडोर



- छह विधायकों ने भी ली मंत्री पद की शपथ
- दिल्ली में भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री हैं

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वापसी हो गई। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष और शालीमार बाग से पहली बार विधायक चुनी गऱ्इं रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण किया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य और दिव्य समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली।

उपराज्यपाल सक्सेना ने रेखा गुप्ता के बाद क्रमशः प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर सिंह इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज सिंह को मंत्री पद शपथ दिलाई। शेष पेज 11 पर

### एक-एक वादे पूरा करूंगी : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने मीडिया से बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो मिशन 'विकसित दिल्ली' का है, उसे पूरा करने के लिए लगातार काम किया जाएगा। एक भी दिन व्यर्थ नहीं होगा। एक-एक वादे पूरे किए जाएंगे। सीएम ने कहा, आज से पहले यह सीएम कार्यालय मीडिया के लिए नहीं खुला था। आज से यह सभी के लिए खुला रहेगा। शेष पेज 11 पर

### पीएम ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर श्रीमती रेखा गुप्ता जी को बधाई। वे जमीनी स्तर से उठकर आई हैं। उन्हें सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।

| | ₹ | |
|---|---|---|
| सोना | ₹80500 | 10 ग्राम |
| चांदी | ₹101000 | 01 किलो |

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,735.96 | 86.529 |
| -203.22 | -0.361 |

## एक नजर

### मुख्य आर्थिक सलाहकार नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल बढ़ाया गया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने देश के मुख्य आर्थिक



सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ा दिया है। नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च, 2027 तक बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने वी. अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल 31 मार्च, 2027 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। सीईए नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को मुख्य आर्थिक सलाहकार का पदभार संभाला था।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444
विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### शिल्पी नेहा तिर्की ने किया किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन, कहा

# किसान आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाएं





### बोलीं कृषि मंत्री

- किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है राज्य सरकार
- किसानों तक नई तकनीक पहुंचे बिना संभव नहीं किसी क्षेत्र का विकास

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप)-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम, रांची में गुरुवार को किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, शिल्पी नेहा तिर्की ने किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने के कारण कृषि मंत्री इस आयोजन की मुख्य अतिथि रहीं। और, उन्होंने सभी उद्घाटन कार्यक्रमों का नेतृत्व किया।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने संबोधन में कहा, कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस तरह के मेले किसानों को नवीनतम तकनीकों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के बेहतरीन माध्यम हैं। हमारी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम चाहते हैं कि झारखंड के किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं और अपनी आय में वृद्धि करें।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने केवीके खूंटी के कार्यों की भी सराहना की और कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से सभी केवीके का दौरा करेंगी। उनके कार्यों का विस्तार से अध्ययन करेंगी, ताकि किसानों के जीवन में सुधार लाने के लिए आवश्यक कार्य किए जा सकें।

शेष पेज 11 पर

### किसान कृषि उत्पादक संगठनों का गठन करें : डॉ अभिजीत

समारोह की अध्यक्षता करते हुए भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक, डॉ अभिजीत कर ने किसानों को संबोधित किया और संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह मेला किसानों को उन्नत कृषि उपकरणों, नवीनतम अनुसंधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उन्होंने किसानों को कृषि उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन की सलाह दी। कहा कि इससे बाजार में किसानों की सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी। वे अपने उत्पादों को निर्धारित मूल्यों पर बेच सकेंगे, जिससे बाजार लागत कम होगी और दक्षता में वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए फेडरेशन में पंजीकरण कराने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की।

### 1500 किसानों ने लिया भाग

किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी 2025 में लगभग 1500 किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्यमियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में उन्नत कृषि यंत्रों, जैविक उर्वरकों, नवीनतम कृषि अनुसंधानों और सरकारी अनुदान योजनाओं से संबंधित कई स्टॉल लगाए गए थे, जिससे किसानों को व्यापक जानकारी प्राप्त हुई।

# हाईकोर्ट ने लगाई रांची विवि के नियुक्ति विज्ञापन पर रोक

- कांट्रैक्ट के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जानी थी

**नवीन मेल डेस्क**





**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय में कांट्रैक्ट के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए वर्ष 2024 में निकाले गए विज्ञापन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने पूर्व से कांट्रैक्ट पर कार्यरत असिस्टेंट टीचर संजीता कश्यप एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है।

कोर्ट ने मामले में रांची विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार को आठ सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। रांची विश्वविद्यालय ने कांट्रैक्ट के आधार पर असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए 13 मार्च 2024 को विज्ञापन जारी किया था।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि इस विज्ञापन से नियुक्ति होने के बाद रांची विश्वविद्यालय में पूर्व से कांट्रैक्ट पर कार्यरत असिस्टेंट शिक्षकों को हटा दिया जाएगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि कांट्रैक्ट कर्मियों की नई नियुक्ति कर पुराने कर्मियों को हटाया जाना उचित नहीं है।

शेष पेज 11 पर

# कुंभ से लौट रहे हजारीबाग के छह लोगों की गई जान

- उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** महाकुंभ स्नान कर लौट रहे हजारीबाग के श्रद्धालुओं का वाहन उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। नौ लोग हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम कंडसार के निवासी बताए जाते हैं। इस हादसे में मृत श्रद्धालुओं में कांति देवी, धनवा देवी, मतिया देवी, मुनिया देवी, रंजीत यादव और केशिया देवी शामिल हैं। एक ही परिवार की धनवा देवी और उनके बेटे रंजीत यादव की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम कंडसार से लोग महाकुंभ स्नान करने के लिए गए थे। वे कुंभ स्नान के बाद अयोध्या दर्शन के लिए गए। अयोध्या से लौटने के क्रम में उनकी टाटा सूमो गाड़ी उत्तर प्रदेश के शेष पेज 11 पर



### रांची से महाकुंभ जा रही बस में लगी आग



**रामगढ़।** रांची से प्रयागराज महाकुंभ नहाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस में रामगढ़ जिले के कुजू में बुधवार की देर रात अचानक आग लग गई। इस हादसे में श्रद्धालु बस का शीशा तोड़कर बाहर कूदे और अपनी जान बचाई। यह हादसा कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत से हेसागढ़ा डायवर्सन के पास हुई है। जानकारी के अनुसार, रांची से प्रयागराज जा रही एक स्लीपर बस में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। बस जब कुजू क्षेत्र से गुजर रही थी, तो उस दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ और एसी बस में आग लग गई। बस में कोई आपातकालीन निकास नहीं था और आग तेजी से फैल रहा था, इसलिए श्रद्धालुओं ने शीशा तोड़कर बाहर निकलने का प्रयास किया। श्रद्धालुओं ने बस से कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया। बस लगभग पूरी तरह जल चुकी है।

### कोडरमा में ऑटो पलटने से छात्रा की मौत

**कोडरमा।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के दसवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को लेकर जा रहा एक ऑटो कोडरमा जिले के चंद्रोडीह में गुरुवार की दोपहर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में ऑटो पर सवार कई परीक्षार्थी घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान एक छात्रा की मौत हो गई। घायलों ने बताया कि वे सभी इंदरवा स्थित परीक्षा केंद्र से जैक द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर अपने गांव कमेडीह लौट रहे थे। घायलों में चांदनी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, तन्नू कुमारी, निशु कुमारी, ज्योति कुमारी, दिलसान अंसारी, अरमान अंसारी, सेहान अंसारी और सोनम कुमारी शामिल हैं। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल परीक्षार्थी ज्योति कुमारी (16) को चिकित्सकों ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था, लेकिन सदर अस्पताल में ही मौत हो गई।


## इंडिया

# सेवा का अधिकार से भ्रष्टाचार में कमी हुई, पर रोक नहीं लगी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बहुत पुरानी कहावत है कि जिस काम को करने की अवधि तय न हो उसमें मनमानी और भ्रष्टाचार आम बात है। भारत भ्रष्ट देशों में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 180 देशों की सूची में 96वें पायदान पर पहुंच गया है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 में भारत 180 देशों में 96वें स्थान पर है, जबकि वर्ष 2023 में भारत की रैंक 93 थी।विशेषज्ञों एवं व्यवसायियों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के धारणागत स्तरों के आधार पर यह इंडेक्स 180 देशों की रैंकिंग करता है। यह इंडेक्स शून्य से 100 के पैमाने का उपयोग करता है।इसके अनुसार ''शून्य'' का अर्थ अत्यधिक भ्रष्ट और ''100'' का तात्पर्य बिल्कुल साफ-सुथरा होता है। इस आधार पर वर्ष 2024 में भारत का कुल स्कोर 38 था, जबकि 2023 में यह 39 और 2022 में 40 था। 2023 में भारत की रैंक 93 थी।भारत के पड़ोसियों में पाकिस्तान (135) और श्रीलंका (121) अपनी-अपनी निम्न रैंकिंग से जूझ रहे हैं,



सूचना पट्ट

झारखण्ड राज्य सेवा देने की गारंटी नियमावली - 2011, के अधीन पुलिस विभाग से संबंधित प्रदायी, सेवायें, प्राधिकार एवं इसके लिए निर्धारित समय सीमा का सूचना पट्ट

| क्र. सं. | प्रदायी सेवाओं का नाम | | नाम निर्दिष्ट पदाधिकारी | नियत समय-सीमा | प्रथम अपीलीय पदाधिकारी | प्रथम अपील के निष्पादन हेतु नियत समय-सीमा | द्वितीय अपील पदाधिकारी | द्वितीय अपील के निष्पादन हेतु नियत समय-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | (क) पासपोर्ट निर्गत करने हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | थाना प्रभारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री दीपक कुमार मिश्रा 9431706184 | 7 दिन | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री अनुज उरांव 9431770066 | 3 दिन | पुलिस अधीक्षक का नाम एवं मोबाईल नम्बर श्री सुमित अग्रवाल 9431706138 | 3 दिन |
| | | (ख) शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |
| | | (ग) सेवा में नियुक्ति हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |
| | | (घ) किसी प्रकार का चरित्र प्रमाण-पत्र हेतु पुलिस सत्यापन प्रतिवेदन | | 7 दिन | | 3 दिन | | 3 दिन |

जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर है। चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। भारत के पड़ोसियों में पाकिस्तान (135) और श्रीलंका (121) अपनी-अपनी निम्न रैंकिंग से जूझ रहे हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर है। चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं।करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 के मुताबिक, भ्रष्टाचार दुनिया के हर हिस्से में एक खतरनाक समस्या है, लेकिन कई देशों में बेहतरी के लिए बदलाव हो रहा है। शोध से यह भी पता चला है कि भ्रष्टाचार जलवायु कार्रवाई के लिए एक बड़ा खतरा है। यह उत्सर्जन को कम करने और ग्लोबल वार्मिंग के अपरिहार्य प्रभावों के अनुकूल होने की प्रगति को बाधित करता है। झारखंड में पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने दाखिल खारिज में लापरवाही के आरोप में नीलांबर-पीतांबरपुर के सीओ सहित तीन अधिकारियों पर 65-65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जो उनके वेतन से वसूल करने का आदेश कोषागार को दिया गया है । इन पर आरोप है कि इन्होने झारखंड राज्य सेवा का अधिकार कानून 2011 के अंतर्गत निर्धारित अवधि में 62 आवेदनों को निष्पादित नहीं किया। कानून में प्रावधान है सामान्य स्थिति में 30 दिनों में और आपत्ति कि स्थिति में 90 दिनों में म्यूटेशन का कार्य पूरा कर देना है। इस कड़े कदम से अचानक लोगों को पता चला कि ऐसा कोई कानून झारखंड में लागू भी है। ऐसा ही कानून पुलिस विभाग में भी लागू है। पुलिस आदेश संख्या 53/2012 के द्वारा तत्कालीन महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक गौरी शंकर रथ के आदेश से लागू आदेश पर 2 मार्च 2012 कि तिथि अंकित है। इसके अनुसार पासपोर्ट निर्गत करने के लिए,शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने के लिए,सेवा में नियुक्ति और किसी प्रकार का चरित्र प्रमाण पत्र के सत्यापन की अवधि थाना प्रभारी को 7 दिनों की दी गई है और प्रथम और द्वीतीय अपील के लिए अनुमंडल पुलिस अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को 3-3 दिनों का समय दिया गया है। झारखंडवासी जानते हैं कि इस कानून की धज्जियां उड़ाते हुए हजारों मामले विभिन्न थानों में लंबित हैं या समयावधि पार हो जाने के बाद उन्होने थक कर दौड़ना छोड़ दिया या रिश्वत देकर अपना काम कराया। सेवा का अधिकार अधिनियम, नागरिकों को तय समय में सार्वजनिक सेवाएं पाने का अधिकार देता है। इस अधिनियम के तहत, अगर कोई सरकारी अधिकारी समय पर सेवाएं नहीं देता, तो उस पर दंड लगाया जा सकता है। इसका उद्देश्य सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। इसमें सरकारी अधिकारियों के बीच भ्रष्टाचार कम करने की कोशिश की जाती है। इस अधिनियम के तहत, समय पर सेवाएं न देने वाले अधिकारियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जा सकती है। मध्य प्रदेश ने साल 2010 में लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू कर भारत का पहला राज्य बना। बिहार ने साल 2011 में सेवा का अधिकार अधिनियम लागू किया था। हरियाणा ने 2014 में तो उत्तराखंड ने साल 2011 में सेवा का अधिकार अधिनियम लागू किया था। इस अधिनियम के तहत, सेवाएं पाने के लिए आरटीपीएस काउंटर, ब्लॉक कार्यालय, या वेब पोर्टल का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस अधिनियम के तहत, 10 विभागों की 52 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है।

भ्रष्टाचार का बड़ा कारण पारदर्शिता का अभाव और निगरानी तंत्र की व्यवस्था का कमजोर होना है। पब्लिक से योजनाओं के लाभ और सेवा का अधिकार से उन्हें प्राप्त करने की समयावधि संबंधी जानकारी छिपाना है। सरकार को सरकारी रेडियो टीवी से जो कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसी जागरूकता फैलाते रहते हैं और अधिक सशक्त बनाकर जागरूकता फैलानी चाहिए साथ ही भ्रष्टाचार या सेवा का अधिकार कानून सहित सूचना के अधिकार कानून को प्रभावी बनाना चाहिए। सबसे अधिक प्रचार हर चौक चौराहे पर होर्डिंग लगाकर यह करनी चाहिए कि बिजली चोरी,घूस या किसी और तरह की शिकायतें किस नंबर पर की जाएं।

# ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए जारी हुई अश्लील सामग्री पर एडवाइजरी

**एजेंसी**





**नई दिल्ली।** पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया के स्टैंड-अप शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' पर विवादास्पद टिप्पणियों के बीच केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्री पर ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी ओटीटी और सोशल मीडिया चैनलों को उम्र के हिसाब के क्लासिफिकेशन करने और स्व-नियमन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

जारी एडवाइजरी के अनुसार ओटीटी प्लेटफॉर्म को कंटेंट प्रसारित करते समय कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आईटी नियम, 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन करना होगा, जिसमें नैतिक संहिता के तहत निर्धारित सामग्री के आयु-आधारित वर्गीकरण का कड़ाई से पालन करना भी शामिल है। एडवाइजरी में कहा कि गया है कि संसद सदस्यों, वैधानिक संगठनों के प्रतिनिधित्व और लोगों से प्राप्त शिकायतों के बाद अश्लील सामग्री के कथित प्रसार के संबंध में ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट (ओटीटी) और सोशल मीडिया के प्रकाशकों को एक एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया, आचार संहिता) नियम, 2021 का हवाला दिया गया है, जो ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए एक आचार संहिता और इसके उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए तीन स्तरीय संस्थागत तंत्र प्रदान करता है। आचार संहिता में अन्य बातों के अलावा ओटीटी प्लेटफार्मों को ऐसी किसी भी सामग्री को प्रसारित नहीं करने पर जोर दिया गया है जो कानून द्वारा निषिद्ध है। इसके साथ 'ए' रेटेड कंटेंट को बच्चों के लिए निषेध करने का निर्देश दिया गया है, ताकि बच्चों को अनुचित सामग्री से बचाया जा सके।

# मैट्रिक पेपर लीक की सीबीआई जांच कराए राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

## शिक्षा मंत्री और जैक अध्यक्ष नैतिकता के आधार पर दें इस्तीफा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक मामले को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि पेपर लीक मामले में हेमंत सरकार ने झारखंड को फिर से शर्मसार कर दिया है। शायद यह पहली बार है कि झारखंड में मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरुवार सुबह से विज्ञान विषय का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। परीक्षा शुरू होने के बाद जब प्रश्न पत्र से मिलान किया गया तो हू-ब-हु मिल गया। कहा कि पूरी संभावना है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक करने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी ने ही मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक कांड को अंजाम दिया है। कहा कि जैक अध्यक्ष ने भी प्रश्न पत्र मिलने की बात स्वीकार की है, जबकि शिक्षा विभाग के अधिकारी लीपापोती करने में लगे हैं। कहा कि मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक की घटना अस्वीकार्य है। शिक्षा मंत्री और जैक अध्यक्ष नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपना इस्तीफा दें। राज्य सरकार इस पेपर लीक कांड के सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### पेपर लीक मामले पर पक्ष-विपक्ष ना करे भाजपा : कमल ठाकुर



जैक बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक मामले पर कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर ने कहा कि घटना से आहत हूं। झारखंड सरकार बच्चों के लिए संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी जिस प्रकार पेपर लीक मामले पर पक्ष-विपक्ष कर रहे हैं यह बिलकुल उचित नहीं है। पेपर लीक हुआ है इस पर कार्रवाई भी की जा रही है। बच्चों के भविष्य के साथ किसी को खेलने नहीं दिया जाएगा। वहीं प्रवक्ता कमल ठाकुर ने बाबूलाल मरांडी पर पलटवार करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी को पेपर लीक मामले में काफी कष्ट है तो केंद्र में जाकर सवाल करें कि आखिर क्यों आईआईटी के पेपर लीक होते हैं। गुजरात में ही पेपर लिक के मामले क्यों आते है। देश में केंद्र स्तर के लगभग 70 पेपर लीक करने में किसका हाथ था? उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अपने राज्य के बच्चों के लिए संवेदनशील है।

### पेपर लीक शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा धब्बा है : संजय मेहता



**रांची।** 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने पर आजसू नेता संजय मेहता ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए इसे शिक्षा तंत्र पर गहरा प्रहार बताया है। इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है और सरकार को इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। आजसू पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संजय मेहता एवं छात्र संघ के अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा की इस मामले की सीबीआई जांच की जानी चाहिए। साथ ही तीन दिनों में इसका भंडाफोड़ किया जाए। वहीं जैक अध्यक्ष से इस्तीफा लिया जाए। संजय मेहता ने कहा, यह पेपर लीक घोटाला झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा धब्बा है। मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।]

### दसवीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक मामले की हो निष्पक्ष जांच : अभाविप



**रांची।** राज्य में लगातार हो रही पेपर लीक की घटना राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत ही चिंताजनक है। विद्यार्थी इस प्रकार की घटनाओं से मानसिक रूप से तनावग्रस्त होते हैं, जिनका असर उनकी परीक्षा परिणाम पर भी पड़ता है। अभाविप झारखंड के प्रदेश मंत्री मनोज सोरेन ने कहा कि झारखंड अधिविध परिषद परीक्षाओं की सुचिता बरकरार रखने में असमर्थ है। एक तरफ झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य में शिक्षा की स्थिति को सुधारने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा नियुक्त जैक के अध्यक्ष अपनी पहली ही परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से आयोजित कराने में असफल रहे। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं राज्य की शैक्षणिक वातावरण के लिए चिंताजनक है। सरकार को विद्यार्थियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। अभाविप इस पूरी घटना की सीबीआई जांच की मांग करती है। इस तरह की कुसंगतियां जैक की क्षमता को उजागर करती है। अभाविप मांग करती है कि भविष्य में समस्याओं को रोकने के लिए जैक अपनी कार्य प्रणाली को

### मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण : अबुआ अधिकार मंच



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने मैट्रिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए सीबीआई जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हुए और अब मैट्रिक परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। यह उन मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय है जो पूरे वर्ष मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं। शुक्ला ने मांग की कि प्रश्न पत्र लीक करने वालों की पहचान कर निष्पक्ष जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाए, चाहे वे आम लोग हों या जैक से जुड़े अधिकारी ताकि राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर जनता का भरोसा कायम रहे।



### जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल पहुंचे रांची

**रांची।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को रांची के विकास भारती पहुंचे। जहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोमेंटो दे कर स्वागत किया। इस अवसर पर विकास भारती के प्रमुख अशोक भगत, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह , चतरा संसद कालीचरण सिंह, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, सहित कई लोग मौजूद रहे।

#### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गुमला में विकास योजनाओं की समीक्षा की, कहा

## पंचायत सचिवालय को सक्रिय मोड में लाएं

**मंत्री ने डुमरी स्थित सेनेटरी पैड सेंटर का किया निरीक्षण**

**योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गुरुवार को गुमला जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परिसदन में विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा, जल छाजन योजना, बेरोजगारी भत्ता योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत सचिवालय को पूरी तरह सक्रिय मोड में लाया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय स्थानीय प्रशासन की रीढ़ है और इसे प्रभावी रूप से संचालित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंचायत सचिव प्रतिदिन पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहें और वहां सुचारू रूप से कार्य संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी स्वयंसेवकों की भी पंचायत सचिवालय में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही गई, ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पंचायत स्तर पर ही मिल सके और उन्हें बार-बार ब्लॉक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पंचायत सचिवालयों में सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएं और जरूरतमंदों को इन फॉर्मों को भरने और सबमिट करने में पूरी सहायता दी जाए।

मंत्री ने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक श्रमिकों को इस योजना से जोड़ा जाए, ताकि रोजगार के अवसर बढ़ें और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। उन्होंने इस योजना के तहत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया और कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बेरोजगारी भत्ता योजना पर भी चर्चा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसे सुचारु रूप से संचालित किया जाए, ताकि बेरोजगार युवाओं को राहत मिले और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि युवाओं को रोजगार के अवसर मिले और वे अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकें।

बैठक के उपरांत मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने डुमरी प्रखंड का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट किशोरी अंतर्गत संचालित सैनेट्री पैड निर्माण सेंटर का निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्ता आधारित हो। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मी को किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं और समस्या का समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने गुमला जिले के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह जिला बेहतर कार्य कर रहा है और गुमला जिला अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक बने इसके लिए सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करे ।।

बैठक में डीआरडीए निदेशक विद्या भूषण, डीसीएलआर सह पंचायती राज पदाधिकारी राजीव कुमार, एसडीओ सदर राजीव नीरज, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### आयुष्मान योजना झारखंड सरकार की वित्तीय कुप्रबंधन का पहला शिकारः अजय साह



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस आयुष्मान भारत योजना का लाभ पूरे देश में जरूरतमंदों को मिल रहा है, उसी योजना को झारखंड सरकार बंद करने की तैयारी कर रही है। अजय साह ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी उस आदेश का उल्लेख किया, जिसमें आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने के नए नियमों का प्रावधान किया गया है। इस आदेश के अनुसार, अब केवल उन्हीं अस्पतालों को इस योजना के अंतर्गत शामिल किया जाएगा जो शहरी क्षेत्रों में कम से कम 50 बिस्तरों और ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 30 बिस्तरों की सुविधा रखते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि इस आदेश के लागू होने के बाद पूरे झारखंड में मुश्किल से 15 अस्पताल ही ऐसे रह जाएंगे, जो इस योजना का लाभ प्रदान कर पाएंगे। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार पूरी तरह वित्तीय कुप्रबंधन में फंस चुकी है, जिसके चलते विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में कटौती की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि स्वास्थ्य विभाग ने जानबूझकर ऐसे नियम बनाए हैं, जिनसे राज्य के अधिकांश अस्पताल इस योजना से बाहर हो जाएं, जिससे सरकार को योजना के फंड में कटौती करने का अवसर मिल जाए।अजय साह ने मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने छोटे अस्पतालों में कथित भ्रष्टाचार रोकने के लिए उन्हें योजना से बाहर करने की बात कही थी। उन्होंने मांग की कि सरकार उन अस्पतालों के नाम और उन पर की गई कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करे।

### ‘छावा’ फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार : डॉ अमरदीप यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने श्रीछत्रपति संभाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास पर बनी फिल्म ‘छावा’ को झारखंड में टैक्स फ्री करने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। डॉ अमरदीप यादव ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि फिल्म ‘छावा’ को मनोरंजन कर मुक्त किया जाए ताकि अधिक से अधिक झारखंडवासी विशेष रूप से युवा एवं विद्यार्थी वर्ग इस फिल्म को देखकर हिंदवी स्वराज के महानायक के गौरवशाली एवं संघर्षमयी इतिहास को जान सकें। राज्यवासी छत्रपति शंभाजी महाराज के जीवन से देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववाद की प्रेरणा लेंगे। पत्र में डॉ अमरदीप ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद उनके सुपुत्र हिंदवी स्वराज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले संभाजी महाराज की वीरता, ओजस्विता और साहस अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। औरंगजेब द्वारा छल-बल का उपयोग कर छत्रपति शंभूराजे एवं उनके मित्र कवि कलश को गिरफ्तार करने के बाद सब यातनाएं दी, दोनों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, किंतु स्वराज का भाव और हिंदू धर्म नहीं छोड़ा। इस फिल्म को अधिक से अधिक दर्शक देखे, इसलिए फिल्म को मनोरंजन कर मुक्त करना चाहिए। फिल्म टैक्स फ्री होगी तो टिकट दर सस्ती हो जाएगी, लोग आकर्षित होंगे और फिल्म देखने वाले दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अपने राज्यों में फिल्म ‘छावा’ को टैक्स फ्री करने की घोषणा की है और महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया है कि उनके राज्य में भी जल्द उक्त फिल्म को मनोरंजन कर मुक्त किया जाएगा।

### अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के संयोजक बने डॉ सूरज मंडल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल को अखिल भारतीय संपूर्ण क्रान्ति राष्ट्रीय मंच का झारखंड संयोजक नियुक्त किया गया है।गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय संयोजक राम प्रवेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न संपूर्ण क्रान्ति राष्ट्रीय मंच की बैठक में यह निर्णय लिया गया। साथ ही अन्य प्रदेशों में भी संयोजकों की नियुक्ति के साथ व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए डॉ मंडल ने कहा कि यदि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सम्पूर्ण क्रांति न होती तो भारतीय लोकतंत्र पर छाये खतरे के बाद स्वतंत्रता आंदोलन में देखे गए सारे सपने समाप्त हो जाते। डॉ मंडल ने कहा कि जेपी आंदोलन की भावनाओं को जिंदा रखना ही संपूर्ण क्रान्ति राष्ट्रीय मंच का सबसे प्रमुख मुद्दा है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए रूपरेखा एवं एजेंडा तैयार करना मंच का लक्ष्य है। मंच ने इसी क्रम में विविध राज्यों में राज्य संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा की गई जिसमें डॉ सूरज मंडल को झारखंड का संयोजक बनाया गया। इसके अलावा जग्गनाथ शहाने, अन्ना जी राजेदार, संजय राजेदार, सुभाष रामप्पायेवते, अजय भूजवल, भीमराव शंकरराव देवकर, सचिन विटल राव पाटिल, चन्द्र छावडा, लक्ष्मण सेव पाटिल, करीम भाई, डॉ प्रेम सुख सुराना, दीप चन्द्र शर्मा, संभागलाल नाहर, राजेन्द्र दीक्षित, करनी दान सिंह, बलवंत सिंह निडर, ओम प्रकाश वाधवा, महावीर भरद्वाज, तारकेश्वर सिंह, बजरंग सिंह, एम के मधु, ओम प्रकाश द्विवेदी, मोहन आर वालूवा आदि को विविध राज्य संयोजक अथवा अन्य पदों पर मनोनीत किया गया है।



### बीएसएल के डायरेक्टर सीएम से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डायरेक्टर -इन -चार्ज, बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (माइंस, सेल, बोकारो) विकास मनवटी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### आपकी हर परेशानी मेरी जिम्मेदारी : डॉ इरफान अंसारी



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। अपने दौरे में उन्होंने जनता से अपील की है कि वे इसी तरह अपना समर्थन और स्नेह बनाए रखें, जिससे वे और अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ जनता की सेवा में लगे रहें। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के साथ हर पल खड़ा हूं। मैं राजनीति में सेवा भाव से आया हूं, और यह सेवा सतत जारी रहेगी। आपकी हर परेशानी मेरी जिम्मेदारी है। मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार और प्रशासन जनता की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सीसीएल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केंद्र गांधीनगर ने गुरुवार को इचापीढ़ी गांव में निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 135 लोगों की निःशुल्क जांच की और डॉक्टरी सलाह दिया। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन का निःशुल्क जांच किया गया और दवा भी दिया गया। ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं। शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा सीएमओ, सी एसआर इंचार्ज, डॉ रजनी दीपा कुजूर, डॉ दीपाली, डॉ शिल्पी झा, डॉ वीणा सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### माता शबरी की जयंती भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई



**रांची।** माता शबरी की जयंती पर भाजपा कार्यालय में मनाई गई। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि माता शबरी प्रभु श्री राम की अनन्य भक्त होने का सौभाग्य प्राप्त किया। कर्मवीर सिंह ने कहा माता शबरी का असली नाम श्रमणा था वो भीलों के राजा की बेटी थीं। माता शबरी के मन में प्रभु राम के प्रति बहुत स्नेह था।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री को सुदेश महतो ने दी शुभकामनाएं



**रांची।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने सरकार का गठन किया, जिसमें रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। इस भव्य समारोह में मंत्री परिषद के अन्य सदस्यों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने नव नियुक्त मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्रिमंडल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में आशा व्यक्त की कि नई सरकार दिल्ली के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक हितों की रक्षा करते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित प्रयास करेगी।

## सभी उपायुक्त कैलेंडर बना कर कार्यों का करें निपटारा : अलका तिवारी

#### मुख्य सचिव ने जिला स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बना कर करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने जिला स्तर पर विभिन्न कारणों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बना कर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने राज्य के तमाम उपायुक्तों को कहा कि वे कैलेंडर बना कर कार्यों का निपटारा करें। कैलेंडर के अनुसार विभिन्न मसलों से जुड़ी बैठकें करें। उसकी रिपोर्ट ससमय विभागों को दें। इससे जहां योजना क्रियान्वयन में गति आएगी वहीं विभागों को भी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बाधित होने से उसमें खर्च हुई राशि का लाभ भी राज्य को नहीं मिल पाता है, इसलिए योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आ रही समस्या के समाधान पर फोकस करें। वे गुरुवार को विभिन्न विभागों की उन योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं, जो जिला स्तर पर इस या उस कारण से बाधित हैं, अथवा लेटलतीफी के शिकार हैं।

**योजनाओं को पूर्ण करने में आ रही रुकावटों को जल्द से जल्द दूर करें**

मुख्य सचिव की समीक्षा में उजागर हुआ कि अधिकांश योजनाओं की प्रगति 70 से 80 प्रतिशत तक हो चुकी है और बाकी बचे काम को पूर्ण करने में रुकावटें आ रही हैं। मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग की रांची शहरी सीवरेज स्कीम, वाटर सप्लाई स्कीम और पम्पिंग स्टेशन के क्रियान्वयन में जमीन को लेकर आ रही समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान का निर्देश दिया। रांची के उपायुक्त ने अधिकांश मामले में समाधान होने की जानकारी दी। उसी तरह रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, साहिबगंज, सरायकेला-खारसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू और बोकारो में शहरी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जमीन की समस्या सामने आयी। उपायुक्तों को विशेष पहल कर जमीन की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया कि नल से जल योजना द्वारा प्रत्येक घर को जोड़ने और शौचालय बना गांवों को ओडीएफ घोषित करने की स्थिति लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन गांवों में चार-पांच घरों के इस योजना से आच्छादित नहीं होने से योजना अपूर्ण रह जाती हैं। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को अतिरिक्त रुचि लेकर इस कार्य को यथाशीघ्र संपन्न कराने को कहा।

**उपायुक्त संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए समस्याओं को दूर करें**

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि विभिन्न जिलों में डिग्री कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय अभियंत्रण कॉलेज निर्माण के लिए जमीन की समस्या बनी हुई है। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा क्वालिटी एजुकेशन के लिए संपर्क फाउंडेशन की सहायता से चयनित स्कूलों में उपलब्ध कराए गये संसाधन के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि यह राज्य के हित में होगा।

**कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं को समय पर पूर्ण करें**

कृषि विभाग से जुड़ी पीएम किसान योजना, बिरसा ग्राम सह समेकित पाठशाला, बिरसा-पीएम फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, आइसीडीपी एवं डीसीडीसी की समीक्षा के दौरान पाया गया कि फसल बीमा योजना के लिए वास्तविक जमीन से अधिक जमीन पर बीमा का आवेदन दिया गया है।

# महावीर चौक में लगी आग लाखों के सामान जल कर राख

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के अपर बाजार के महावीर चौक स्थित शर्मा टॉवर मे भीषण आग लग गई है। यह घटना गुरुवार की सुबह की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आग लगी में तीन दुकाने बुरी तरह जल गई लाखों का नुक्सान हो गया। शर्मा टावर भी बुरी तरह ध्वस्त हो गया। हालांकि आगलगी में किसी के जान की हानि नहीं हुई है। आगलगी में पायल होजिरी नामक दुकान जिनके संचालक हरजीत सिंह बेदी हैं उन्होंने बताया आग लगी में करीबन 55 लाख का नुक्सान हुआ है। वहीं समीर बेदी, पायल गारमेंट्स के संचालक है उन्होंने बताया लगभग 75 लाख का सामान जल गया है। वहीं शर्मा टॉवर में ही स्थित रांची होम फर्निशिंग की संचालक शोभा देवी ने बताया करीबन 54 लाख का सामान जल गया हैं। जलने वाली तीनों दुकानों में पायल होजिरी और पायल गारमेंट्स का इन्सुरेंस था लेकिन रांची होम फर्निशिंग नहीं था। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची है। बिल्डिंग में आग कैसे लगी, इसका कारण अभी तक सामने नहीं आया है. हालांकि पुलिस के द्वारा बताया गया कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट है।

### फायर फाइटर्स ने जान पर खेल बुझाई आग

आग लगने की सूचना पर पहुंचे फायर फाइटर ने अपनी जान पर खेलकर आग पर काबू पाना शुरू किया। फायर फाइटर्स सीढ़ी के सहारे अलग-अलग तल्ले पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में लगे रहे। ऊपर तल्ले में आग धधक रहा था और उसके नीचे फायर फाइटर्स आग बुझाने की कोशिश में जुटे रहे।




### 8 घंटे बाद बुझी आग

सुबह 7 बजे से मशक्कत शुरू हो गई। 3 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। आग पर काबू पाने में कुल 8 घंटे लग गए। इस आग में पायल होजियरी एंड टेक्सटाइल्स के संचालक आग पर काबू पाने में रांची के विधायक सीपी सिंह और पूर्व पार्षद सुनील सिंह मामा की अहम भूमिका रही। यदि नगर निगम से टैंकर नहीं आता, तो आग पर काबू पाना मुश्किल था। स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार की सुबह रांची में बारिश के साथ बिजली भी लगातार कड़क रही थी। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट होने की वजह अपर बाजार के महावीर चौक स्थित शर्मा काम्प्लेक्स में अचानक आग लग गई। जब आग की लपटें और धुआं लोगों को दिखाई दिया तब उन्हें यह जानकारी मिली कि शर्मा मार्केट में आग लग गई है। इसके बाद तुरंत कोतवाली पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। आधे घंटे के भीतर फायर बिग्रेड की टीम छह दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई।



## पूर्व प्राचार्य ने एसएस मेमोरियल कॉलेज को अपनी पुस्तकें दान की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएस मेमोरियल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने अपने सम्पूर्ण जीवन काल में अर्जित रसायन विज्ञान, गणित और अर्थशास्त्र की पुस्तकों को एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा को कॉलेज के पुस्तकालय के लिए समर्पण किया। यह पुस्तक कॉलेज के विद्यार्थियों को अध्ययन अध्यापन में काम आ सके। यह पाठ्य पुस्तक समर्पण कार्यक्रम में डॉ आरएन सिंह, डॉ संजय कुमार षाड़ंगी, डॉ सुबास साहु का काफी सहयोग । कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने पूर्व प्राचार्य डॉ सुशील कुमार सिन्हा को धन्यवाद दिया। वहीं कहा कि उनके जीवन में यह पहला अनुभव है कि सेवानिबृति के बाद कोई प्राचार्य अपने सम्पूर्ण पुस्तकों को छात्र हित में कॉलेज के पुस्तकालय के लिए दान कर दिए। इस प्रकार के महान कार्य से लोगों को भी प्रेरणा मिलता है। पूर्व प्राचार्य डा.सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों को लग्न और मेहनत से छात्र अध्ययन करेगें, जिससे छात्र-छात्राओं का बौद्धिक विकास होगा, लग्न और मेहनत से ही एक सफल नागरिक बन सकते हैं। उनके जीवन का अब यही सदकर्म है। कई स्थानों में वे जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण कर चुके हैं भविष्य में भी यदि कोई जरूरत हो तो सहयोग के लिए आगे रहेंगे।

**कौन हैं डॉ.सुशील कुमार सिन्हा :** डॉ.सुशील कुमार सिन्हा सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य पद से सेवानिवृत हुए हैं। इसके पूर्व 1985 में गढ़वा महाविद्यालय गढ़वा व चक्रधरपुर महाविद्यालय, में रसायनशास्त्र विषय के प्राध्यापक के रुप में योगदान दिए थे। रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में प्रोफेसर इचार्ज के रुप में योगदान दिए। एसएस मेमोरियल महाविद्यालय से वे 2022 में सेवानिवृत हो गए। अब यथास्थान गरीब छात्र छात्राओं का मदद करते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### श्री सर्वेश्वर महादेव शिव बारात आयोजन को लेकर बांटी गई जिम्मेदारियां



**रांची।** श्री सर्वेश्वर महादेव शिव बारात आयोजन समिति रांची के तत्वाधान मे महाशिवरात्रि पर भव्य रूप से शिव बारात सह जीवंत शोभायात्रा झांकी निकाली जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों की बैठक श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर हेसल मे अयोजित की गई। इस बैठक में समिति के पदाधिकारी मौजूद हुए। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा, स्वागत, प्रसाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा जागरण प्रभारी की जिम्मेदारी बांट दी गई। इसके पूर्व इस वर्ष के सभी पदाधिकारी को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। बैठक में जिन पदाधिकारी की उपस्थिति रही उनमें पुरुष समिति से मुख्य आयोजन प्रभारी विनोद कुमार साहु, मुख्य संरक्षक नीरज कुमार एवं मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष प्रवीण सिंह, कोषाध्यक्ष बबलू सिंह, प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा। वहीं महिला समिति से अध्यक्ष रागिनी देवी, कार्यकारी अध्यक्ष कुमारी अनिता, उपाध्यक्ष संगीता देवी, पुष्पा देवी, अंजना प्रियदर्शनी, सचिव नीतू गुप्ता, रजनी रंजन, आभा देवी,सीमा देवी, सह कोषाध्यक्ष प्रतिभा कुमारी, प्रचारक मधु देवी, गुंजा देवी, सक्रिय सदस्य कुमारी शीला, चंद्रकांता व नीलम उपस्थित थीं।

### जनजातीय समाज की मुन्नी गुरकी पंचतत्व में विलीन, अनाथ से हुई सनाथ



**रांची।** लोहरदगा की रहने वाली एक जनजातीय महिला मुन्नी गुरकी जो असन्तुलित मानसिक अवस्था में 21 वर्ष पूर्व ( वर्ष 2004 ) में लोहरदगा की सड़कों पर घूमती हुई मिली थी। उसको वाहन से उठाकर रांची स्थित निर्मल हृदय आश्रम में लाकर रखा गया और उसका मानसिक इलाज करवाया गया। चार वर्ष पूर्व वह स्तान कैंसर से पीड़ित हो गई, निरन्तर आश्रम में उसकी चिकित्सा हुई। अन्ततः कैंसर से उसका निधन हो गया। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि उनकी आयु 68 वर्ष थी और उसका घरवालों से कोई सम्पर्क नहीं रहा था, उसके नाते रिश्तेदारों का भी कोई अता पता नहीं था। उसके शवदाह के लिए विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग की ओर से रांची लायंस क्लब रांची की अनाथ दिव्यांग लोगों के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह से आग्रह करने पर क्लब के सभी सदस्य इस मानवीय सेवा के लिए मुन्नी गुरकी के दाह संस्कार के लिए तैयार हो गए। स्वर्गीय मुन्नी गुरकी के पार्थिव देह को पूरे सम्मान के साथ हरमू स्थित मुक्ति धाम लाया गया। चिता को जनजातिय समाज के विजय मिंज उनके दोनों पुत्र आशीष मिंज और अभय मिंज ने तैयार किया। पार्थिव देह को पंचतत्व में विलीन करने के लिए विधिवत वैदिक रीति से सभी संस्कार मुक्ति धाम हरमूघाट पर किया गया। स्वर्गीय मुन्नी गुरकी को अंतिम विदाई देने के लिए लायंस क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, लायन राजेश चौधरी, लायन हरविंदर सिंह 'वीर', लायन जसवीर खुराना, लाइन सुबोध वर्मा और क्लब के बहुत से सदस्य, विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी, प्रांतिय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मुंडा, ग्राम काटम कुल्ली पिठूरिया से मनोज मुंडा, कांके से जितेंद्र महतो, कांके से बहुत से जनजातिय समाज के लोग, सृजन हेल्प परिवार रांची के संजय कुमार, नारनौलीय अग्रवाल सभा से राजेश अग्रवाल और उनके कई मित्र, अपर बाजार से कृष्ण कुमार गाड़ोदिया, राधेश्याम शर्मा, कांके रोड से ओम प्रकाश सर्राफ वा मारवाडी समाज के बहुत से लोगों ने मृतक की आत्मा की शान्ति के लिए विनम्र भाव से श्रद्धांजलि दी।

## सशस्त्र सीमा बल की बस से बाइक की टक्कर, दो लोगों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के खूंटी-तमाड़ रोड पर जारंगा सारना मोड़ स्थित सशस्त्र सीमा बल की बस और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक और युवती की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद बस सड़क के किनारे में गड्ढे में घुस गई। घटना गुरुवार की शाम छह बजे की है। मृतक की पहचान अड़की निवासी 20 वर्षीय सोमवारी कुमारी और जरंगा निवासी 22 वर्षीय श्रीकांत लोहरा के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार पीपीके कॉलेज बुंडू की छात्रा सोमवारी कुमारी कॉलेज से घर लौट रही थी। पैसेंजर गाड़ी से सिंदरी बाजार तक आने के बाद बाइक सवार से लिफ्ट लेकर अड़की जा रही थी। रास्ते में बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही अड़की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घटना की जानकारी दोनों मृतकों के परिजनों को दे दी गई है।

### प्रथम जेपीएससी भर्ती घोटाला

## आरोपी अफसर अरविंद कुमार लाल समेत पांच को झटका, याचिका खारिज




**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड अरविंद कुमार लाल समेत 5 आरोपियों को अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं साधना जयपुरिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे आरोपियों को जबरदस्त झटका लगा है। आरोपियों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। अदालत ने 17 फरवरी को सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकतार्ओं को एक भ्रष्ट चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त किया गया है। कथित तौर पर कई योग्य उम्मीदवारों को वंचित करके उनके चयन के लिए पक्षपात किया गया है। उनकी निर्दोषता का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा भादवि की धारा 467 के तहत सात साल से अधिक कारावास के साथ दंडनीय है। आरोपियों ने पिछले दिनों अग्रिम जमानत का गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

### आज / कल




## डीपीएस के वार्षिकोत्सव में प्रेप के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सर्वकाल से विकास केंद्रीत दृष्टिकोण से परिपूर्ण दिल्ली पब्लिक स्कूल के विवेकानंद सभागार में गुरुवार को कक्षा नर्सरी तथा प्रेप के विद्यार्थियों ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 'बोगनविलिया' की अद्भुत प्रस्तुति की गई। नर्सरी के विद्यार्थियों ने 'गिगल्स' शीर्षक के अंतर्गत बाल्यकाल को प्रोत्साहित करती भावनाओं तथा उनके कोमल मन को प्रसन्न करते विभिन्न क्रिया-कलापों को संगीत तथा नृत्य में समेकित कर लय, सुर तथा ताल के साथ प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मुग्ध कर दिया। वहीं प्रेप के छात्र-छात्राओं ने 'हाइलैंडर्स' नामक शीर्षक से अपने कार्यक्रम को इंडोर तथा आउटडोर गेम्स के विविध संदर्भों से जोड़कर अपनी प्रस्तुति को एक अद्वितीय परिभाषा प्रदान की। उनके कार्यक्रम में कबड्डी, लूडो आदि विभिन्न खेलों को रेखांकित करते हुए जीवन में उनके चिरकालिक महत्व को बखूबी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत तथा तमसो मा ज्योतिर्गमय की भावना से अभिभूत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । इस विशिष्ट अवसर पर विद्यालय पत्रिका डिप्स टाईम 2023-24 का भी लोकार्पण किया गया जो विद्यार्थियों की उपलब्धियों तथा उनकी मौलिक रचनात्मकता को प्रस्तुत करने में सराहनीय भूमिका निभाता है। कार्यक्रम की शोभा तथा विशिष्टता बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद अर्शी, विशिष्ट अतिथि बादल राज उपस्थित थे। विद्याथियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अभिभावक, शिक्षक, विद्यार्थी तथा प्रेस और मिडिया जन भी मौजूद थे।

### छात्र संघ चुनाव नहीं होने से छात्र नेता गुस्से में, कहा

# विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव नहीं होने से छात्रों का आवाज दबाया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता रांची।** राज्य के विश्वविद्यालयों में छात्र संघ का चुनाव लंबे अरसे से नहीं हुआ है। इस कारण विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष छात्रहित की बात करने वाला कोई नहीं है। ऐसे में छात्र नेताओं में आक्रोश है। वहीं सभी ने एक स्वर में छात्र संघ चुनाव अविलंब कराने की मांग की है। छात्र नेताओं ने कहा कि 2018 में आखिरी बार छात्र संघ चुनाव हुआ था। इसके बाद से चुनाव नहीं हुआ। 2022 में रांची विश्वविद्यालय में चुनाव के लिए सुगबुगाहट हुई थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण चुनाव नहीं हो पाया। छात्र नेताओं ने कहा कि कायदे से प्रतिवर्ष छात्रसंघ चुनाव होना चाहिए।

### जैसे देश में जनप्रतिनिधि जरूरी, वैसे ही विश्वविद्यालय में छात्र प्रतिनिधित्व जरूरी : अभिषेक



अबुआ अधिकार मंच के छात्र नेता अभिषेक झा ने कहा कि विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव न होना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। जैसे देश में जनप्रतिनिधि जरूरी हैं, वैसे ही विश्वविद्यालय में छात्र प्रतिनिधित्व अनिवार्य है। प्रशासन अनुशासन का बहाना बनाकर छात्रों की आवाज दबा रहा है, जो गलत है। चुनाव ही छात्रों के हितों की रक्षा और नेतृत्व विकास का माध्यम हैं। अगर सरकार और प्रशासन निष्पक्षता का दावा करते हैं तो फिर चुनाव से डर क्यों? हम शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखेंगे और छात्र संघ चुनाव बहाल करवाकर ही दम लेंगे। लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व अनिवार्य है— चाहे वह देश का हो या विश्वविद्यालय का। जब छात्र प्रतिनिधि होते हैं तो वे सीनेट और सिंडिकेट की बैठकों में छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाते हैं।

### छात्र संघ का चुनाव नहीं होने से छात्रों की परेशानियां बढ़ी : दुर्गेश यादव



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के पूर्व मीडिया संयोजक दुर्गेश यादव ने कहा छात्र संघ का चुनाव बेहद जरूरी है। छात्र संघ चुनाव होने से छात्रों को उनका प्रतिनिधि मिलता है जो परेशानियों को उठाता है। उन्होंने कहा छात्र संघ का चुनाव नहीं करवाने के पीछे विश्वविद्यालों की क्या मनसा है, यह कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव नहीं होने से सीनेट व सिंडिकेट की बैठक नहीं हो रही है। वहीं चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों की मुश्किलें बढ़ गई है। विश्विद्यालय की अनदेखी और सरकार की उदसीनता के कारण कई छात्र, छात्र संघ के चुनाव से दूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा छात्रसंघ चुनाव से भविष्य की राजनीति तय होती है। छात्रहित में आवाज उठाई जाती है और छात्रों को एक ऐसा प्लेटफार्म मिलता है जहां से वे सीधे तौर पर विवि और महाविद्यालयों के उच्च पदस्थों तक अपनी आवाज आसानी से पहुंचा पाते हैं। छात्र संघ के चुनाव नहीं होने से भ्रष्टाचार बढ़ता है।

### छात्र प्रतिनिधि नहीं होने से विश्वविद्यालयों में हो रही धांधली : अभिषेक शुक्ला



अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने कहा कि छात्र संघ के चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों को उनका प्रतिनिधि नहीं मिला रहा। प्रतिनिधि ना होने के कारण विद्यालय और छात्रों के कई मुद्दें और परेशानियां सामने नहीं आ पाती है जो कि पिछले 6 वर्षों से होते आ रहा है। उन्होंने कहा छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से चुनाव क्यों नहीं करवाए जा रहे पूछे जाने पर गोल मटोल जवाब दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चुनाव नहीं होने से सबसे ज्यादा छात्रों को परेशानी होती है। उनकी शिकायते और परेशानियों को नहीं सुना जाता है। अभिषेक ने कहा कि सिर्फ ईमारत को चमकाने से विश्वविद्यालय बेहतर साबित नहीं हो जाता है। विश्वविद्यालय के ग्रेड अच्छे ना होने के पीछे छात्र संघ का चुनाव ना होना भी है। उन्होंने कहा कि पहले छात्र संघ के चुनाव के लिए बच्चों से 10 रुपए वसूले जाते थे लेकिन अब प्रबंधन मनमाने ढंग से 100 रुपए वसूलती है। छात्रों के प्रतिनिधि ना होने का सीधा फायदा विश्विद्यालय प्रबंधन को मिल रहा है।

### छात्रहित के लिए जरुरी है छात्र संघ का चुनाव : अभिषेक झा



टेक्निकल छात्र संघ के नेता अभिषेक झा ने कहा चुनाव का होना तो जरुरी है लेकिन कुलपतियों के धांधली के आगे चुनाव नहीं हो पा रहा है। इसे सीधे तौर पर विश्वविद्यालय का भ्रष्टाचार कहा जा सकता है। चुनाव नहीं करवाने के पीछे बस यही वजह हो सकती है कि छात्रों के परेशानियों को उठाया ना जा सके और प्रबंधन के भ्रष्ट किरदार को सामने ना लाया जा सके। विश्वविद्यालयों में प्रबंधन के डर और धांधली के कारण छात्र भ्रष्टाचार के शिकार हो रहे हैं। यदि प्रतिनिधि होते तो छात्रों की हर परेशानी को उठता और शायद एजुकेशन सिस्टम को भ्रष्टाचार से दूर रखता। प्रबंधन को चुनाव करवाना चाहिए। छात्रहित के लिए यह बेहतर कदम साबित होगा।



## एक नजर

### बीएयू ब्लास्टर्स 6 विकेट से जीता



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्टू मैदान में गोस्वामी सीए बनाम बीएयू ब्लास्टर्स के बीच खेला गया। गोस्वामी सीए ने 28 ओवर में आठ विकेट पर 131 रन बनाया। ज्ञानेश एन गुप्ता ने 17 रन बनाया। वहीं दिव्यम तिग्गा ने 3 विकेट लेकर 24 रन व उन्नत सरावगी ने 18 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी बीएयू ब्लास्टर्स ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 132 रन बनाया। कर्तव्य जैन ने सर्वाधिक 21रन बनाया। बीएयू ब्लास्टर्स 6 विकेट से जीता।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई अफीम की खेती के दुष्परिणाम की जानकारी

**खूंटी।** जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को अड़की प्रखंड के सिंदरी समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए।

# ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ी बारिश ने उम्मीदों पर फेर दिया पानी



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो** गुरुवार की सुबह मांडर और चान्हो प्रखंड के कुछ गांव के लिए काल बनकर आई। गुरुवार की सुबह हुई बारिश के साथ ओला वृष्टि में मुरजुली, कैम्बो, बांसजाड़ी और दजीर्जाड़ी समेत कई गांव में ओलावृष्टि हुई। जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो गई। किसान बहुत ही उम्मीद के साथ खेती करते हैं और फसल तैयार होने की आशा करते हैं साथ ही उससे होने वाले आए का अनुमान लगाकर अपनी योजनाएं भी बनाते हैं लेकिन 15 मिनट के हुई बारिश ने उनके आशाओं पर पानी फेर दिया। लगभग 15 मिनट तक लगातार हुई ओलावृष्टि ने आलू, मटर, प्याज, गेहूं, सरसों जैसे सभी फसलों को जमींदोज कर दिया। इतनी ज्यादा ओलावृष्टि हुई थी कि सुबह के 5:00 बजे हुई ओलावृष्टि की बर्फ दिन के 12:00 तक खेतों में और घरों में जमी हुई थी। वहीं दूसरी ओर चान्हो के दमदमा बस्ती में ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि का सबसे अधिक प्रभाव मांडर प्रखंड के सरगांव और मुरजूली के किसानों को उठाना पड़ा है। यहां लगी गेहूं, मटर, प्याज, सरसों, आलू सभी फसले पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। गांव के लोगों ने बताया कि इतनी ज्यादा बर्फ गिरी थी कि दिन के 12:00 बजे तक जमीन सहित घर के छप्पर पर भी बर्फ की मोटी चादर जमी हुई थी। ओलावृष्टि के कारण तैयार हुई फसलें तो नष्ट हुई ही इसके साथ जिन किसानों ने टमाटर, गोभी, मिर्च जैसे फसलों का बिचड़ा तैयार किया था वह सभी पूरी तरह से नष्ट हो गई। ओलावृष्टि से जमी बर्फ के बाद घर के दरवाजे को भी खोलने में दिक्कत हो रही थी। कई बुजुर्गों ने बताया कि काफी उन्होंने अपने जीवन में इतनी भारी ओलावृष्टि कभी नहीं देखी थी। इस बबार्दी के बाद किस पूरी तरह टूट चुके हैं। उन्हें अब सरकारी सहायता की ही उम्मीद बची है। बारिश के बाद प्रमुख फिलीप सहाय एक्का ने नुक्सान का जायजा लिया।

# तनवीर, गोपाल व बिकेश बने विधायक प्रतिनिधि, लोगों ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** स्थानीय विधायक सुरेशकुमार बैठा ने खलारी के तीन वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अलग अलग विभागों के लिए खलारी प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जिनमें तनवीर आलम को राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, धमधमिया खलारी निवासी गोपाल सिंह को शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग व बिकेश सिंह विक्की को गृह, स्थानीय प्रशासन, सीसीएल एनके एरिया सीएसआर का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। नए दायित्व के लिए लोगों ने इन कार्यकर्ताओं को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में सुबोधकांत सहाय, सुरेशकुमार बैठा, गोपाल तिवारी, राजनसिंह राजा, राजेशसिंह मिंटू, इंदिरा देवी, अब्दुल्ला अंसारी, मंतोष रजक मोनू, रोशन लाल, अरविन्द सिंह, रंजनसिंह बिट्टू, रमेश चौहान, रवींद्रनाथ चौधरी, श्यामजी महतो, मनोज भुइयां, जावेद अंसारी, बाबू खान, प्रकाश कुजूर, राजा केशरी, पारसनाथ उरांव, फिरोज आलम, इकबाल खान, सुरेन्द्र चौहान, टुन्नु साव, सलामत अंसारी, बबलु उर्फ अजय, विनय राम, भोला यादव, भेंटन यादव, आशीष यादव, मारूति देवी, सुधा झा, सुमन देवी, अनिता पासवान आदि शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### प्रदीप टोप्पो बनाए गए झामुमो खलारी पंचायत के अध्यक्ष



**खलारी।** खलारी प्रखंड झामुमो संयोजक मंडली की बैठक खलारी पंचायत भवन में हुई। अध्यक्षता खलारी संयोजक प्रमुख अनिल पासवान ने की। बैठक में खलारी पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया तथा सर्वसम्मति से खलारी पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रदीप टोप्पो, उपाध्यक्ष इस्लाम अंसारी, नसीमुद्दीन अंसारी, प्रह्लाद प्रसाद, विजय गोप, सचिव अजय सिंह, सहसचिव वीरेंद्र गंझू, संगठन सचिव सुनील मुंडा, कोषाध्यक्ष रोहित मुंडा, सह कोषाध्यक्ष आफरीन परवीन, कार्यकारिणी सदस्य में रंजीत टोप्पो, बुला अंसारी, मंटू लोहार, बिन्दु तिग्गा, जेरोमनी टोप्पो को रखा गया है। संचालन राजेश गोप ने किया। बैठक में कलीम रिजवी, रंथु उरांव, छोटु राम, जैनुल खान, सुनील यादव, चितरंजन सिंह, रितम कुमारी, सुराया बानो, चंदा देवी, माया देवी, सुशील मुंडा, हैदर अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन



**चान्हो।** प्रखंड संसाधन केंद्र चान्हो गुरुवार को में एकदिवसीय एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिव्यांग बच्चों में आत्म सम्मान बढ़ाने एवं दिव्यांगता की परवाह किए बगैर उनकी योग्यता को निखारना है। जिससे दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह पप्रतिस्पर्धा कर सके। इस में प्रखंड के आठ विद्यालय समेत निकटवर्ती विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुए। इसमें चित्रांकन प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि किया गया। मौके पर रिसोर्स शिक्षिका पद्मा कुमारी मौजूद थी।

### महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए जत्था रवाना




**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिंगपुर और महुआडीह से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम में आस्था के डुबकी लगाने के लिए जत्था मुरी जंक्शन से संबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुए। जत्था में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल थे। डुबकी लगाने को लेकर सभी में काफी उत्साह और जोश देखा गया। जत्था प्रयागराज के संगम में डुबकी लगाने के बाद मैहर (मध्य प्रदेश) में मां शारदा भवानी का दर्शन करने के पश्चात विंध्याचल और बनारस में काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। बताते चलें की महाकुंभ मेला हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्यौहार है साथ ही खगोलीय घटनाओं के आधार पर आयोजित होता है। हिंदू धर्म में महाकुंभ मेले में संगम में डुबकी लगाने का रिवाज है जिसको सनातन धर्म के लोग अपनाते हैं। मान्यता है कि महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने से कई गुना ज्यादा पुण्य की प्राप्ति होती है। महाकुंभ में साधु, संत, ऋषि और योगी ध्यान और साधना करते हैं।

### शहीद जयप्रकाश उरांव की जयंती मनाई गई



**चान्हो।** प्रखण्ड के जयपुर गांव में शहीद जयप्रकाश उरांव जयंती समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन पोटे उरांव, रिझु उरांव, पुजार मुंशी उरांव ,सुकरा उराव ने विधिवत अन्ना अद्दी प्रार्थना पूजा अर्चना के साथ किया। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। जिससे मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व बिधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि देश के लिए जान देने वालों को देश हमेशा याद करती है। वह मरकर भी अमर हो जाते हैं। हमें शहीद जयप्रकाश से सीख लेनी है और देश के हित के लिए हमेशा खड़ा रहना है।मौके पर शहीद की धर्मपत्नी एमा संगीता उरांव, समाजसेवी सुनील उरांव, अनीता उरांव, एतवा उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में बंधु तिर्की बरी



**रांची।** कांग्रेस नेता बंधु तिर्की को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े छह वर्ष पुराने एक मामले में एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने गुरुवार को बंधु तिर्की को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इससे पहले सोमवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का 313 का बयान दर्ज किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सिल्ली विधानसभा के उप चुनाव के दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अनगड़ा थाना क्षेत्र में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ी कहा था। उसी रैली में सुदेश कुमार महतो को नाभि में तीर मारने का बयान भी बंधु तिर्की ने दिया था। इसके बाद उनके संबोधन को लेकर राहे की तत्कालीन सीओ ने अनगड़ा थाना में 7 जून 2018 को बंधु तिर्की के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बंधु तिर्की पर छह जुलाई 2022 को आरोप गठित किया गया था।

मजदूरों को साप्ताहिक अवकाश नहीं दे रही मधुकॉन कंपनी

# खलारी की जिप सदस्य ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी पूर्वी की जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन ने मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा श्रम कानून की अनदेखी करने पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मालूम हो कि सीसीएल के एनके एरिया में मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड साइलो का निर्माण कर रही है। इस प्रोजेक्ट में करीब 500 मजदूर काम कर रहे हैं। शाल्या परवीन ने कहा है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा मजदूरों पर अत्याचार व शोषण किया जा रहा हैं। यहां काम कर रहे मजदूरों को साप्ताहिक अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है। कहा कि झारखंड श्रम विभाग द्वारा मजदूरों के लिए जो नियम बनाया गया है उसके अनुसार मजदूरो को हर माह चार दिन सवैतनिक छुट्टी मिलेगी। अवकाश के दिन का मजदूरो का वेतन नहीं काटी जाएगा। साप्ताहिक विश्राम के दिन काम करने पर मजदूर ओवरटाइम के हकदार होंगे। स्थिति यह है कि कंपनी द्वारा मजदूरों से प्रतिदिन लगातार 12 से 14 घंटा काम कराया जा रहा है। महीने में बिना अवकाश 30 दिन काम कराया जा रहा है। कंपनी प्रबंधन मजदूरों का हक नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री से आग्रह की है कि मजदूरों का हक दिलाने के लिए मधुकान कंपनी में श्रम कानून का पालन कराना सुनिश्चित कराया जाए।

# ऑटो के पलटने से चालक की हुई मौत, तीन लोग घायल, एक गंभीर



गांव के लोगों ने घायलों को मदद कर अस्पताल भेजा

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के बिरमकेल से मेहमानी जाकर वापस लौट रहे कर्रा थाना क्षेत्र के बडागाई सरदुला की ऑटो असंतुलित होकर गुरुवार की देर शाम लगभग 6:35 बजे पलट गई और ऑटो में सवार 25 वर्षीय चालक बीरबल उरांव (पिता दासु उरांव) की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कर्रा थाना क्षेत्र के बडागाईं गांव के रहने वाले बागे उरांव, बिरसा उरांव तथा अर्जुन महतो सहित तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर समाजसेवी रुपेश कुमार पाठक, पुजारी राजेश पाठक, राकेश पाठक, सुमन साहु, गगन साहु, भरत सिंह, सुशील उरांव, विरेंद्र उरांव, पवन साहु, संतोष सिंह, पप्पू सिंह सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा। रुपेश कुमार पाठक ने बताया कि बडागाईं गांव के रहने वाले चालक बिरबल उरांव, बागे उरांव, बिरसा उरांव तथा अर्जुन महतो मेहमानी के सिलसिले में लापुंग थाना क्षेत्र के बिरमकेल आए थे। मेहमानी से वापस लौटने के दौरान उनकी ऑटो तेज रफ्तार में होने के कारण सेमला मोड़ के पास असंतुलित होकर पलट गई। उन्होंने गांव वालों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर गांव वाले घटनास्थल पहुंचे और घायलों को मदद कर अस्पताल भेजा वहीं लापुंग पुलिस भी घटनास्थल पहुंची। लापुंग पुलिस शव का पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर लापुंग थाना पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को रिम्स भेजा जाएगा। फिलहाल खबर लिखे जाने तक ऑटो को भी ककरिया पुलिस पिकेट ले जाने की प्रक्रिया चल रही थी।

68वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2024-25

# डीजीपी ने झारखंड के गोल्ड एवं सिल्वर मेडल विजेताओं को किया सम्मानित



**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक ने अपने कार्यालय कक्ष में 68वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2024-25 के झारखंड पुलिस के विजेताओं को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि 68वीं ऑल इंडिया पुलिस डियुटी मीट 2024-25 प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 15 तक रांची में किया गया था। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से कुल 18 राज्य के प्रतिभागी एवं केंद्र शासित प्रदेश के 02 राज्य के प्रतिभागी एवं देश के अर्द्ध सैनिक संगठन के कुल-08 टीमों ने भाग लिया था। ऑल इंडिया पुलिस डियुटी मीट में झारखंड पुलिस को 01 गोल्ड एवं 04 सिल्वर कुल-05 मेडल प्राप्त हुआ, जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार कालिन्दी को फिंगर प्रिंट में गोल्ड मेडल, पुलिस अवर निरीक्षक रवि शंकर को फिंगर प्रिंट में सिल्वर मेडल व पुलिस अवर निरीक्षक नविता कुमारी महतो को मेडिको लिगल में सिल्वर मेडल, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक बलेन्द्र कुमार को पुलिस पोट्रेट में सिल्वर मेडल एवं सहायक पुलिस अवर निरीक्षक महेन्द्र महतो को (डॉग-एरिक) ट्रैकर में सिल्वर मेडल प्राप्त किए। इस उपलब्धि के उपरांत पुलिस महानिदेशक, ने सभी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### चेसिस और डाक पार्सल गाड़ी में टक्कर, 1 की मौत

**खूंटी।** खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर फूदी मोड़ के समीप गुरुवार को टाटा कंपनी की नई चेसिस और डाक पार्सल गाड़ी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चेसिस चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना में डाक पार्सल गाड़ी का चालक भी मामूली रूप से घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार टाटा की नई चेसिस जमशेदपुर से रांची की ओर जा रही थी, जबकि डाक पार्सल गाड़ी रांची से खूंटी की ओर आ रही थी। घटनास्थल के समीप दोनों के बीच सीधी टक्कर हो गई। टक्कर से चेसिस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक स्टेरिंग के पास फंस गया, जबकि डाक पार्सल गाड़ी सड़क किनारे पलट गया। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और चेसिस में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद निकालकर इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा।

82वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप

# रेल कोच फैक्टरी कपूरथला ने 10-1 से रेल व्हील फैक्टरी बैंगलोर को हराया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ ने हटिया स्थित सेरसा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 82वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप 2024-25 (लीग चरण) का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुवार को इस चैंपियनशिप के अंतर्गत रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला एवं रेल व्हील फैक्टरी, बैंगलोर के बीच, हटिया स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में मैच खेला गया। इस मैच में रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला ने 10-1 गोल के अंतर से रेल व्हील फैक्टरी, बैंगलोर को पराजित कर एक बड़ी जीत दर्ज की। मैच के दौरान वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी श्री राजा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ब्रजेश साहू, मंडल रेल प्रबंधक के निजी सचिव, (राजपत्रित) सह सहायक मण्डल क्रीडा अधिकारी आशुतोष कुमार सिन्हा, पूर्व राष्ट्रीय रेफरी (हॉकी) सुरेश कुमार, सेरसा रांची के सचिव ओम प्रकाश ठाकुर, भूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकि खिलाड़ी अलमा गुड़िया, असुंता लकड़ा, राजकुमारी बानरा, सुषमा के मींज एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक हॉकी स्टेडियम में मौजूद थे।

### बीआईटी लालपुर में ऑरोरा-25 का शुभारंभ




**रांची।** बीआईटी के लालपुर कैंपस में गुरुवार को ऑरोरा-25 का शुभारंभ संयुक्त निदेशक श्रीकृष्ण इंस्टीट्यूट सुनील पटनायक, डीन यूजी डॉ संजय झा और प्रो इंचार्ज डॉ प्रणव कुमार ने किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्टॉल लगाए। विभिन्न प्रतियोगिता व खेल में भाग लिया। संयोजक डॉ आशुतोष मिश्रा ने उत्साह बढ़ाया। डॉ वंदना भट्टाचार्य, डॉ आनंद, डॉ जीपी मिश्रा, डॉ वीके शर्मा, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# केडीएच परियोजना में डंपर में लगी आग, बाल-बाल बचा ऑपरेटर

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** सीसीएल एनके एरिया की केडीएच परियोजना खदान में शुक्रवार दोपहर एक होलपेक डंपर में आग लग गया। घटना अपराह्न 4 बजे की है। बताया गया कि आपरेटर दर्शन गंझू हालपेक लेकर डंपिंग यार्ड में आया था। इसी क्रम में डंपर के इंजन में आग लग गई। धुंआ देखकर आपरेटर गाड़ी से कूद गया। उसके बाद अन्य सीसीएलकर्मी व यार्ड चेकपोस्ट पर तैनात सीआईएसएफ जवान अमित कुमार की सूझबूझ से पास में खड़े वाहनो से तुरंत अग्निशमन यंत्र निकालकर डंपर की आग को बुझाया गया। घटना में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। समय रहते अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना हो सकता था।

### डकरा में हुए दुर्घटना में ओवरमैन का हाथ बुरी तरह हुआ जख्मी

इधर बुधवार को डकरा परियोजना में एक दुर्घटना में ओवरमैन सुभाष प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के संबंध में बताया गया कि खदान के एक बड़े मोटर का हाल ही में मरम्मत किया गया था। उसी मोटर के निकट सुभाष बैठक हुए थे। इसी बीच अचानक मोटर की ओर लगा ठंढा करने वाला पंखा शाफ्ट से खुल गया। हाई आरपीएम में घूमते समय पंखा के खुल जाने से पंखा अपना कवर तोड़ते हुए सुभाष के हाथ से टकरा गया। चक्र की तरह घूमते पंखे से सुभाष का दाहिना हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। आनन फानन में उसे डकरा सेंट्रल अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद रांची रेफर कर दिया गया। विद्युत मोटर का पंखा सामान्यतया स्वयं नहीं खुलता है। यह दुर्घटना मरम्मती के दौरान की गई लापरवाही का मामला है। डकरा व केडीएच में हुई दुर्घटनाएं प्रबंधन के सुरक्षा के प्रति सजगता पर सवाल खड़ा करता है।

पत्रकार सुरक्षा कानून, पेंशन योजना व स्वास्थ्य बीमा को लेकर जेजेए का राजभवन पर धरना

# पत्रकार पेंशन योजना लागू नहीं होने पर दायर होगी जनहित याचिका

*पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग पर बीएसपीएस दिल्ली के जंतर मंतर पर देगा धरना*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पत्रकारों पर लगातार बढ़ते हमले, पत्रकार पेंशन, स्वास्थ्य बीमा आदि मांगों को लेकर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) की झारखण्ड राज्य इकाई झारखण्ड जर्नालिस्ट एसोसिएशन(जेजेए) ने राजभवन के समक्ष गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णा नन्द भारती के आह्वान और अगुवाई में एक दिवसीय धरना दिया। इसके साथ ही झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णा नन्द भारती, बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन, राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्र राज्यपाल श्री गंगवार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गौर से सुना और उन्होंने पत्रकारों के संबंध में उठाए गए मुद्दों को मुख्यमंत्री तक अनुशंसा करने का आश्वासन दिया। पत्रकारों के इस महाधरना में झारखण्ड के सभी 24 जिलों के पत्रकारों ने एक स्वर में पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार पेंशन योजना एवं पत्रकार बीमा योजना लागू करने की मांग का समर्थन किया. धरना को संबोधित करते हुए झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रसाद ने कहा पिछले एक दशक से अधिक समय से मैं झारखण्ड जर्नालिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) के संघर्ष को बहुत करीब से देख रहा हूं. उन्होंने कहा कि पत्रकार पेंशन योजना के लिए झारखण्ड के अधिकारी मुख्यमंत्री को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। झारखड के पत्रकार पिछले 6 वर्षों से पेंशन की आस लगाए बैठे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लागू करने की बात भी की है पर इसे अबतक लागू नहीं किया है। वहीं पत्रकार स्वास्थ्य बीमा को लेकर उन्होंने कहा कि पत्रकारों को किसी बीमा की जरूरत नहीं है, उन्होंने कहा पत्रकार और उनके परिजनों के लिए झारखण्ड सरकार गोल्डन कार्ड जारी करे, जिसके माध्यम से सभी सदर अस्पताल एवं रिम्स में निशुल्क इलाज की व्यवस्था हो।

### नगर परिषद में नहीं हुआ छावनी परिषद का विलय 32 वार्ड में ही होगा चुनाव

**रामगढ़।** रामगढ़ में नगर निकाय चुनाव की तैयारी अधिकारियों के स्तर से लगभग पूरी हो चुकी है। अधिकारियों की इस तैयारी के बाद छावनी परिषद क्षेत्र के नेताओं का मेयर और पार्षद बनने का सपना टूट गया। नगर निकाय चुनाव में छावनी क्षेत्र का कोई भी नेता हिस्सा नहीं ले सकता हैं। नगर परिषद अपने ही 32 वार्ड में चुनाव संपन्न करने के तैयारी कर रहा है। इन्हीं 32 वार्ड में जातीय अध्ययन पूरा हुआ है और वोटर लिस्ट भी तैयार कर लिया गया है। जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी से संबंधित पूरा दस्तावेज निर्वाचन विभाग को भेज दिया। जिला प्रशासन द्वारा छावनी परिषद के आठ वार्डों में ना तो जातीय अध्ययन की प्रक्रिया पूरी की गई और ना ही चुनाव को लेकर किसी भी तरह की तैयारी की गई है। इसकी वजह भी साफ है की छावनी परिषद का नगर परिषद में विलय को लेकर अभी तक नोटिफिकेशन नहीं हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को लेकर वोटर लिस्ट को भी अपडेट कर लिया गया है।

## एक नजर

### खपरैल घर में लगी आग



**रामगढ़ ।** रतवे स्थित मोहरटांड के एक खपरैल घर में गुरूवार को शॉट सर्किट के कारण आग लग गई । इस सबंध में मिली जानकारी के मुताबुक मकान मालिक मो आलम अपने घर के बाहर बैठे थे। वहीं, पत्नी बकरी चराने गई थी। उसी दौरान घर के अंदर वाले कमरे में शॉट सर्किट हुआ और आग लग गई। लेकिन घर के मालिक को इसकी सूचना तब हुई जब धुंआ बाहर निकलने लगा। हो हल्ला होने के ग्रामीणों द्वारा मशीन व डेकची, बाल्टी से पानी डालकर आग को बुझाया गया। लेकिन तब तक घर के अंदर रखे टीवी, कपड़ा,खटिया, चावल, आलू के अलावे जरूरी कागजात जल गए।

### चुटूपालू घाटी के सभी लाईट चालू, दुर्घटना रोकने को लेकर होंगे कई काम

**रामगढ़।** जिले के चुटूपालू घाटी की सभी लाईट चालू हो गई है। साथ ही कई ब्लैक स्पॉट्स पर भी सड़क का विस्तार हो रहा है। इसे लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव सहित अन्य उच्चस्तरीय अधिकारियों से मिलकर उनके समक्ष विस्तारपूर्वक समस्याओं को रखा। साथ ही लिखित आवेदन सौंपते हुए उनसे इन सभी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुधार करते हुए काम करने का आग्रह किया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचोबीच अधिष्ठापित सैकड़ों स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण यह क्षेत्र के अंधेरे में डूबा रहता था।

### नईसराय में धूमधाम से मनेगी महा शिवरात्रि

**रामगढ़।** नईसराय में धूमधाम से महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इस दौरान 26 फरवरी को हवन, पूजन के साथ महाप्रसाद का वितरण होगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर नईसराय शिव मंदिर में मंदिर समिति सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नरेश महतो ने की। इस दौरान इस वर्ष भी भंडारा में प्रसाद पूड़ी और हलवा वितरण करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम के दिन बुधवार को सुबह 8 बजे पूजन, 12 बजे हवन समाप्ति के बाद दोपहर 2 बजे भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। समिति सदस्यों ने भंडारा के लिए आटा, घी, सूजी, रिफाइन, चीनी, काजू, किशमिश आदि सामग्री शिव प्रेमियों से सहयोग का आग्रह किया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद प्राप्त करने की अपील की गई। मौके पर मुख्य रूप से अरविंद जयसवाल, शंभू तिवारीआदि मौजूद थे।

मानव विकास संस्था ने कृषक गुरुकुल में एकदिवसीय प्रशिक्षण का किया आयोजन

# हम सभी किसानों को जैविक या प्राकृतिक खेती करनी चाहिए : प्रबंधक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** मानव विकास संस्था हजारीबाग के तत्वावधान में प्रखंड के बेलकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम चामुदोहर स्थित कृषक गुरुकुल में एकदिवसीय प्रशिक्षण 'जल एवं मिट्टी संरक्षण' का आयोजन किया गया। इस निमित प्रखंड कृषि तकनीकी प्रबंधक चिंताहरण पाठक ने सभी प्रतिभागियों को मिट्टी संरक्षण के लिए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिट्टी के क्षरण को रोकने के लिए हमें सबसे जरूरी पेड़ पौधों को लगाना होता है ताकि पेड़ पौधों के जड़ मिट्टी को पकड़ कर रखेगी और क्षरण होने से उन्हें बचाएगी। पहाड़ी क्षेत्रों में हमें सीढ़ीनुमा खेती करनी चाहिए ताकि मिट्टी का कटाव कम से कम हो और मिट्टी संरक्षित रहें। बताया कि हमारे जमीन की ऊपरी सतह ही उपजाऊ होती है और उसमें ही उर्वरा शक्ति पायी जाती है जो हमारे पौधों के लिए पौष्टिक आहार होती है। आजकल किसान अधिक उत्पादन के लिए रसायन खाद का प्रयोग करने लगे है जिससे मिट्टी से मिलने वाली सारी पौष्टिकता नष्ट हो जाती और मिट्टी अनुपजाऊ बन जाती है। हम सभी को जैविक खेती या प्राकृतिक खेती करनी चाहिए ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति निरंतर बनी रहे। कीटनाशक रसायन के जगह बीजामृत,जीवामृत आदि घर में ही बना कर डालें जिससे पौधों में कोई रसायन की मात्रा न मिले और पौधें पूरी तरह जैविक हो। इसके बाद इन्होंने जल संरक्षण के लिए डोभा, तालाब, कुआं आदि को मरम्मत कर इसमें जल संग्रहण कर जल को संरक्षित कर सकते है। बारिश होती है तो सभी अपने अपने घर में एक एक सोखता का निर्माण करे। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थाकर्मी रॉबिन कुमार, राहुल कुमार, मारियादास बास्के, कार्तिक महतो, अंजू एवं अन्य लोग शामिल थे।

विधायक ने संगम में लगाई डुबकी

# मां गंगा से विश्व कल्याण के लिए की कामना



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** विधायक अमित कुमार यादव प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई ।उन्होंने महाकुम्भ 2025 में शामिल होने को सौभाग्य बताया। कहा हमें सौभाग्य से महाकुंभ 2025 में भाग लेने का अवसर मिला। हम यहां आकर बेहद खुश हैं। त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद विधायक ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा - महाकुम्भ, सनातन सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और हमारी शाश्वत परंपराओं की जीवन्तता का प्रमाण है। मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाना मेरा असीम सौभाग्य है। एकता के महाकुम्भ में अमृत स्नान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभूति है। मां गंगा सभी का कल्याण करें, यही कामना है।

## न्यूज | बॉक्स

### चार्टर्ड एकाउंटेट्स व ट्रस्टियों के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



**रामगढ़।** आयकर विभाग ने गुरुवार को रामगढ़ में चार्टर्ड एकाउंटेट्स, वकीलों व ट्रस्टियों के लिए आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों ने चैरिटेबल संस्थानों से संबंधित जरूरी आयकर कानूनों, प्रावधानों और निर्धारित फॉर्म के बारे में जानकारी दी गई. कार्यक्रम में चेरिटेबल संस्थानों के प्रतिनिधियों को फाइलिंग की समय सीमा के बारे में विस्तार से बताया गया. हाल के सालों में आयकर कानूनों में संशोधनों में अदालत के फैसलों पर भी कार्यक्रम में चर्चा की गई. अदालत के फैसलों को लेकर एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन भी दिया गया. कार्यक्रम में आयकर विभाग के अधिकारियों ने यह सलाह दी कि लंबित डिमांड का निपटारा समय पर करें, ताकि रिकवरी की प्रक्रिया से बचा जा सके. उपस्थित लोगों ने आयकर विभाग के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे बहुत लाभ मिल रहा है. कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग के आयकर अधिकारी (छूट) संजीब कुमार दास ने की. कार्यक्रम का समापन ओएस सुधा कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

### एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** मार्शल आर्ट सितोरियू डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में गुरूवार को फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के देखरेख में महिला कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान द्वारा 35 लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया गया। इस दौरान छात्राओं को पीटी, बेसिक फाइट और जूडो का ट्रेनिंग दिया गया। मौके पर प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे का गुर जरूर सीखना चाहिए। कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरनाथ कुशवाहा ने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है यह अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना ही विद्यालय का उद्देश्य है। शिविर में आभा, आस्था, वैष्णवी, बिंदिया, सुमन, दिव्या, दिलरुबा, शिखा, सुनैना, सिमरन, माही, आराध्या, नंदिनी, अंशिका, तनु, हनी आदि शामिल हुए ।

### जेजेए के धरना प्रदर्शन में शामिल हुआ बरही इकाई



**बरही।** प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम की अगुवाई में झारखंड जर्नालिस्ट एसोसिएशन की बरही इकाई ने राजभवन के समक्ष झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित महाधरना में शामिल हुआ. धरना का मुख्य उद्देश्य पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार आवास योजना, स्वास्थ्य बीमा, पत्रकार पेंशन योजना, पत्रकारों पर दर्ज झूठे मुकदमे बंद करने, पत्रकार मान्यता समिति का पुनर्गठन आदि मांग था. महाधरना में प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ो पत्रकारों ने हिस्सा लिया. सभी ने संघ की मांगो से संबधित अपने विचार रखे और राज्य सरकार से यथशीघ्र लागू करने की मांग किया. महाधरना की अगुवाई भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन, प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णनाद भारती, विष्णु शंकर आदि सहित कई वरिष्ठ पत्रकार कर रहे थे. महाधरना के समाप्ति के उपरांत संघ ने राज्यपाल संतोष गंगवार को अपनी मांगो की एक प्रति भी सौंपा गया. राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि शीघ्र ही दिल्ली में संघ के साथी अपनी मांगो के समर्थन में राष्ट्रीय स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे.

### बिरसा सिंचाई कूप योजना में अनियमितता राशि वसूली का आदेश

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत बड़कीडूंडी में मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में अनियमितता को लेकर उपायुक्त द्वारा राशि वसूली करने का आदेश दिया गया है. साथ ही बीडीओ मांडू ऋत्विक कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मांडू महेश कुमार, रोजगार सेवक छोटकीडुंडी नरेश रविदास, पंचायत सेवक छोटकीडुंडी पंचायत सुमित कुमार एवं मुखिया छोटकीडुंडी पंचायत राम सेवक राम से स्पष्टीकरण पूछा है. बता दें कि मांडू प्रखंड के छोटकीडुंडी पंचायत अंतर्गत ग्राम बड़कीडूंडी में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कम मानव दिवस सृजित किए गए एवं कार्य अधूरा रहने पर भी राज्य योजना मद की राशि का भुगतान किया गया. जिस संबंध में उपायुक्त द्वारा नियमानुसार राशि वसूली का निर्देश दिया गया है. साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक एवं मुखिया को दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया गया है.

सड़क दुर्घटना में घायलों को मृत घोषित करने पर अस्पताल में हुआ बवाल

# सांसद के मीडिया प्रतिनिधि ने दोनों पक्षों को कराया शांत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बुधवार की रात को हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक सड़क दुर्घटना के दो घायलों को लेकर परिजन पहुंचे तो चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया, लेकिन मृतक के परिजनों ने ड्यूटी चिकित्सक पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल कर्मी और मृतक के परिजनों में कहासुनी हो गई। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने भी हस्तक्षेप किया तब दोनों पक्षों का मामला शांत हुआ। मृतक के परिजनों द्वारा हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को प्राप्त सूचना के बाद उनके निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी अस्पताल पहुंचे और मध्य रात्रि तक यहां दोनों पक्षों से वार्ता कर तनावपूर्ण माहौल को शांत करवाने का सकारात्मक पहल की। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया और चिकित्सकों से आग्रह कर तत्काल ओपीडी सेवा शुरू कराया। सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि चिकित्सक और चिकित्साकर्मी को किसी भी मृतक के परिवारजनों से विनम्रता और अनुशासित तरीके से संवेदनशील होकर बात करना चाहिए ,वहीं किसी भी मरीज या मृतक को लेकर अस्पताल पहुंचने पर आप धैर्य और साहस का परिचय देते हुए बेहतर इलाज या पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराएं, ताकि चिकित्सीय व्यवस्था सुदृढ़ बनी रही और किसी अन्य जरूरतमंद मरीजों को परेशानी न हो।

### नाविकों को सरकारी मदद और अनुदान की है दरकार

**रामगढ़।** पतरातू डैम पर्यटकों के लिए वर्षों से आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वर्तमान समय में यहां पर पर्यटन विभाग का तो वारे-न्यारे है ही, साथ ही आसपास के गांव के सैकड़ों लोग इस डैम के कारण रोजगार से जुड़े हैं। किंतु वर्तमान समय में ये लोग विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। लेकिन सरकार या सरकार के नुमाइंदों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। हिन्दुस्तान के बोले रामगढ़ कार्यक्रम के तहत स्थानीय लोगों ने कहा कि नाविकों को सरकार की ओर से अनुदान और मदद मिलनी चाहिए, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। पतरातू । पतरातू डैम रोजगार का केंद्र बन गया है। यहां से पर्यटन विभाग को काफी आय हो रही है। स्थानीय ग्रामीण भी यहां पर विभिन्न तरह के रोजगार कर रहे हैं। इसमें देसी नाव और आधुनिक बोट एक बेहतर रोजगार का माध्यम बन गया है। वर्तमान समय में जेटीडीसी का बोट क्लब जिसे अंटार्कटिका नामक कंपनी चला रही है।

फुल एक्शन मोड में दिखे सदर विधायक, कहा

# जनता को नहीं होने देंगे किसी तरह की परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल के औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मरीजों के परिजनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों से बातचीत कर अस्पताल में मौजूद कमियों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और तत्काल समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सुविधाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और मरीजों को बेहतर इलाज मिले, यह सुनिश्चित करना प्रशासन और राज्य सरकार दोनों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को तत्काल आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि बुधवार रात अस्पताल परिसर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जिसके कारण डॉक्टरों में भय का माहौल बन गया और वे अपनी ड्यूटी पर रात में नहीं आ सके।

आरोग्यम अस्पताल ने चिकित्सा सेवा के लिए टीम का किया गठन

# अस्पताल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना : अजमेरा

*अस्पताल के संचालन को और अधिक व्यवस्थित, आधुनिक एवं मरीजों की जरूरतों के अनुकूल बनाया जाएगा*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मरीजों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और अस्पताल प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आरोग्यम अस्पताल ने अपनी चिकित्सा नेतृत्व टीम का विस्तार किया है। इस नए बदलाव के तहत अनुभवी चिकित्सकों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया है, ताकि अस्पताल की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। डॉ. बी.एन. प्रसाद, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ. राहुल कुमार सिंह, डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ.अनिल कुमार चीफ मेडिकल ऑफिसर के रूप मे नियुक्ति किया गया है, अस्पताल के संचालन को और अधिक व्यवस्थित, आधुनिक एवं मरीजों की जरूरतों के अनुकूल बनाया जाएगा। गुरुवार को अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने इन सभी वरिष्ठ चिकित्सकों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आरोग्यम अस्पताल का मुख्य उद्देश्य सिर्फ उपचार देना नहीं, बल्कि मरीजों को संपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करना है। नई चिकित्सा नेतृत्व टीम के मार्गदर्शन में हम मरीजों की देखभाल, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएंगे। प्रशासक जया सिंह ने कहा की आरोग्यम अस्पताल हमेशा से अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए जाना जाता है। यहां के डॉक्टरों और स्टाफ की मेहनत और समर्पण के कारण मरीजों को बेहतर इलाज और देखभाल मिलती है। अब जब अस्पताल ने अपनी चिकित्सा नेतृत्व टीम को और मजबूत किया है, तो निश्चित रूप से मरीजों को और भी उच्च स्तरीय सेवाएं मिलेंगी।

# प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर 1051 कन्याओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शिलाड़ीह अंतर्गत ग्राम लगनवां में गुरुवार को श्री श्री 108 शिव-हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर 1051 महिला तथा कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव, प्रमुख रेनू देवी, उप प्रमुख सूरजी देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल, समाजसेवी सुनील पांडेय, अध्यक्ष प्रकाश मोदी समेत कई लोग शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा महिलाएं तथा कन्याओं को कलश देकर यात्रा शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा लगनवां से बनवारी, लेबुंआ से होते हुए बेलकपी उत्तर वाहिनी नदी पहुंचे। जहां पंडित शंकर शरण शास्त्री के द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण कर कलश में जल भरवाया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रकाश मोदी ने कहा कि लगनवां में 20 फरवरी से 28 फरवरी तक हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि में कथा वाचक पंकज शास्त्री के द्वारा कथा किया जाएगा। साथ ही रामलीला का आयोजन प्रत्येक दिन किया जाएगा। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र में भक्ति मय वातावरण का संचार होता है । साथ ही मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है। मौके पर लोकनाथ राणा, जागेश्वर पांडेय, संतोष मोदी, कार्तिक करनदेव, सहदेव पासवान, प्रदीप मोदी, संदीप मोदी, सुरेंद्र राणा, बिरेंद्र नायक समेत काफी संख्या में भक्तजन शामिल थे।

साहू धर्मशाला में झारखंड वैश्य समाज की बैठक आयोजित

# रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के साहू धर्मशाला में गुरूवार को झारखड वैश्य समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू गुप्ता ने व संचालन शिव शंकर साहू ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष ने रेखा गुप्ता के गुरूवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें समाज की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि रेखा गुप्ता का दिल्ली का मुख्यमंत्री बनना समाज के लिए गर्व की बात है। हम उम्मीद करते हैं कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में बेहतर कार्य करते हुए दिल्ली की प्रतिष्ठा पूरे देश में बढ़ाने का कार्य करेंगी। कहा की भाजपा ने वैश्य समाज से दिल्ली का मुख्यमंत्री चुनकर बेहतर कार्य किया है । कहा की वैश्य समाज के लोगों को जब भी कोई जिम्मेवारी दी गई है उन्होंने उसको निभाया है और देश को आगे बढ़ाने में हमेशा योगदान दिया है । रेखा गुप्ता के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर राजेश प्रसाद, शिव शंकर साहू, उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, रविंद्र साहू, अनिल कुमार, अजीत जायसवाल, राधेश्याम साहू, महेंद्र प्रसाद, हरिशंकर प्रसाद, डोमन साहू, अशोक साहू, संतोष मोदी, महेंद्र मोदी, सुनील मोदी, नवल किशोर साहू, रामबालक साहू, देवेन्द्र प्रसाद आदि ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की मबूती को लेकर हुई बैठक

# गरीब व शोषित लोगों के लिए एक विश्वास है जेएलकेएम : रमेश कुमार

**जिला मीडिया प्रभारी ने कहा कि झारखंड की दशा और दिशा जेएलकेएम के माध्यम से बदल सकती है**



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ कमेटी के मांडू प्रखंड अंतर्गत होटल विकास, बोंगावार मोड, भरेचनगर, सांडी में संगठन के सशक्त एवं मजबूती को लेकर गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के सभी पदाधिकारी व सदस्य के लोग उपस्थित हुए। इस बैठक में जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा आज के समय में हर तबके के लोगों का एक विश्वास है। इस संगठन में गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित, दवे कुचले तथा सिस्टम के सताए हुए लोगों की एक आवाज बनकर यह पार्टी झारखंड में उभर कर आई है। उन्होंने कहा इस संगठन में सभी समुदाय के लोग जुड़ रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी ने कहा कि झारखंड की दशा और दिशा जेएलकेएम के माध्यम से बदल सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन में रहकर ही लोग आगामी विकास की कल्पना कर सकते हैं। इस राज्य की वैकेंसी में पहला अधिकार यहां के नौजवानों मिलना चाहिए ।राज्य के हितार्थ में विकसित राज्यों को कंट्रोल करने के लिए एक बैरियर लगाकर कानून बनाया जा सकता है। शेष बचे पंचायतों / प्रखंडों का बहुत जल्द संगठन विस्तार किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रेम हिंदुवार, बिरेंद्र महतो, अशोक महतो, आर्यन मुंडा, अमरजीत बेदिया, दीपक महतो, नागेंद्र महतो, पवन बेदिया, विशाल बेदिया, फलेंद्र महतो, दीपू महतो आदि उपस्थित थे।

मनरेगा लोकपाल ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

# आम बगवानी में पौधे को अच्छी तरह से देख रेख करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल पुष्पा सिंह के द्वारा किया गया। जिसमें मनरेगा के तहत संचालित शाहपुर पंचायत के बिरसा हरित आम बगवानी और कूप का निरिक्षण किया गया।बगवानी को देख कर बगवानी में लगे आम के पौधे को अच्छी तरह से देख रेख करने के लिए लाभुकों से कहा गया। साथ में आम के पौधे के नीचले भाग तना में लगी छोटी-छोटी डालियों को तोड़ कर हटाने की बात कही जिससे आम की पेड़ बढ़िया से विकसित हो सके,पौधे पटावन के लिए भी समय पर पानी का पटावन करने के लिए कहा गया। मनरेगा के तहत लाभुक इंद्रु धोबी और कृष्णा महतो के बिरसा कूप में संवर्धन,मंगरा सिंह,बलिराम सिंह,मालती टेटे,पीटर टेटे का बिरसा हरित आम बागवानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मजदूर काम करते हुए पाए गए।वहीं अधुरे पड़े कुप निर्माण को पूर्ण करने का निर्देश दिया तत्पश्चात लोकपाल मैडम शाहपुर पंचायत भवन पहुंची। पंचायत भवन सभागार में योजना अभिलेखा पुर्ण करने शिकायत पंजी को अपडेट करने,सभी योजना पंजी में एमआर प्रति संधारित करने, सभी सुचना बोर्ड में सृजित कुल मानव दिवस और टोल फ्री नंबर 18003134242 आवश्यक रूप से अंकित करने का निर्दश दिया गया। बारी-बारी से एक एक-कर मनरेगा योजना से संबंधित पंचायत की फाईल का निरिक्षण किया गया। लाभुकों को अंतः खेती का सुझाव दिया गया,पौधों में छिड़काव हेतु दवा लाभुक को उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया।रजिस्टर का अवलोकन कर सुधार हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पंचायत सचिव देवकु भगत अनुपस्थित थे।वहीं शिकायत पंजी अधतन नहीं पाया गया जिसे नियमित रूप से अधतन करने का निर्देश दिया गया। अभिलेख में तकनीकी स्वीकृति और प्रशासनिक स्वीकृति संधारण करने हेतु एक सप्ताह का समय दिया गया।ग्राम सभा को सही से सुधार करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रत्येक रोजगार दिवस के दिन पंचायत के संबंधित रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव समय से पंचायत भवन में उपस्थित रहे या सुनिश्चित हो।मौके पर मनरेगा लोकपाल पुष्पा सिंह ने कहा सरकार की योजनाओं का लाभ हर पंचायत के ग्रामीण लाभुकों को मिले,ग्रामीण योजनाओं से लाभान्वित हो। मनरेगा योजना मिलने पर योजना बोर्ड जरूर लगाएं ताकी आम लोगों को भी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी मिले और वे भी प्रेरित हो कर सरकार की योजनाओं का लाभ लें। इस अवसर पर बीपीओ संजीता कुमारी,मुखिया अंकिता केरकेट्टा,जेइ नितेश कुमार,रोजगार सेवक विनय कुमार और मनरेगा मेट अलाउद्दीन उपस्थित थे।

# प्रखंड में प्रशासन के नाक के नीचे खुलेआम बन रहा है फर्जी जन्म प्रमाण पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



● कम्प्यूटर दुकानदार बेखोफ 800, 1000 रु लेकर बना रहे है प्रमाण पत्र

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड में डुप्लीकेट जन्म प्रमाण पत्र बनाने का धंधा जोरो पर है। कुछ कम्प्यूटर दुकानदार ग्रामीणों से 1000, 800 रुपया लेकर डुप्लीकेट जन्म प्रमाण पत्र बना कर अवैध कमाई कर रहे है। वहीं डुप्लीकेट सर्टिफिकेट बनाकर विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। कुछ दिन पहले टुकुपानी पंचायत में भी डुप्लिकेट जन्मप्रमाण पत्र मिलने पर पंचायत सचिव अरुणिमा कुजूर ने बीडीओ नूतन मिंज को जानकारी दी थी। वहीं कल ठेठईटांगर में डुप्लीकेट जन्मप्रमाण पत्र मिलने से प्रशासन भी बैचैन है। कल खरवागड़ा माँझीटोली में दो जन्मप्रमाण पत्र डुप्लीकेट पाया गया। ग्रामीणों के हवाले से पता चला है कि कई दर्जन प्रमाण पत्र 1000 रुपया देकर ग्रामीणों ने बनाया है। जिसमे सदर अस्पताल सिमडेगा और ग्राम पंचायत ठेठईटांगर के लोगो (logo) से डुप्लीकेट प्रमाण पत्र बनाया गया है। प्रखंड में प्रशासन के नाक के नीचे सैकड़ों हूबहू ओरिजिनल जैसा डुप्लीकेट प्रमाणपत्र अवैध रूप से बनाया गया है। इधर ग्रामीणों ने डुप्लीकेट बनानेवाले पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं बीडीओ नूतन मिंज ने कहा कि डुप्लीकेट जन्मप्रमाण पत्र की जानकारी मिली है। टीम बनाकर मामले की जांच की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### एसएस उच्च विद्यालय बानो के परीक्षा केंद्र में मैट्रिक की हिंदी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**बानो।** एसएस उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में मैट्रिक की हिंदी परीक्षा शांतिपूर्ण कदाचारमुक्त संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल छात्रों को 328 सम्मिलित होना था किंतु 324 छात्र ही परीक्षा में सम्मिलित हुए परीक्षा से 4 छात्र अनुपस्थित रहे। एस एस उच्च विधालय में प्रखंड के सात विधालय के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे। जिसमे प्रोजेक्ट बालिका बानो 60, प्रस्तावित उच्च विद्यालय कोनसोदे 58, केजीवीके बानो के 60, राजकीय उच्च विद्यालय कोनसोदे के 54, हुरदा पल्स-टू 62, केवेटांग 24 व कनारोवां के 10 केंद्र के परीक्षार्थी शामिल है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### वज्रपात से व्यक्ति हुआ घायल, घरेलू इलाज से स्थिति खतरे से बाहर

**बानो।** प्रखंड के छोटकेतुंगा में वज्रपात से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति का घरेलू इलाज करने के बाद स्थिति ठीक हो गई।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरिका सुरीन उम्र 57 वर्ष घर के बाहर कुछ काम कर रहा था। इसी क्रम में गुरुवार सुबह बारिश और वज्रपात हुई जिसकी चपेट में आने से वह घायल हो गया। घायल को घरेलू नुस्खे के साथ इलाज किया गया अभी घायल की स्थिति ठीक है।

### दीपक जायसवाल को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर लोगों ने दी बधाई



**कुरडेग ।** सिमडेगा विधायक भुषण बाड़ा ने कुरडेग प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि के रूप में दिपक जयसवाल एवं प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष के रूप में वाल्टर टोप्पो को मनोनयन कर नियुक्त किया है । विधायक ने अपने प्रतिनिधि नियुक्त करते हुए इसकी जानकारी बीडीओ नैमन कुजूर को दी । विधायक के द्वारा दिपक जयसवाल को लघु सिंचाई, वन विभाग, जन वितरण प्रणाली , मनरेगा, मतत्स्य विभाग , गब्य विकास एवं पशुपालन , जे एस एल पी एस विभाग की जिम्मेवारा देते हुए संबंधित अधिकारियों के समक्ष जनता की समस्याओं को रखने और विधायक की अनुपस्थिति में प्रशासनिक बैठक में भाग लेने की बात कही मौके पर नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि दिपक जयसवाल ने कहा कि जनता की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाना मेरा पहला प्राथमिकता होगा माननिय विधायक के द्वारा मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसमें मैं सदैव खरा उतरने का प्रयास करँगा। बधाई देने वालों में मनोज जयसवाल , गुलशन एक्का, बेलाल अंसारी, वाल्टर टोप्पो , तुलसी खलखो , टेलेस्फोर टोप्पो सहित कई कांग्रेसी शामील रहे।

### आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत निबंध और भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत निबंध और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री विद्यालय सिमडेगा की छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि छात्रा हादिया काजमी ने राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को झालसा कार्यालय स्थित न्याय सदन रांची में आयोजित कार्यक्रम में काजमी को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के हाथों छात्रा को पुरस्कृत किया जाएगा। सचिव ने बताया कि उक्त पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्राधिकार द्वारा छात्रा को उनके अभिभावक और शिक्षक के द्वारा रांची भेजा जाएगा। सचिव ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर हादिया काजमी ने जिले का नाम रौशन किया है।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**सिमडेगा।** गुरुवार को कम्यूनिटि पुलिसिंग "मोर पुलिस मोय पुलिस" के तहत् बानो के कानारोवां, केरसई के किनकेल, बोलबा के पिड़ियापोंछ, रेंगारीह के बघचट्टा, कोलेबिरा के डोमटोली पंचायत में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया साथ ही विभिन्न विषयों यथा मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा, साईबर अपराध, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा आदि जैसे विषयों पर जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लोगों के समस्याओं से संबंधित कोई आवेदन प्राप्त नही हुए हैं। चरित्र प्रमाणपत्र बनाने से संबंधित 1 आवेदन प्राप्त हुआ है।

### जेएससीए अंडर 23 प्रतियोगिता के पहले दिन सिमडेगा ने पलामू को 08 विकेट से रौंदा

**सिमडेगा।** जेएससीए अंतरजिला अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता का आज पहला मैच गुमला के शहिद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में सिमडेगा और पलामू के बीच खेल गया। जिसमें सिमडेगा की टीम ने 08 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज कराई।जेएससीए अंतरजिला अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में टॉस जीत कर पलामू की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवर में 117 रन बनाकर सिमट गई सिमडेगा के तरफ से तनिष्क चौबे ने 3 विकेट चटकाए, वहीं हर्ष कुमार ने दो विकेट लिए। बाकी सभी बॉलरों ने एक विकेट लिया।जवाबी पारी खेलते हुए सिमडेगा की टीम ने महज 16.2 ओवर में दो विकेट खोकर धमाकेदार जीत हासिल की। सिमडेगा के तरफ से गुरुशरण ने 10 चौके और एक छक्के के बदौलत नाबाद 55 रन बनाए। वहीं शुभादीप ने नाबाद 17 रन बनाए। जबकि सचिन पॉल ने 34 रन और अतुल्य कुमार ने 11 रन बनाए। पलामू की तरफ से कैप्टन अभिनव ने 01 विकेट और गुंजन ने एक विकेट लिए। इस मैच में अंपायर की भूमिका मनोरंजन कांजीलाल और ओमप्रकाश राय ने, तथा स्कोरर अनिकेत कुमार और संदीप रॉय ने निभाई। वहीं मैच रेफरी अनवर मुस्तफा थे। आज के मैच में प्लेयर ऑफ द मैच सिमडेगा के तनिष्क चौबे बने। सिमडेगा की शानदार जीत पर सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी सौरभ सहित जेएससीए के बोर्ड मेंबर बिजय कुमार पुरी, जेएससीए लाइफ मेंबर राजेश कुमार शर्मा, सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्रीराम पुरी, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सुहैब शाहिद, अनूप श्रीवास्तव(मुख्य चयनकर्ता), युसुब खान सहित सभी सदस्यों ने सिमडेगा टीम को जीत की बधाई दी है।

### डाक बंगला परिसर में महिलाओं को दिया गया हवा में सब्जी उगाने का प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** डाक बंगला परिसर में गुरुवार को इंटरनेशन ह्यूमन राईट एंड एंटी क्रप्शन संस्था द्वारा हवा में सब्जी उगाने को लेकर एक दिवसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जोसिमा खाखा को संस्था के पदधारियों ने स्वागत किया। इसके बाद बाहर से आए संस्था के विक्की सिंह, राहुल कुमार, रिना कुमारी ने हवा में लटाकर सब्जी उगाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक टावर खड़ा कर उसमें 40 प्रकार की सब्जियां उगाई जा सकती है। इसमें मिट्टी एवं खाद की भी जरुरत नहीं है। इसमें पानी की मात्रा भी काफी कम खपत होगी। मौके पर जिप सदस्य ने हवा में खेती करने की तकनिकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज दिनों दिन खेती योग्य जमीन कम होती जा रही है। जमीन कम के कारण कई बार लोग चाहते हुए भी सभी प्रकार की सब्जी की खेती नहीं कर पाते हैं। कई किसान करते तो हैं, लेकिन उसमे पानी की समस्या बनी रहती है। जोसिमा ने कहा कि हवा में लटकाकर खेती करने के लिए अधिक से अधिक किसानों को जानकारी देने की जरुरत है। ताकि सब्जी खेती करने के इच्छुक लोगों के लिए कम जमीन समस्या न बनें। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के अधिक से लोगों को भी हवा में सब्जी करने की तकनिकों का प्रशिक्षण देने की जरुरत है। ताकि लोग अपने अपने छतों में हवा में लटका कर भी कई प्रकार की सब्जी उगा सके और हरी ताजी सब्जी का सेवन कर सके। मौके पर बच्चियों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। बताया गया कि बेटियों के नाम पर रजिस्ट्रेशन करवाने पर बेटी की शादी के समय संस्था द्वारा क्रमशः 11 हजार, 21 हजार, 31 हजार, 51 हजार और एक लाख रुपए तक सहायता प्रदान की जाती है।

# विभाग के उदासीन रवैये से क्षुब्ध ग्रामीणों ने स्वयं की सड़क की मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड के भुरसाबेडा से डलियामार्चा तक ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क मरम्मत किया।मालूम हो की भुरसाबेडा से डलियामार्चा तक लगभग दो किलोमीटर सड़क में जगह-जगह गड्ढा हो गया था जिसके कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। दुर्घटना होने की भी आशंका बनी रहती थी। इसको देखते हुए भुरसाबेडा व डलियामार्चा तथा आसपास के ग्रामीणों ने बैठक कर सड़क मरम्मत का निर्णय लिया। निर्णय के अनुसार गुरूवार को काफी संख्या में लोग सड़क में जमा हो गए तथा सड़क मरम्मत का कार्य किया।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से मांग किया गया लेकिन कोई पहल नहीं किया गया। विभागीय उदासीनता रवैया से क्षुब्द होकर ग्रामीणों ने श्रमदान के माध्यम से सड़क मरम्मत करने का निर्णय लिया। श्रमदान करने में ठाकुर प्रसाद सिंह,श्रिनाथ सिंह, मंगरनाथ सिंह, रामु सिंह, झोलु सिंह, रीझनाथ सिंह, कमला देवी,सुकरमनी देवी,मीना सुरीन, अशिम गुड़िया, वाल्टर मड़की, मसीह होरो, बंडीमार सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में अनुकम्पा पर नियुक्ति, हर घर नल जल योजना से आच्छादित करने, पंजी II नाम दर्ज कराने, लगान रसीद निर्गत करने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आए। इस दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु मौजूद रहे।

### 4 साल के मासूम बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

**सिमडेगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है । सेप्टिक टैंक से 4 वर्ष के मासूम बच्चे का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान सुशांत रजक के रूप में हुई है विदित हो की घटना 18 फरवरी की है खिजरी में आयोजित एक शादी समारोह से सुशांत रजक गायब हो गया था, शादी समारोह में सुशांत अपने पिता अजय रजक और अपनी मां के साथ शामिल होने पहुंचा था समारोह के दौरान सुशांत की गायब होने की खबर मिलने पर परिजनों ने उसे काफी तलाश किया फिर भी सुशांत का कहीं भी पता नहीं चलने पर 19 फरवरी को परिजनों ने सदर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि खिजरी में सेप्टिक टैंक में बच्चे का शव है ।मौके पर पहुंचे पुलिस ने बच्चे के शव बाहर निकलवाया शव की स्थिति संदिग्ध थी।

# मनरेगा लोकपाल ने जमतई में विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड अंतर्गत जमतुई पंचायत में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल पुष्पा सिंह के द्वारा किया गया।जिसमें मनरेगा के तहत संचालित जमतुई पंचायत के बिरसा हरित आम बगवानी और कूप का निरिक्षण किया गया।बगवानी को देख कर बगवानी में लगे आम के पौधे को अच्छी तरह से देख रेख करने के लिए लाभुकों से कहा गया।मनरेगा के तहत लाभुक रिझु चीक बड़ाइक और सुनीता देवी के एक एकड़ में लगे आम बागवानी का निरीक्षण किए। वहीं अधुरे पड़े कुप निर्माण को पूर्ण करने का निर्देश दिया तत्पश्चात लोकपाल मैडम ने जमतुई पंचायत भवन पहुंची।पंचायत भवन सभागार में योजना अभिलेखा पुर्ण करने शिकायत पंजी को अपडेट करने,सभी योजना पंजी मे एमआर प्रति संधारित करने, सभी सुचना बोर्ड में सृजित कुल मानव दिवस और टोल फ्री नंबर 1800 313 4242 आवश्यक रूप से अंकित करने का निर्दश दिया गया।बारी-बारी से एक एक-कर मनरेगा योजना से संबंधित पंचायत की फाईल का निरिक्षण किया गया। मौके पर मनरेगा लोकपाल पुष्पा सिंह ने कहा सरकार की योजनाओं का लाभ हर पंचायत के ग्रामीण लाभुकों को मिले,ग्रामीण योजनाओं से लाभान्वित हो।मनरेगा योजना मिलने पर योजना बोर्ड जरूर लगाएं ताकी आम लोगों को भी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी मिले और वे भी प्रेरित हो कर सरकार की योजनाओं का लाभ लें। इस अवसर पर बीपीओ चारू मांझी,मुखिया नामजन जोजो, पंचायत सचिव जीतवहान मांझी, जेइ मो० अली, रोजगार सेवक सनोज कुमार और मनरेगा मेट कर्मी उपस्थित थे।

# केरसई में नवनियुक्त प्रतिनिधियों का हुआ स्वागत

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं और लोगों ने दी बधाई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने केरसई प्रखंड में सुरेंद्र कुमार, सेरोफिना कुल्लू एवं राहुल रोहित तिग्गा को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। साथ ही प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष की कमान फिर एक बार जॉर्ज वाल्टर सोरेंग के हाथ सौंपी है। केरसई रूसु निवासी सुरेंद्र कुमार को विधायक ने फिर एक बार अपना प्रतिनिधि बनाया है, वहीं प्रखण्ड में एक महिला प्रतिनिधि के रूप में टैंसेर पूर्वी पंचायत की ढोरीजोर निवासी श्रीमती सेरोफिना कुल्लू को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। बाघडेगा पंचायत के युवा मुखिया राहुल रोहित तिग्गा को भी विधायक प्रतिनिधि की जिम्मेवारी दी गई। प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि के रूप में कोनजोबा मुखिया मुंस खेस्स को पद की अहम जिम्मेवारी मिल चुकी है।विधायक भूषण बाड़ा ने पत्र के माध्यम से प्रतिनिधियों को विभाग का बंटवारा भी कराया है। विधायक भूषण बाड़ा ने पत्र में उल्लेख किया है कि यदि विधायक स्वयं उक्त विभाग के बैठक में व्यस्तता पर नहीं पहुंचेगें, तो इनके जगह पर तीनों में से एक प्रतिनिधि भाग लेगें। केरसई में इन सभी को प्रतिनिधि बनाए जाने से कांग्रेसियों में खुशी का माहौल है। नवनियुक्त प्रतिनिधियों ने बताया कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करते हुए लोगों की सेवा करेंगे। इधर सभी नवनियुक्त प्रतिनिधियों को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटि के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# बांसजोर प्रखंड में भारी संख्या में लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**बांसजोर।** गुरुवार को झामुमो सिमडेगा जिला संयोजक प्रमुख अनिल कंडुलना के नेतृत्व में बांसजोर प्रखंड का दौरा किया गया और सदस्यता अभियान भी चलाया गया। सदस्यता रशीद काटकर और झामुमो पटा पहना कर सबका पार्टी में स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अनिल कांडुलना ने कहा कि बांसजोर प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों में जा कर झारखंड सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं के बारे बताएं। साथ ही प्रखंड में सदस्यता अभियान तेज करें ताकि प्रखंड में झामुमो को मजबूत किया जा सके। संयोजक सदस्य मो सफीक खान ने कहा की कार्यकर्त्ता गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीति व सिद्धांत के बारे में बतायें तथा उन्हें पार्टी से जोड़ें।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख श्री अनिल कांडुलना,सदस्य मो सफीक खान ,साबिर अंसारी,केन्द्रीय समिति सदस्य मो शहीद, फिरोज अली,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग,पूर्व युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो,तरगा मुखिया सह झामुमो नेत्री रौशनी कुल्लू, रितेश बड़ाईक,इल्यास लुगुन, नथनीएल बडिंग,सुरशेन समद,अल्बर्ट टोप्पो, डोमनिक तिर्की,लॉरेंस तोपनो, जॉन हेमरोम,दिलीप बा, नेल्सन बुढ़, बिलकान कंडुलना,संजय किंडो के अलावा भारी संख्या में बांसजोर प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# पंचायत सचिव व प्रखंड कर्मियो के साथ पदाधिकारी ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत सचिवो व प्रखंड कर्मियो की बैठक हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी सिमडेगा सह डीपीआरओ दयानंद कारजी उपस्थित थे। बैठक में पंचायत सचिवों के साथ पंचायत में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी ने सभी पंचायत भवन को सुचारु रूप से चलाने का निर्देश दिया। सभी कार्य को पंचायत में संपादित करने का निर्देश दिया गया। पंचायत भवन में शौचालय पानी आदि की व्यवस्था दुरूरत करने,पंचायत में मिलने वाली राशि का ससमय खर्च करने का निर्देश दिया गया।साथ ही पंचायत में ज्ञान केंद्र को जल्द से जल्द चालू करने का निर्देश दिया गया। जिस पंचायत मे वेंडर के द्वारा सामान आपूर्ति नहीं किया गया है उनका एग्रीमेंट खत्म करने का निर्देश दिया गया।कहा कि समय समय पर पंचायत का विजिट जिला के द्वारा किया जायेगा।बैठक में सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि पंचायत की मूल भूत सुविधा को पंचायत सुदृढ़ीकरण मद की राशि से दुरुस्त करें। इसके साथ ही योजनाओ का अभिलेख को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नइमुद्दीन अंसारी, महावीर सिंह,बीपीओ चारू मांझी, बीपीआर ओ अरमान सोरेंग, इई नितिश कुमार, जेइ मो अली, जेइ अमरेश साहु, अजय सिंह, अकाश महतो, संजय डांग, जीतवहान मांझी, देवीलाल ओहदार, राहुल कुमार, अरविंद कुमार दुबे, पीएम अवास समन्वय आशुतोष कुमार के अलावा रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### कोलेबिरा में मजार कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना परिसर में पर्यटन मद से अनजान शाह पीर बाबा के मजार मरम्मती कार्य का शिलान्यास कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के द्वारा किया गया।मालूम हो कि मजार का दीवार काफी जर्जर हो गई थी, जिसकी मरम्मती को लेकर मजार प्रबंध समिति के द्वारा प्रशासन से उक्त मजार की मरम्मती करने की मांग पर्यटन विभाग से किया गया था।जर्जर अवस्था को ध्यान में रखते हुए मजार मरम्मती की मांग को पूर्ण करते हुए निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के द्वारा किया गया।मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में व्याप्त हर समस्या का समाधान करना और जनता के हर मांगों को पूरा करना मेरा दायित्व है।उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद और भरोसा से जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में पुनः जीत कर विधायक बनाया है, उसे पूरा करने का वह हर संभव प्रयास करेंगे।

# केरसई गोरारजोर में देवी गुड़ी स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलशयात्रा

**24 घंटे अखंड हरिकीर्तन का भी आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** प्रखंड अंतर्गत रूसु गोरारजोर गंझुटोली स्थित नवनिर्मित देवी गुड़ी स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार को कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई। कलश यात्रा केरसई खालीजोरा नदी से शुरू हुई। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश में जल उठाकर कलश यात्रा में शामिल हुए। पंडित पुरोहित गोविंद मिश्रा ने सभी श्रद्धालुओं को विधिवत मंत्रोच्चार कर सामूहिक रूप से जल लेकर संकल्प कराया। जिसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई। यह कलश यात्रा नदी से प्रारंभ होकर रूसु ग्राम होते हुए गोरारजोर गंझुटोली स्तिथ नवनिर्मित देवी गुड़ी तक पहुंची। इस कलश यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु में देवी मां के प्रति अलौकिक श्रद्धा दिख रही थी और सभी श्रद्धालु जय माता दी के नारे लगा रहे थे। जिससे पूरा परिदृश्य भक्तिमय हो गया।



## 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन में आसपास के मंडलियों को किया आमंत्रित

रूसु गोरारजोर गंझुटोली देवी गुड़ी निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि गुरुवार से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का प्रारंभ किया जाएगा। अखंड हरिकीर्तन के लिए आसपास के कई कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा में जलाधिवास, पुष्पाधिवास,की विधिवत पूजन की जाएगी। जिसके बाद आरती के साथ दूसरे दिन का कार्यक्रम संपण्न होगा। वहीं शुक्रवार को नाम यज्ञ,अखंड हरिकीर्तन समापन, नगर भ्रमण,पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। भव्य कलश यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के सभी ग्रामीणों एवं नवयुवकों की भूमिका सराहनीय रही।

### बाइक की आमने सामने टक्कर से दो व्यक्ति घायल

# बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह** गांडेय-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित जोराआम पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायल युवक की पहचान गांडेय थाना क्षेत्र के गादी सिरसिया गांव निवासी 40 वर्षीय धीरज पंडित और बाकी कला गांव निवासी 30 वर्षीय लट्टू तुरी के रुप में की गई। घटना की सूचना मिलने पर गांडेय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंचे। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार धीरज पंडित अपनी बाईक से अपनी पत्नी संग अपने रिश्तेदार के घर ताराटांड़ जा रहा थे । दूसरी और लट्टू तुरी अपने घर से बाईक से गिरिडीह की और जा रहा था, इसी बीच जोराआम पेट्रोल पंप के पास दोनों की बाईक की टक्कर हो गई । जिससे दोनों बाईक चालक घायल हो गए। दुर्घटना में धीरज पंडित की पत्नी को हल्की - फुल्की चोट आई है। गांडेय पुलिस ने दोनों बाईक जब्त करके थाना ले आई।

### हजारीबाग यूथ विंग ने आयोजित की भव्य रक्तदान शिविर

# यूथ विंग की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है : डीसी

- जिले के प्रशासनिक अधिकारी को दिया गया निमंत्रण
- रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे बड़ा उदाहरण है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा लक्ष्मी सिनेमा हॉल सभागार में 3 मार्च को आयोजित होने वाले भव्य रक्तदान शिविर को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस पुनीत कार्य में प्रशासनिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी इश्तियाक अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे एवं सिविल सर्जन सरजू प्रसाद सिंह को औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा गया। उनसे रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने का अनुरोध किया गया, जिसे सभी अधिकारियों ने सहर्ष स्वीकार किया। शिविर का आयोजन सुबह 10:00 बजे से किया जाएगा, जिसमें रक्तदाताओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। आयोजन स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिनमें प्रमुख रूप से रजिस्ट्रेशन ब्लॉक,विजिटर ब्लॉक, रेस्टिंग ब्लॉक, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधा एवं महिला सुरक्षा हेतु विशेष प्रबंध की गई है। रक्तदान महादान है, इसी संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए वीडियो क्लिप, सोशल मीडिया कैंपेन एवं अन्य संचार माध्यमों के जरिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आम जनता से अपील की जा रही है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस सामाजिक कार्य में भागीदार बनें। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा की रक्तदान एक महादान है, जो न केवल जरूरतमंदों की जान बचाने का कार्य करता है, बल्कि समाज में परोपकार और मानवता की भावना को भी सशक्त करता है।

### रूपनाडीह कांड को लेकर सीएम के नाम एसडीओ को पत्र सौंपा

**बरही ।** संत रैदास जयति समारोह के दौरान कोडरमा जिला के डोमचांच स्थित रूपनाडीह गांव में हुए विवाद को लेकर एआईएमआईएम के हजारीबाग जिलाध्यक्ष सह बरही विस प्रभारी सूरज दास ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीओ को आवेदन दिया है. आवेदन में आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ यथाशीघ्र उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है. आरोप है कि गांव के कुछ लोग संत रैदास मंदिर परिसर के मुख्य द्वार के सामने होडिंग, बैनर लगाकर मंदिर को ढकने का काम किया है. जिसे हटाने के लिए संत रैदास के भक्तों ने कोडरमा प्रशासन को लिखित आवेदन और सांकेतिक आंदोलन भी किए. परंतु किसी भी प्रकार की प्रशासनिक करवाई नही हुई और रैदास जयंती के दिन पूजा के दौरान सैकड़ो लोगो ने कुव्यवस्था फैलाते हुए सौहार्द बिगाड़ने का काम किया. सारे वस्तुस्थिति से अवगत होने के बाबजूद प्रशासन उपद्रवियों को बचाते हुए संत रैदास के भक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है.

## न्यूज | बॉक्स

### मोटरसाइकिल से गिरकर तीन अभ्यर्थियों हुए घायल



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के पेशम नदी के समीप एक मोटरसाइकिल सवार होकर तीन अभ्यर्थियों परीक्षा देने के लिए केंद्र जा रहे थे। जिसके बाद पेशम नदी के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसमें तीनो अभ्यर्थियों घायल हो गया। घायल अभ्यर्थियों का पहचान धुरगड़गी और गुरहा गांव के रहने वाला के रूप हुआ। बताया गया कि मोटरसाइकिल सवार होकर केंद्र परीक्षा देने पेशम आ रहे थे। तभी तेज रफ्तार से तीनों मोटरसाइकिल सवार होकर आ रहे थे। तेज गति होने के कारण अनियंत्रित हो गया। जिसके तीनो अभ्यर्थियों घायल हो गया। घायल अभ्यर्थियों का स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आनन फानन में निजी क्लीनिक पहुंचाया। निजी डॉ ने ईलाज किया तब जाकर परीक्षा केंद्र जाकर परीक्षा दिया। वहीं मोटरसाइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसका संख्या जेएच 11 एएन 5014 है। हांलाकि घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दिया है।

### परीक्षा देने जा रहे छात्र सेंटर की बजाए पहुंच गए अस्पताल



**तिसरी (गिरिडीह)। मैट्रिक** का एग्जाम देने जा रहे थे छात्र लेकिन हुआ कुछ ऐसा किया की एग्जाम सेंटर की बजाय अस्पताल के बेड पर पहुंच गए. दरअसल गुरुवार की सुबह मैट्रिक की परीक्षा देने के लिए तिसरी प्रखंड के गुमगी से दिवाकर कुमार पिता दिनेश यादव और धीरज कुमार पिता हरिकांत यादव बाईक से एग्जाम सेंटर उच्च विद्यालय चंदौरी बरमसिया जा रहे थे. वहीं चंदौरी के नईटांड निवासी अनिल शर्मा के पुत्र प्रिंस कुमार अपने एक और दोस्त के साथ बाईक से ही एग्जाम सेंटर तिसरी के अग्रवाला उच्च विद्यालय आ रहे थे.

इस दौरान तिसरी - चंदौरी मुख्य मार्ग पर बीच रास्ते में ही दोनों की बाइक आपस में टकरा गई. जिसमें दोनों बाइक पर सवार सभी छात्र घायल हो गए. उसी रास्ते से एग्जाम दिलाने जा रहे कुछ लोगों ने गंभीर रूप से घायल 3 छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया.

### ग्रिजली ने बरही के आर्टिस्ट व पूर्व मुखिया को किया सम्मानित



**बरही।** ग्रिजली विद्यालय की ओर से बरही के पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर और युवा कलाकार रवि केसरी को मोमेंटो और पौधा देकर सम्मानित किया. यह सम्मान उन्हे विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने शैक्षणिक भ्रमण सह स्वागत कार्यक्रम में दिया. पूर्व मुखिया को उनके सामाजिक सक्रियता और आर्टिस्ट रवि को उनके बेहतर कलाकारी के लिए दिया गया. सम्मानित होने वाले दोनो व्यक्तियों ने इस सम्मान के लिए विद्यालय प्रबंधन का अभार जताया है. प्राचार्या ने बताया कि यह सम्मान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले या बेहतर प्रदर्शन करने वालो के लिए हौसलावर्धन का कार्य करेगा. विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे कार्यकर्ताओ और कलाकारों का हमेशा ही सम्मान किया है और आगे भी करेगा. कार्यक्रम में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह व शिक्षक सौरभ केशरी आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### बढ़ाई गई केजीबीभी में नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि



**बरही ।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही में नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि विस्तारित करने का निर्देश दिया है. अब नामांकन प्रपत्र 27 फरवरी तक अंतिम रूप से जमा किए जा सकेंगे. इस बाबत बीईओ ने निर्देश पत्र जारी कर दिया है. पूर्व में 20 फरवरी तक ही फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी. उक्त जानकारी बीईओ ने पत्र जारी कर दिया. उन्होंने प्रखंड के जनप्रतिनिधियों/अभिभावकों और संबधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से नए तिथि तक प्रपत्र जमा करने की अपील किया है.

### सिलेंडर लदा ट्रक खाई में गिरा, कोई हताहत नहीं



**बरही ।** एनएच 31 स्थित जवाहर घाट के पर्यटन विभाग रेस्टोरेंट के समीप सिलेंडर से लदा एक ट्रक संख्या एनएल 01 0830 पलटी कर खाई में गिर गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक कोडरमा की ओर से आ रही थी. जो वन विभाग के विश्रामागार के समीप सड़क के ऊपर से नीचे की ओर खाई में गिर गया. इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नही हुई और बड़ा दुर्घटना टल गया. दुर्घटना के बाद ड्राइवर और खलासी वाहन छोड़कर फरार हो गए थे. घटना स्थल पर स्थानीय लोग पहुंचे हुए थे. घटना का मुख्य वजह क्या था यह पता नहीं चल सका है.

### बंद मकान से एक करोड़ का अवैध शराब बरामद

**हजारीबाग।** उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दारू थाना क्षेत्र के जोनिया गांव में एक बंद मकान से 1500 पेटी शराब बरामद की गई है। बरामद शराब की कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू के नेतृत्व में गुरुवार को यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में उत्पाद निरीक्षक, पुलिस बल और अन्य अधिकारी शामिल थे। छापेमारी के दौरान मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह मकान लंबे समय से बंद था। इसका इस्तेमाल अवैध शराब के भंडारण के लिए किया जा रहा था। विभाग अब जांच कर रहा है कि यहां शराब कहां से आया और इसका नेटवर्क कितना बड़ा है। साहू ने कहा कि राज्य में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड विधानसभा में लोक लेखा समिति की बैठक आयोजित, कहा


# वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता व जवाबदेही जरूरी : सभापति



नवीन मेल संवाददाता। बरही झारखंड विधानसभा के सभागार में लोक लेखा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता सभापति सह बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने की। बैठक में विभिन्न विधायकों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें राज्य के आर्थिक प्रबंधन और लेखा से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में सदस्य सह बरकट्ठा विधायक अमित यादव, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक जगत माझी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा, झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी, वित्त सचिव प्रशांत सिंह और नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के पदाधिकारीगण भी बैठक में शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करना और सरकारी खर्चों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों के वित्तीय दस्तावेजों का मूल्यांकन किया गया और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया गया। साथ ही सभापति ने मुख्यसचिव को निर्देश दिया। लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और खर्चों की निगरानी पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने के लिए नए कदम उठाने पर चर्चा की गई।

### बारूद से झुलसे बच्चों के परिजनों ने आरोप को बताया बेबुनियाद

# विधायक और मुखिया ने वरीय अधिकारियों से की जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा कला में बीते दिन 18 फरवरी के शाम में तीन बच्चों के झुलसने की बात को पीड़ित और परिजनों ने बेबुनियाद बताया। पीड़ित और परिजन के परिजन के मुताबिक 18 फरवरी को बच्चे ठंड के कारण पेड़ों के पत्ते जला रहे थे इसी बीच आग धधक उठा जिसमें 14 वर्षीय सुल्तान अंसारी पिता सहादत अंसारी 15 वर्षीय मिन्हाज अंसारी पिता मुमताज अंसारी और 14 वर्षीय फिरोज अंसारी पिता जाहिद अंसारी झुलस गए। जिसे आनन-फानन में परिजनों ने बच्चों को इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल ले गये। वहीं दूसरी ओर विधायक अमित कुमार यादव ने पत्रकारों को एक वीडियो रिलीज कर कहा कि आज ग्रामीणों से जानकारी मिली कि पत्थर खदान के पास एक्सप्लोसिव का दुरुपयोग किया जाता है। बगैर विस्फोटक मानक तय के उसको जैसे तैसे छोड़ दिया जाता है। इस वजह से पांच बच्चे झुलस गए। सभी बच्चे गंभीर स्थिति में है। एक बच्चा उसी हालत में एंबुलेंस से मैट्रिक की परीक्षा देने पहुंचा। जबकि एक बच्चा रिम्स में जीवन और मौत से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद प्रशासन ने अभी तक संज्ञान नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि डीएमओ से जानना चाहते हैं कि माइनिंग एक्ट के तहत विस्फोटक पदार्थ के क्या मापदंड हैं। उसकी सुरक्षा के क्या व्यवस्था है। कब माइनिंग विस्फोट किया जाना है। अमित यादव ने आगे कहा है कि अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं होती है तो बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि इस मामले में जो भी दोषी हो वह चाहे लीजधारी, खदान मालिक चाहे एक्सप्लोसिव मालिक हो जांच कर उसपर कार्रवाई होनी चाहिए। बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के मुखिया मो अब्बास अंसारी ने 20 फरवरी को एसपी और थानाप्रभारी को एक आवेदन पत्र देकर बारूद विस्फोट से बच्चों के झुलसने का मामला बताकर जांच की मांग की है।

### डीएमएफटी के तहत उपायुक्त ने 21 महिला पर्यवेक्षिकाओं को उपलब्ध कराया टैब

**रामगढ़।** डीएमएफटी के तहत गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में जिला समाज कल्याण विभाग में कार्यरत सभी 21 महिला पर्यवेक्षिकाओं को टैब उपलब्ध कराया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विभिन्न कार्यों में आ रही समस्याओं को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा टैब की जरूरत को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के माध्यम से उपायुक्त के समक्ष रखा गया जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत महिला पर्यवेक्षिकाओं को टैब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जिसके उपरांत गुरुवार को सभी 21 महिला पर्यवेक्षिकाओं को टैब उपलब्ध कराया गया। टैब प्राप्त करने के उपरांत महिला पर्यवेक्षिकाओं ने उपायुक्त एवं जिला प्रशासन रामगढ़ का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।


**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची (जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, राँची)**

Phone/Fax No:0651-2215618 Email ID:- csofficeranchi@yahoo.com

Tender No. ______________ (DHS) Date : ____________

**Very Short Tender Notification**

Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Ranchi invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for Rate Contract of AERB Compliance for All CHC & DH Ranchi District

**The Blank tender documents with detail conditions can be obtained from office & through website** www.sadarhospital.com

| SL No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | रेडियोलोजी मशिनों एवं एक्स रे कक्ष को AERB मापदण्डों के अनुसार अपग्रेड करने जाने के संबंध में। |
| 2. | Date/Time of Start of Submission of Bids | 23.02.2025 |
| 3. | Last Date/time for receipt of bids | 01.03.2025 |
| 4. | EMD in favoring "DIST RURAL HEALTH SOCIETY, RANCHI | Rs. 10,000/- (Ten Thousand) |
| 5. | Application fee (Non-Refundable) in favoring "DIST RURAL HEALTH SOCITY, RANCHI | Rs. 1000/- (One Thousand) |
| 6. | Venue for getting & submission of tender document | District Health Society Civil Surgeon Office, Ranchi Pin Code- 834001 |
| 7. | Contact Number | 9470357559 |
| 8. | Affidavit, Tender Fee and EMD हाथों हाथ जमा करने की अंतिम तिथि | 01.03.2025 up to 5:00 PM |

PR.NO.346874 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D

Civil Surgeon Cum CMO Ranchi


# भरकट्टा ओपी पुलिस ने ग्राम ताराटांड़ से चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

*पुलिस का कहना है कि आरोपियों द्वारा वादी पक्ष पर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था और दोबारा मारपीट करने की योजना बनाई जा रही थी*

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी पुलिस ने ग्राम ताराटांड़ से कांड संख्या 42/25 के तहत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजेश यादव (27 वर्ष) पिता बालेश्वर यादव, टेकनारायण यादव उर्फ टेकलाल यादव (45 वर्ष) पिता रामजी यादव, बलराम यादव उर्फ बालेश्वर यादव (60 वर्ष) पिता जोधनारायण यादव और रामेश्वर यादव (65 वर्ष) पिता जोधनारायण यादव शामिल हैं। भरकट्टा पुलिस ने जिला दंडाधिकारी से सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को 15 दिनों तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि ये सभी आरोपी कांड संख्या 42/25 में संलिप्त हैं। पुलिस के अनुसार, वादी जिन महतो, जो वर्तमान में धनबाद में इलाजरत हैं और जीवन-मृत्यु से जूझ रहे हैं, की स्थिति को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी आवश्यक थी। पुलिस ने दलील दी है कि यदि आरोपी जमानत पर बाहर रहते हैं, तो दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों द्वारा वादी पक्ष पर केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था और दोबारा मारपीट करने की योजना बनाई जा रही थी। पुलिस ने यह भी तर्क दिया कि यदि आरोपी बाहर रहते हैं, तो वे साक्ष्यों को प्रभावित कर सकते हैं। भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है और आगे की जांच जारी है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित



**रामगढ़।** उपायुक्त श चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति से प्राप्त 4 मामलों यथा सिरका ओपन कास्ट परियोजना, भारतमाला परियोजना फेज 2, नईसराय डीवीसी सब स्टेशन से एमईएस छावनी तक 33 के.वी सिंगल ट्रांसमिशन लाइन निर्माण एवं कुम्हारदगा चाड़ी कुसुमडीह/ कल्याणपुर तिरला हरिबांध नावाडीह एवं केनके में निर्माणाधीन 132 के.वी के संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सहित समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा 23 को करेगी सेमिनार आयोजित

# पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ बरसों से लड़ाई लड़ने वाले लोग होंगे शामिल

*नियोजन नीति नहीं बनने के चलते आज भी स्थानीय बेरोजगारी युवकों युवतियों की उपेक्षा हो रही है*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस प्रेस वार्ता में स्थानीयता, विस्थापन, जबरिया भूमि अधिग्रहण, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को लागू करने, उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण नहीं करने, हजारीबाग के बड़कागांव में पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू, गोंदलपुरा बादम कोल ब्लॉक के आवंटन को रद्द करने, गैर मजूरवा जमीन को भूमि बैंक में देने के फैसले को रद्द करने, गैर मजूरवा जमीन के रुका हुआ रसीद को चालू करने को लेकर कई बिन्दुओं पर चचाएं की । वहीं कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर 23 फरवरी को एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन रांची के प्रेस क्लब में किया जाएगा । इसमें राज्य भर के पर्यावरणविद, शिक्षाविद, आंदोलनकारी, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग एवं पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ बरसों से लड़ाई लड़ रहे लोग शामिल रहेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन हुए 25 वर्ष हो गया लेकिन दुख की बात है कि अभी तक न तो विस्थापन नीति बनी और न ही नियोजन नीति । नियोजन नीति नहीं बनने के चलते आज भी स्थानीय बेरोजगारी युवकों युवतियों की उपेक्षा हो रही है । 25 वर्ष में राज्य में भाजपा की सरकार 16 वर्ष रही लेकिन झारखंडी मूलवासी और आदिवासी के हित में एक भी काम नहीं किया । अन्य सरकार भी झारखंड के बेरोजगारों के हित में कोई काम नहीं कर रही है । लाखों की लाखों संख्या में देश के बड़े शहरों में रोजगार के लिए बेरोजगार लोग पलायन कर जाते हैं, वहीं बताया कि गोंदलपुरा बादाम के लोग अभी भी आंदोलनरत हैं ।


**Government of Jharkhand**
**State Urban Development Agency**
**URBAN DEVELOPMENT AND HOUSING DEPARTMENT**

**e-Procurement Notice**

NIT NO: 05/न० वि०/14th FC(SLB)-02/16-03 Date 19/02/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Project | E-Tender for Selection of agency for Support in Publication of Service Level Benchmark (SLB) of ULBs for Water Supply, Sanitation, Solid Waste Management and Storm Water Drainage through Online PAS Portal. |
| 2. | Tender Fee & Bid Security/ EMD (In INR) | Tender Document Fee: ₹ 5,000.00 Bid Security/EMD: ₹ 50,000.00 The Tender Fee and Bid Security should be paid Online. |
| 3. | Time of Completion | The maximum time limit to submit the Service Level Benchmark Gazette for every concerned year is 04 Months. |
| 4. | Date and Time of E-Publication of Tender on website | On 20/02/2025 from 17:00 HRS |
| 5. | Date of submission of pre-bid queries. | 28/02/2025 till 16:00 HRS, Bidders must submit their queries through post or email (suda.goj@gmail.com) in writing. Mail should contain NIT No. & e-Tender (RFP) Reference no. and RFP Name in email subject line. The replies to the Pre-bid queries will be uploaded on website and will emailed to the bidders. |
| 6. | Mode of submission of bids | e-Tendering (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 7. | Online Last Date/Time for submission of bids | On 17/03/2025 by 16:00 HRS |
| 8. | Date of Technical Bid Opening (Online) | On 18/03/2025 at 16:00 HRS |
| 9. | Bid submission address (Online) | https://jharkhandtenders.gov.in ( E-Tendering) |
| 10. | Helpline no. | 0651-2446640 |

**Note: Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director
State Urban Development Agency

PR 346886 Urban Development(24-25).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

वासनाएं मनुष्या की सबसे निष्ठुर शत्रु हैं, वह तुम्हें तृप्त नहीं कर सकती। केवल ईश्वर को जानने की एकमात्र अभिलाषा रखो। इंद्रियों की मांगों को संतुष्ट करके तुम संतुष्ट नहीं हो सकते, क्योंकि इंद्रियां तुम्हारा स्वरूप नहीं है. वे तो केवल तुम्हारी सेवक हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# 21 भाजपा शासित राज्यों की पहली महिला मुख्यमंत्री

विधानसभा चुनावी नतीजों में ऐतिहासिक जीत के ग्यारह दिन बाद भाजपा विधायक दल द्वारा बतौर मुख्यमंत्री दिल्ली की कमान रेखा गुप्ता के हाथ में सौंपने का निर्णय लिए जाने के साथ ही दिल्ली की राजनीति ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है, जिस पर आज शपथ ग्रहण के बाद औपचारिक मुहर भी लग जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली की सत्ता में वापसी के साथ भाजपा अपने सफर की शुरुआत उसी बिंदु से करने जा रही है, जो छब्बीस साल पहले उसने छोड़ा था। तब सुषमा स्वराज मुख्यमंत्री थीं और अब एक बार फिर एक महिला चेहरे के साथ ही भाजपा दिल्ली की सत्ता में वापसी भी कर रही है। छात्र राजनीति से शुरुआत करने वाली रेखा गुप्ता दिल्ली भाजपा की महासचिव व महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दक्षिण दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रह चुकी हैं। उन्हें एक कुशल प्रशासक और बेहद सक्रिय नेता के रूप में जाना जाता है। अरविंद केजरीवाल की तरह हरियाणा से ताल्लुक रखने वाली रेखा गुप्ता का अनुभव, संघ से जुड़ाव और जमीनी मुद्दों की समझ उन्हें इस पद का उपयुक्त उम्मीदवार भी बनाती है। उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर वैश्य समुदाय व महिला वर्ग को साधने की कोशिश तो की ही गई है, इसके माध्यम से 21 राज्यों की सत्ता में शामिल भाजपा को पहला महिला मुख्यमंत्री चेहरा भी मिला है। रेखा गुप्ता ऐसे वक्त में मुख्यमंत्री बनी हैं, जब दिल्ली यमुना की सफाई, बढ़ते प्रदूषण, जल संकट, ट्रैफिक जाम, अवैध कॉलोनियों इत्यादि तमाम समस्याओं से जूझ रही है। ऐसे में, इन समस्याओं के समाधान के अलावा रोजगार के नए अवसर पैदा करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। ऊपर से, दिल्ली में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के मद्देनजर विपक्ष के साथ संतुलन बिठाते हुए शासन चलाने की चुनौती भी होगी। करीब ढाई दशक बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी हो रही है, तो जनता की बढ़ी हुई अपेक्षाओं पर खरा उतरना भी उनके लिए कोई कम बड़ी चुनौती नहीं होगी। महिला मुख्यमंत्री, उनसे यह आशा रहेगी कि वे महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने और सुरक्षित माहौल बनाने पर भी विशेष ध्यान देंगी। नई मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल दिल्ली को किस दिशा में ले जाएगा, यह तो समय ही बताएगा। लेकिन यह तय है कि उनकी सफलता इस पर निर्भर करेगी कि वे जनता के साथ कितनी निकटता से जुड़ती हैं और उनके मुद्दों का समाधान कितने प्रभावी ढंग से करती हैं। दिल्ली को लोक-लुभावन नहीं, बल्कि ठोस नीतियों व कार्यों की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि रेखा गुप्ता राजधानी को विकास की वह दिशा देंगी, जिसके लिए उसने लंबा इंतजार किया है।अभी से झारखंड में भी चर्चा होने लगी है कि कब झारखंड को भी पहली महिला मुख्यमंत्री मिल रही है।

*महिला मुख्यमंत्री, उनसे यह आशा रहेगी कि वे महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने और सुरक्षित माहौल बनाने पर भी विशेष ध्यान देंगी।*

श्रद्धांजलि

# काव्य जगत का एक व सितारा 'प्राणेश कुमार' खो गया



देश ने हिंदी काव्य जगत के एक सितारे प्राणेश कुमार को खो दिया है। प्राणेश कुमार जीवन के अंतिम क्षणों तक काव्य रचना में मशगूल रहे थे। पिछले दिनों मृत्यु से लगभग एक सप्ताह पूर्व ही प्राणेश कुमार अपने साहित्यिक मित्रों क्रमशः रतन वर्मा और टी.पी पोद्दार के समक्ष कविता का वाचन किया था। उन्होंने उन दोनों साहित्यिक मित्रों की कविताओं को सुनकर अपनी राय भी खुलकर रखी थी। प्राणेश कुमार का संपूर्ण जीवन हिंदी कविता और कथा सृजन को समर्पित रहा था। उनका जन्म 11 जनवरी 1955 को रामगढ़ जिले के गोला में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गोला में ही पूरी हुई थी। उन्होंने उच्च शिक्षा संत कॉलंबा महाविद्यालय से ग्रहण किया था। इसके बाद वे राजकीय सेवा से जुड़ गए थे। प्राणेश कुमार का बचपन से ही हिंदी साहित्य की ओर झुकाव था। वे एक जनवादी विचार धारा के कवि थे। उनका जनवादी पन दिखावा का नहीं बल्कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन एक जनवादी रचनाकार के रूप में बिताया था। उनकी कविताओं में जनवाद की रेखाएं साफ झलकती नजर आती हैं।

प्राणेश कुमार एक संवेदनशील स्वभाव के रहे थे। उनकी यह संवेदनशीलता जीवन के अंतिम क्षणों तक बरकरार रही थी । वे एक सहयोगी प्रकृति के व्यक्ति भी थे। स्कूल और महाविद्यालय में शिक्षण के दौरान जब भी किसी मित्र को कोई कष्ट हुआ, प्राणेश कुमार सीधे मदद करने के लिए पहुंच जाते थे। उनके पास जो भी धन होता, अपने मित्रों के मदद में खर्च किया दिया करते थे। साथ ही वे सशरीर तब तक लगे रहते, जब तक कि मित्र का कष्ट दूर न हो जाए । इस संबंध में झारखंड के जाने-माने कथाकार रतन वर्मा ने बताया कि एक बार उनकी पत्नी मंजू वर्मा गंभीर रूप से बीमार पड़ गई थी। उनका सर्जरी होना था । उनकी पत्नी को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। इस दौरान उनके चार बच्चों की देखभाल कौन करेगा? इसे लेकर रतन वर्मा थोड़ा परेशान भी थे। यह बात जब प्राणेश कुमार को पता चली तब उन्होंने रतन वर्मा के चारों बच्चों को अपने पास तब तक रखा, जब तक कि उनकी पत्नी पूरी तरह स्वस्थ होकर घर न चली जाए। यह बात कहते हुए आज भी रतन वर्मा की आंखें भर जाती हैं। प्राणेश कुमार का यह स्वभाव सिर्फ रतन रतन वर्मा के साथ ही ऐसा था, यह बात नहीं थी बल्कि वे अपने हर एक मित्रों के साथ उतनी ही आत्मीयता के साथ जुड़े हुए थे।

प्राणेश कुमार का हजारीबाग की धरती से गहरा लगाव था। प्राणेश कुमार के लिए हजारीबाग की धरती साहित्यिक कर्मभूमि रही थी। उन्होंने अपने रचना कर्म के शुरुआती दिनों में हजारीबाग में कई रचनाओं को पूरा किया था। हजारीबाग की गलियों में घूमा फिरा करते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात जाने-माने साहित्यकार भारत यायावर और कथाकार रतन वर्मा से हुई थी। बाद के कालखंड में तीनों गहरे साहित्यिक मित्र भी बन गए थे। 80 के दशक में हजारीबाग के हिंदी साहित्यिक प्रतिभाओं को उभारने के लिए इन तीनों मित्रों ने मिलकर 'संभावना संगोष्ठी' नामक एक साहित्यिक संस्था का स्थापना किया था। उस कालखंड में हजारीबाग के काफी संख्या हिंदी के रचनाकार सृजन रत थें। लेकिन इन सबों के लिए कोई एक साहित्यिक मंच नहीं था। प्राणेश कुमार, भारत यायावर और रतन वर्मा ने मिलजुल कर 'संभावना संगोष्ठी' का गठन कर स्थानीय साहित्यकारों को एक उच्च कोटि का मंच प्रदान किया गया था। सप्ताह में एक बार संभावना संगोष्ठी की गोष्टी जरूर होती थी । जिसमें काफी संख्या में हजारीबाग के हिंदी के साहित्यकार जुटा करते थे। इस गोष्ठी में रचनाकार अपनी रचनाओं का पाठ किया करते थे । यह लिखते हुए गर्व होता है कि इसी संभावना संगोष्ठी से निकले कई साहित्यकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहें थे। संभावना संगोष्ठी की अधिकांश गोष्ठियां रमणिका गुप्ता फाउंडेशन कार्यालय के बाहर वाले सभा कक्ष में संपन्न हुआ करती थी। आगे चलकर संभावना संगोष्ठी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में भी सफल रही थी। देश भर के साहित्यकार संभावना संगोष्ठी को जानने लगे थे। प्राणेश कुमार एक कवि के साथ एक अच्छे कथाकार भी थे। लेकिन उन्हें एक कवि के रूप में ज्यादा प्रसिद्धी मिल पाई। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में 'एक ही परिवेश' (अन्य पांच कवियों के साथ), "सख्त जमीन के लिए' (कविता संग्रह), 'तुमसे मुखातिब' (कविता संग्रह), 'हंसता है सूत्रधार' (कविता संग्रह), 'ढाई आखर' (कविता संग्रह) 'खोया हुआ आदमी' (लघु कथा संग्रह) 'जुस्जू रोशनी की' (गजल संग्रह), 'निशा का अंतिम प्रहर' (गीत संग्रह), 'सत्य का झोंका' (लघु कथा संग्रह) 'क से कविता' (कविता संग्रह) 'प्रतिनिधि कविताएं', 'मुंडेर पर चिड़िया' (कविता संग्रह। इसके साथ ही उन्होंने अपने जीवन काल में कई पुस्तकों का संपादन भी किया। 'आम आदमी के लिए' ( कविता संग्रह), 'एक गीत लिखने का मन' (गीत संग्रह) 'रोशनी की लकीरें' (कविता संग्रह), 'समकालीन कहानी' ( कहानी संग्रह), 'नया मिजाज' (गजल संग्रह), 'बोनेक बोल' (खोरठा कवित संग्रह) 'लठैत की बहू' (कहानी संग्रह)। हजारीबाग से प्रकाशित 'युद्ध रत आम आदमी' नमक साहित्यिक पत्रिका का दस वर्षों तक संपादन भी किया। उनकी रचनाएं देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में नियमित प्रकाशित होती रही थी। उनकी कई रचनाएं अन्य भाषाओं में भी अनुदित हुईं।

प्राणेश कुमार को 2018 में जब यह पता चला कि उन्हें पेट का कैंसर हो गया। वे बिल्कुल विचलित नहीं हुए बल्कि उन्होंने कैंसर को मात देने के लिए उचित चिकित्सीय सहारा लिया। चिकित्सकों ने उन्हें जो भी परामर्श दिया, उन्होंने पूरी तरह पालन किया। इस दौरान उन्हें विषम सर्जरी का भी सामना करना पड़ा था। वे बिना विचलित हुए सर्जरी का सामना किया । वे कैंसर को परास्त करते हुए आगे बढ़ते रहे थे। जब भी उन्हें अवसर मिलता लेखन से जुड़ जाता करते थे। उन्होंने कभी भी अपने किसी मित्र के समक्ष कैंसर होने का रोना रोया था। कैंसर होने के बावजूद वे अपने मित्रों से खुलकर हंसते बोलते थे । कौन लेखक क्या रचना कम कर रहा है ? इसकी उन्हें जानकारी होती थी। सोशल मीडिया पर भी प्राणेश कुमार गतिशील बने रहते थे । वे अपनी रचनाओं को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया करते थे। उनकी रचनाओं पर मिलने वाले प्रतिक्रियाओं का जवाब भी बहुत ही ढंग से दिया करते थे । कैंसर उन्हें हराने का बहुत प्रयास किया लेकिन हर बार कैंसर ही उनसे हार जाया करता था। उनकी उंगलियां जब भी मोबाइल और लैपटॉप पर गतिशील होती थीं, तब कोई न कोई रचना जन्म ले लेती थीं । उनकी यह जीवटता अपने आप में बेमिसाल थी। जीवन के अंतिम दिनों में जब डॉक्टर ने उनके परिवार को यह बता दिया कि अब प्राणेश कुमार ज्यादा दिनों तक रहने वाले नहीं है। इसके बावजूद प्राणेश कुमार की साहित्यिक गतिशीलता कम नहीं हुई थी। इसी दौरान उन्होंने देश के जाने-माने कथाकारों की प्रतिनिधि कहानियों को लेकर एक कथा संग्रह भी तैयार कर लिया। उन्होंने कथा संग्रह पर अपनी ओर से पूरा काम भी कर लिया था। उम्मीद है कि कुछ महीनो में ही उनका यह कथा संग्रह लोगों तक उपलब्ध भी हो जाए। साहित्य के प्रति उनका यह गहरा लगाव अद्भुत था। प्राणेश कुमार 20 फरवरी,2025 को सुबह 7:00 बजे इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु हिंदी सहित जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति के समान है। लेकिन यह भी सच है कि जिनका जन्म हुआ है, उसे मृत्यु को प्राप्त भी करना है। प्रणेश कुमार एक जिंदादिल कवि - कथाकार थे। इसी जिंदादिल के साथ उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**विजय केसरी**
कथाकार/स्तंभकार

## दादाजी का आखिरी सम्मान

बुढ़ापा तो अपने आप में एक महागाथा है, और हमारे यहाँ इसे पवित्रता का दर्जा दिया गया है। लेकिन ये पवित्रता असल में एक ऐसा ताज है जो काँटों से भरा है। हमारे किस्से के नायक, 82 साल के जगन्नाथ शर्मा, इसी पवित्रता की चक्की में पिस रहे थे। कानपुर के अपने छोटे से फ्लैट में, जहाँ तीन पीढ़ियाँ रहती थीं, दादाजी का होना सिर्फ तभी याद आता था जब चाय पीने के लिए किसी को पुराने अखबार चाहिए होते थे। जगन्नाथ शर्मा का ज्यादातर समय उनकी लकड़ी की पुरानी कुर्सी पर कटता था, जो उनके साम्राज्य का इकलौता सिंहासन था। उनकी पोती रिया अक्सर कहती थी, "दादाजी किसी पुराने मंदिर जैसे हैं-देखने में अच्छे, लेकिन दूर से ही सही।" और उनका पोता केशव, जो अपने महंगे स्मार्टफोन से शायद ही कभी नजरें हटाता था, अक्सर तंज कसता, "बुजुर्गों का असली सुख तो उनका अकेलापन है। उनसे बात करो तो वो भी अपने अनुभवों से रुला देंगे!" जगन्नाथ जी के बेटे, प्रकाश, एकदम आदर्श बेटे होने का दिखावा करने में माहिर थे। वे अक्सर अपने दोस्तों से कहते, "हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए।" और उसी संस्कार के तहत वे अपने पिताजी को बचा-खुचा खाना और ढेर सारी अनदेखी परोस देते। "पापा, आपकी पीढ़ी में सादगी थी। अब इस जमाने में वक्त कहां मिलता है?"अब ये सुनहरा दिन आया, जब परिवार ने "बुजुर्ग सम्मान दिवस" मनाने का फैसला किया। ये कोई त्योहार नहीं था, बस एक फोटो-अपॉर्चुनिटी थी। सबने मिलकर तय किया कि दादाजी की फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर डालनी है। केशव ने पोस्ट में लिखा, "# ग्रेटेस्टऑफ़ऑलटाइम। हमारे दादाजी, भारतीय संस्कृति का सच्चा नमूना।" दादाजी उस वक्त रसोई में रखी बासी चाय देख रहे थे, जो सुबह से ठंडी हो चुकी थी। दोपहर में पड़ोसी भी पहुंच गए। "जगन्नाथ जी तो हमारे मोहल्ले के सम्मान हैं," श्रीमती गुप्ता ने कहा, जिनकी शिकायत हमेशा रहती थी कि दादाजी पार्क में ज्यादा वक्त बिताते हैं। मिठाई का डिब्बा उनके साथ था, जो शायद दादाजी के मधुमेह के लिए किसी सजा से कम नहीं था। "बुजुर्ग तो घर के खजाने होते हैं," उन्होंने कहा, लेकिन उनकी आवाज में वो खनक थी जो सोने की गिन्नियों में होती है-खाली दिखावा। शाम को जब केक काटने की बारी आई, तो ये भी एक व्यंग्य से कम नहीं था। केक को वॉकर के आकार में बनाया गया था। "दादाजी, इसे काटिए! ये तो आपके जैसा है," रिया ने हंसते हुए कहा। जगन्नाथ जी ने पूरी ताकत जुटाई और उठ खड़े हुए। उनकी आवाज में गुस्सा और ठहराव दोनों था, "बस बहुत हो गया! **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

# सैन्य-शैली अनुशासन की शुरुआत स्कूलों से हो

अनुशासन के लिए जाने जानेवाली भारतीय सेना इसके आधिकारिक आदर्श वाक्य "सेवा अस्माकम धर्म" (स्वयं से पहले सेवा) द्वारा निर्देशित है। सैन्य सेवा की अनूठी मांग के कारण भारतीय सेना में अनुशासन अन्य क्षेत्रों से भिन्न है। सैनिकों को कठोर प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है जो अनुशासन को उनके खून में बसा देता है। यह प्रशिक्षण शारीरिक सहन शक्ति, मानसिक लचीलापन और भावनात्मक नियंत्रण के माध्यम से अनशासन स्थापित करता है । भारतीय सेना विषम परिस्थितियों में काम करती है जहां अनुशासन जीवन और मृत्यु के बीच अंतर ला सकता है। वाक्यांश "एक सभी के लिए और सभी एक के लिए" एकता, भाईचारे और टीम वर्क की भावना को दर्शाता है जिसके लिए भारतीय सेना खड़ी है। यहां आदेशों का बिना किसी सवाल के तुरंत (युद्ध की स्थिति में) पालन किया जाता है क्योंकि लोग एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं। पदानुक्रमित संरचना का सम्मान किया जाता है।यहां निर्देशों का पालन आज्ञाकारी ढंग से किया जाता है।

जब कि इसके उलट कॉर्पोरेट में निर्णय लेने में लचीलापन होता है।सिविल नौकरियों की कार्यावधि निश्चित होती है जबकि सेना 24/7 सक्रिय रहती है। सैनिक न केवल काम के दौरान बल्कि जीवन के सभी पहलुओं में अनुशासित (शारीरिक फिटनेस, समय की पाबंदी और व्यक्तिगत आचरण) रहते हैं। वर्तमान में देखा जा रहा है कि विद्यार्थियों के अनुशासन एवं नैतिक दृष्टिकोण में गिरावट आ रही है। छात्रों द्वारा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, नशीली दवाओं का सेवन करने, अपराध करने और आत्महत्या करने जैसी कई घटनाएं सुनने में आती हैं।

लेकिन सवाल ये है कि ऐसा क्यों हो रहा है. क्या हमें अपने शैक्षणिक संस्थान में कुछ बदलाव लाने की ज़रूरत है, जो छात्रों को देश का एक जिम्मेदार और रचनात्मक नागरिक बनने का प्रशिक्षण और अनुशासन प्रदान करे? सैन्य प्रशिक्षण समय की पाबंदी, अधिकार के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी पर जोर देता है। ये ऐसे गुण हैं जो छात्रों को स्मार्ट तरीके से आगे बढ़ने और काम टालने और आलस्य की आदत को कम करने में मदद करेंगे। स्कूल और कॉलेज टीम वर्क को विकसित करने के लिए अभ्यास, समूह कार्य और नेतृत्व भूमिका जैसी गतिविधियों को विकसित कर सकते हैं। विद्यार्थी स्वयं के साथ-साथ अपने साथियों की भी जिम्मेदारी लेना सीखेंगे। सख्त अनुशासन अवज्ञा और बदमाशी जैसी बुरी आदतों को हतोत्साहित करता है जिससे छात्र शिक्षकों, नियमों और समाज का सम्मान करना सीखते हैं।

सैन्य अनुशासन शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देगा।यह मोटापे और अवसाद से निपटने में मदद करेगा। विद्यार्थी मानसिक और शारीरिक रूप से आत्मविश्वास महसूस करेंगे। छात्र संरचित दिनचर्या और चुनौतियों के माध्यम से समय प्रबंधन और मानसिक लचीलापन सीखेंगे। यह छात्रों में व्यावसायिकता पैदा करता है। हालांकि सैन्य अनुशासन को शिक्षा में रचनात्मकता और लचीलेपन के साथ संतुलित करने की आवश्यकता है। सख्त अनुशासन से डर का माहौल नहीं बनना चाहिए या अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा इसका दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। स्कूलों को रचनात्मकता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और लचीलेपन के लिए मिश्रित वातावरण के साथ एक सैन्य अनुशासन मॉडल अपनाना चाहिए। इसमें देशभक्ति के माध्यम से देश के प्रति सम्मान और ज़िम्मेदारी का भाव विकसित करना हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**ले कर्नल अभिषेक कुमार**
आयुध अधिकारी, भारतीय सेना

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हंस कर टाली जब कही, पनिहारी ने बात।
मुखिया तेरे गाँव का, कूआं सूखा जात।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मातृभाषाएं संवारती हैं संस्कार और संस्कृति को

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

मातृभाषा केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपराओं, जीवनमूल्यों और इतिहास को संजोने का एक सशक्त साधन है। यह समाज, संस्कृति एवं राष्ट्र के लिए पहचान का महत्वपूर्ण साधन होती है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़कर अधिक अच्छी तरह से समझ विकसित करते हैं, वहीं आमजन के लिये संवाद एवं व्यवहार का प्रभावी माध्यम भी यही है। इससे उनकी बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। यूनेस्को ने मातृभाषा के महत्व को समझते हुए मातृभाषा के संरक्षण और बहुभाषी शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हर साल 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 1999 में की और 2000 से इसकी शुरुआत की। इस वर्ष 25वीं वर्षगांठ मनाते हुए इसकी थीम "भाषा का महत्वः अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह" है, जो 2030 तक अधिक समावेशी और टिकाऊ विश्व के निर्माण के लिए भाषाई विविधता पर प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता को रेखांकित करेगा। भाषाई विविधता को बढ़ावा देने, लुप्तप्राय भाषाओं की रक्षा करने और बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को प्रदर्शित करने पर जोर दे रहा है। तकनीकी विकास और इंटरनेट के सुरक्षित विस्तार के साथ, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि स्थानीय और मातृभाषाओं को डिजिटल माध्यमों में कैसे संरक्षित किया जाए। यह दिवस हमें भाषाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित करने और अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए प्रेरित करता है।

यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से अस्तित्व में रहते हैं जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को स्थायी तरीके से प्रसारित और संरक्षित करते हैं। भाषाई विविधता लगातार खतरे में पड़ती जा रही है क्योंकि अधिकाधिक भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर 40 प्रतिशत आबादी को उस भाषा में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा नहीं है जिसे वे बोलते या समझते हैं। फिर भी, बहुभाषी शिक्षा में प्रगति हो रही है, इसके महत्व की समझ बढ़ रही है, खासकर प्रारंभिक स्कूली शिक्षा में, और सार्वजनिक जीवन में इसके विकास के लिए अधिक प्रतिबद्धता है।

मातृभाषा जीवन का आधार है, यह एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरु कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। विश्व में विगत 40 वर्षों में लगभग डेढ़ सौ से अधिक अध्ययनों के निष्कर्ष हैं कि मातृभाषा में ही शिक्षा होनी चाहिए, क्योंकि बालक को माता के गर्भ से ही मातृभाषा के संस्कार प्राप्त होते हैं। भारतीय वैज्ञानिक सी.वी.श्रीनाथ शास्त्री के अनुभव के अनुसार अंग्रेजी माध्यम से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने वाले की तुलना में भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़े छात्र, अधिक वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। भारत में मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने उच्च शिक्षा के स्तर पर भी बहुभाषिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्वीकार किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ललित गर्ग**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए उतरेगा अफगानिस्तान

**कराची।** पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट में भाग ले रही अफगानिस्तान की टीम सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखकर शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम को चौंकाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के टूनार्मेंट में महत्वपूर्ण मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती रही है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी रहे हैं लेकिन इसके बावजूद वह अभी तक केवल चैंपियंस ट्रॉफी ही जीत पाई है। इस बार भी दक्षिण अफ्रीका की टीम बेहद संतुलित नजर आ रही है और उसकी बल्लेबाजी काफी मजबूत है। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में कप्तान टेम्बा बावुमा, टोनी डी जोरजी, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मार्करम शीर्ष क्रम में जबकि हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसका गेंदबाजी विभाग है क्योंकि तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया, नांद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी चोटिल होने के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। ऐसे में अपनी आक्रामकता के लिए मशहूर तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी तथा मार्को यानसन और लुंगी एनगिडी को उनका अच्छी तरह से साथ देना होगा। स्पिन विभाग में केशव महाराज और तबरेज शम्सी की अहम भूमिका होगीं।

दक्षिण अफ्रीका का हाल में वनडे में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि वह इन मैचों में विभिन्न कारणों से अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरा था। इस ग्रुप की अन्य दो टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड है जो खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रहे हैं और ऐसे में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के पास नॉकआउट चरण में पहुंचने का यह शानदार मौका होगा। उसने वनडे विश्व कप 2023 में इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका को हराया और पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमी फाइनल में जगह बनाई। अफगानिस्तान ने इस तरह से साबित कर दिया है कि उसकी टीम को अब केवल छुपा रुस्तम तक सीमित रखना सही नहीं होगा।

**दक्षिण अफ्रीका**

टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

**अफगानिस्तान**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

शुभमन गिल का शतक

# टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को हराया



**एजेंसी/नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले ही मुकाबले में विजयी शुरूआत की है। दुबई के स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 229 रन का लक्ष्य 47वें ओवर में हासिल किया। इस दौरान शुभमन गिल के बल्ले से शतक निकला। उन्होंने एक छोर संभलते हुए 125 गेंदों पर शतक जमाया। यह चैंपियंस ट्रॉफी के पहले ही मुकाबले में शुभमन का शतक है। वह वनडे फार्मेट में नंबर वन बल्लेबाज है। इस पारी ने उन्हें साबित भी कर दिया कि वह क्यों नंबर वन है। इससे पहले मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लेकर बांग्लदेश को 228 रन पर रोका था। बांग्लादेश की ओर से तौहीद ने शतक लगाया लेकिन टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पाई। भारतीय टीम ने इसे आसानी से हासिल कर लिया।

**बांग्लादेश : 228 (49.4 ओवर)**

बांग्लादेश ने तौहिद ह्रदय (100 रन) के शतक और जाकिर अली (68 रन) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच छठे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच में भारत के खिलाफ 49.4 ओवर में 228 रन का स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 53 रन देकर पांच विकेट झटके और सबसे कम मैच में 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने। हर्षित राणा ने तीन और अक्षर पटेल ने दो विकेट अपने नाम किए। ह्रदय और जाकिर ने बांग्लादेश को ऐसे समय में संभाला जब टीम 35 रन पर पांच विकेट गंवाकर जूझ रही थी। दोनों ने छठे विकेट के लिए 154 रन की भागीदारी निभाई जो इस विकेट के लिए किसी भी टीम द्वारा भारत के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी है।

**भारत : 231/4 (46.3 ओवर)**

जवाब में खेलते हुए टीम इंडिया ने ओपनर्स रोहित शर्मा और शुभमन गिल की बदौलत तेजतर्रार शुरूआत की। रोहित लय में नजर आए। उन्होंने 12 रन पूरे करते ही वनडे फॉर्मेट में 11 हजार रन भी पूरे कर लिए। उनका 10वें ओवर में विकेट गिरा। उन्होंने 36 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 41 रन बनाए। इसके बाद क्रीज पर विराट कोहली आए। वह 13 रन बनाते ही आईसीसी वनडे टूनामेंट्स में रिकी पोंटिंग से ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। उन्हें 22 के स्कोर पर राशिद हुसैन ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। वहीं, शुभमन गिल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद श्रेयस आए लेकिन वह 15 रन बनाकर ही आऊट हो गए। क्रीज पर आए अक्षर पटेल भी मात्र 8 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद टीम इंडिया को शुभमन और केएल राहुल जीत तक ले गए। शुभमन ने 125 गेंदों पर शतक जड़ा। केएल राहुल ने 41 रन बनाए। अब टीम इंडिया का आगामी मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी को दुबई में ही होना है।

# भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ मैचों में निरंतरता बनाए रखना चाहती है : हरमनप्रीत



**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अपने अगले मैचों में आयरलैंड से भिड़ने के लिए तैयारियों में निरंतरता बनाए रखने का लक्ष्य रखेगी, कप्तान हरमनप्रीत ने जोर देकर कहा कि हर मैच महत्वपूर्ण है, और टीम पिछली जीत की लय को जारी रखना चाहेगी। अपने अभियान की मिली-जुली शुरूआत के बाद, भारत आगामी मैचों में ठोस प्रदर्शन के साथ गति बनाने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहा है। मेजबान टीम ने टूनार्मेंट की शुरूआत स्पेन के खिलाफ 3-1 से हार के साथ की, लेकिन दूसरे गेम में उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-0 की शानदार जीत के साथ जल्दी ही वापसी की। हालांकि, जीत की उनकी तलाश तब थम गई जब उन्हें अपने तीसरे मैच में जर्मनी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। चौथे मैच में भारत ने वापसी की और कप्तान हरमनप्रीत और उप कप्तान हार्दिक सिंह की वापसी की बदौलत जर्मनी पर 1-0 से जीत हासिल की।

## कार्लोस अलकराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**दोहा(हि.स.)।** स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने बुधवार को इतालवी क्वालीफायर लुका नारदी को हराकर कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हालांकि, यह जीत उनके लिए आसान नहीं रही। पहला सेट जीतने और दूसरे सेट में 4-1 की बढ़त लेने के बावजूद, अलकराज को संघर्ष करना पड़ा जब नारदी ने लगातार पांच गेम जीतकर मैच को निर्णायक सेट तक खींच लिया। तीसरे सेट में, अलकराज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और 6-1, 4-6, 6-3 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# चैंपियंस लीग: एमबापे की हैट्रिक ने रियल मैड्रिड को अंतिम-16 में पहुंचाया



**मैड्रिड(आईएएनएस)।** किलियन एमबापे की हैट्रिक की बदौलत रियल मैड्रिड ने गुरुवार (आईएसटी) को सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी पर 3-1 से जीत दर्ज करके यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह मैनचेस्टर में 3-2 से मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड ने 6-3 से जीत दर्ज की। सिटी के स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड घुटने की चोट से जूझ रहे थे और एक सप्ताह पहले दो गोल करने वाले नॉर्वे के खिलाड़ी ने खेल की शुरूआत सब्सटीट्यूट बेंच पर की, क्योंकि उनकी टीम शुरू से अंत तक संघर्ष करती रही, डिफेंस में फिर से कमजोर दिखी, जबकि खेल खत्म होने तक अटैक में कुछ भी करने में विफल रही।

रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी चोट के बाद एंटोनियो रुडिगर को वापस लाने में सफल रहे, जिससे उन्हें राऊल एसेनसियो को राइट-बैक पर खेलने और फेडेरिको वाल्वरडे को मिडफील्ड में लाने का मौका मिला।

चौथे मिनट में, एसेनसियो ने एक लंबी गेंद भेजी, जिसे रूबेन डायस एमबापे के दबाव में संभालने में विफल रहे, और फ्रांस के फॉरवर्ड ने सिटी के गोलकीपर एडरसन के ऊपर से गेंद को उछाला, जो नो-मैन्स लैंड में फंस गए।

## रेफरी को अपशब्द कहने पर जूड बेलिंगहैम पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध

**मैड्रिड (हि.स.)।** स्पेनिश फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ ) की अनुशासनात्मक समिति ने रियल मैड्रिड के इंग्लिश मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया है। यह कार्रवाई उन्हें ओसासुना के खिलाफ पिछले शनिवार को खेले गए मैच में लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद की गई है। मैच के पहले हाफ में रेफरी जोस लुइस मुनुएरा मोंटेरो ने बेलिंगहैम को अपशब्द कहने के आरोप में बाहर भेज दिया था। हालांकि, रियल मैड्रिड ने रेफरी की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेलिंगहैम ने एफ यू की जगह एफ ऑफ कहा था। आरएफईएफ ने बेलिंगहैम को ₹रेफरी के प्रति अनादर₹ का दोषी पाया है, जिसके चलते उन्हें दो मैचों के लिए निलंबित किया गया। यदि उन्हें रेफरी का अपमान करने का दोषी माना जाता, तो उनका प्रतिबंध 4 से 12 मैचों तक बढ़ सकता था।

# भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में शिरकत करेगा



**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में 8 मार्च, 2025 से 15 मार्च, 2025 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता शिरकत करने वाले भारतीय दल में 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी 6 खेल स्पधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह भव्य प्रतियोगिता इस साल का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा, जिसमें भारी संख्या में एथलीट, सपोर्ट स्टाफ और अन्य लोग अपनी भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसमें बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों की अविश्वसनीय प्रतिभा और लचीलापन देखने को मिलेगा। इन खेलों के माध्यम से विश्व स्तर पर समावेश को बढ़ावा मिलेगा।

# मुझे अक्सर संदेह होता था कि मैं फिर से खेल पाऊंगा या नहीं: मोहम्मद शमी



**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने खुलासा किया है कि 2023 में टखने की चोट से पीड़ित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी कितनी कठिन रही है और उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा भी हुआ जब उन्हें लगा कि उन्हें देश के लिए फिर से खेलने का मौका कभी नहीं मिलेगा। शमी को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी, जिसके कारण वह एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहे। वह 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की हार के बाद से देश के लिए नहीं खेले थे, जहां तेज गेंदबाज टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शमी ने इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में बंगाल के पांचवें दौर के मैच के माध्यम से पेशेवर क्रिकेट में सफल वापसी की, जहां उन्होंने अपनी टीम की जीत में सात विकेट लिए। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में बंगाल की गेंदबाजी का नेतृत्व भी किया, जिसमें 11 मैचों में 7.85 की इकॉनमी रेट से नौ विकेट चटकाए, जिसमें हैदराबाद के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ 3-21 रहा। हालांकि, चोट के फिर से उभरने के कारण पेसर पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से बाहर हो गए। लेकिन, 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए चार व्हाइट-बॉल मुकाबलों में भाग लेकर सफल वापसी की। अब वह गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में देश के लिए खेलते हुए अपनी वापसी को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में होने से लेकर अचानक खुद को ऑपरेटिंग टेबल पर पाना और फिर चोटिल होना वाकई बहुत कठिन था।" शमी ने आईसीसी से कहा, डॉक्टर से मेरा पहला सवाल था 'मुझे मैदान पर वापस आने में कितने दिन लगेंगे'। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता आपको चलाना, फिर जॉगिंग और फिर दौड़ना सिखाना है और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बारे में सोचना अभी भी एक दूर का लक्ष्य है।



# 2025-26 में दुनिया की सबसे तेजी गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा : आरबीआई

एजेंसी

**मुंबई।** आरबीआई के लेटेस्ट मासिक बुलेटिन के अनुसार, हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर 2024-25 की दूसरी छमाही के दौरान भारत की आर्थिक गतिविधि की गति में क्रमिक वृद्धि की ओर इशारा करते हैं, जो आगे भी जारी रहने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, एक चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था 2025-26 के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए तैयार है। आईएमएफ और विश्व बैंक ने क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि केंद्रीय बजट 2025-26 घरेलू आय और खपत को बढ़ावा देने के उपायों के साथ-साथ पूंजीगत व्यय पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर राजकोषीय समेकन और विकास उद्देश्यों को बेहतर तरीके से संतुलित करता है। प्रभावी पूंजीगत व्यय/जीडीपी अनुपात को 2024-25 (संशोधित अनुमान) में 4.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2025-26 में 4.3 प्रतिशत करने का बजट बनाया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.3 प्रतिशत पर आ गई, जो पांच महीने का सबसे निचला स्तर है। इसका मुख्य कारण सर्दियों की फसलों के बाजार में आने से सब्जियों की कीमतों में आई तेज गिरावट है। हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर दर्शाते हैं कि अर्थव्यवस्था 2024-25 की दूसरी छमाही के दौरान सुधार की राह पर है। जनवरी में परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) में औद्योगिक गतिविधि में पिछली तिमाही की तुलना में सुधार दर्ज किया गया है। बुलेटिन के अनुसार ट्रैक्टर की बिक्री में वृद्धि, ईंधन की खपत में वृद्धि और हवाई यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि भी समग्र गति में सुधार की ओर इशारा करती है। यह इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि कृषि आय में वृद्धि से ग्रामीण मांग में तेजी बनी हुई है।




रिजर्व बैंक द्वारा किए गए उद्यम सर्वेक्षण इस आकलन की पुष्टि करते हैं। सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों ने शुरूआती परिणामों के अनुसार तीसरी तिमाही के दौरान बिक्री वृद्धि में तेजी दर्ज की। रिपोर्ट के अनुसार, क्रमिक आधार पर, परिचालन लाभ मार्जिन भी बेहतर बिक्री वृद्धि के अनुरूप अधिक रहा है। इसमें आगे कहा गया है कि निजी क्षेत्र के निवेश इरादे स्थिर रहे, बैंकों/वित्तीय संस्थानों (एफआई) द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की कुल लागत चालू वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये रही। पूंजीगत व्यय के उद्देश्य से ईसीबी और आईपीओ में भी तीसरी तिमाही के दौरान वृद्धि दर्ज की गई। वैश्विक व्यापार और भू-राजनीतिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता का घरेलू इक्विटी बाजारों पर असर पड़ा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से बिक्री दबाव के कारण बेंचमार्क और व्यापक बाजारों में गिरावट आई क्योंकि भावनाएं कमजोर रहीं।

# ग्रीन शिपिंग को बढ़ावा देने के लिए भारत में बड़े कदम उठाए गए : केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर



**मुंबई(आईएएनएस)।** मुंबई में आयोजित शिपिंग महानिदेशालय (डीजीएस) और इंस्टीट्यूट ऑफ मरीन इंजीनियर्स (इंडिया) के ग्रीन शिपिंग कॉन्क्लेव 2025 में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है और इसे नियंत्रित करने के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से देश में ग्रीन पोर्ट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे समुद्री क्षेत्र के हितधारकों को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जब से इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन (आईएमओ) भारत के साथ जुड़ा है, तब से विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है। दुनिया के बारह प्रमुख देश इस दिशा में जो तकनीक अपना रहे हैं, भारत भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने ग्रीन शिपिंग की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि इससे भारत का समुद्री क्षेत्र मजबूत होगा।

# आईफोन 16ई एप्पल के लिए भारत में मील का पत्थर होगा साबित : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** उद्योग विशेषज्ञों ने गुरुवार को कहा कि एप्पल द्वारा भारत में अपने विकास की गति को बनाए रखने और विकसित बाजारों में मांग को फिर से बढ़ाने के लिए आईफोन 16ई का लॉन्च एक महत्वपूर्ण कदम है। एप्पल ने हाल ही में आईफोन 16ई की घोषणा की है, जो आईफोन 16 लाइनअप का एक नया प्रोडक्ट है। यह ज्यादा किफायती मूल्य पर पावरफुल कैपेबिलिटी प्रदान करता है। यह फोन ए18 चिप की इंडस्ट्री-लीडिंग एफिशिएंसी और एप्पल द्वारा डिजाइन किए गए पहले सेलुलर मॉडेम के साथ फास्ट, स्मूद परफॉर्मेंस और बेहतरीन बैटरी लाइफ के साथ लाया गया है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में भारत में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई, जबकि सुपर-प्रीमियम (50,000 रुपये से 1,00,000 रुपये) और उबर-प्रीमियम (1,00,000 रुपये से ऊपर) सेगमेंट में क्रमशः 10 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अब हर पांच डिवाइस में से लगभग एक प्रीमियम स्मार्टफोन है, जो कंज्यूमर की कटिंग-एज टेक्नोलॉजी और लाइफस्टाइल-ऑरिएंटेड वरीयता से जुड़ा है।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद

**मुंबई।** भारत के घरेलू बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में आईटी, फार्मा और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 203.22 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,735.96 पर बंद हुआ। सूचकांक ने 75,794.15 के इंट्रा-डे हाई को छुआ था, लेकिन बंद होने से पहले 75,463.01 का निचला स्तर भी देखा। निफ्टी सूचकांक 19.75 अंक या 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,913.15 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान सूचकांक 22,923.85 और 22,812.75 के बीच कारोबार करता रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, एक और दिन निफ्टी के एक सीमित दायरे में रहने और एक निर्धारित स्तर से आगे न बढ़ पाने के साथ बीता। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक दे ने कहा, हालांकि, ब्रॉडर मार्केट शेयरों में शानदार तेजी देखी गई।

# घटिया निर्माण पर ग्रामीणों ने पीसीसी काम रोका



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पीएमजीएसवाई से निर्मित हैदरनगर प्रखंड की महत्वपूर्ण बिलासपुर मोड़ से वाया बिलासपुर, नौडीहा, पतरिया, बंशीपुर, बभंडी होते मरघटिया पथ से हैदरनगर उच्च विद्यालय तक 14 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण के दौरान पीसीसी कार्य को हैदरनगर में ही बुधवार की देर शाम को रोक दिया है। उन्होंने पलामू के उपायुक्त से निर्माण कार्य की जांच कर संवेदक पर तत्काल कार्रवाई कर काली सूची में डालने की मांग की है। हालांकि ग्रामीणों ने संबधित संवेदक से प्राक्कलन अनुसार कार्य करने व इस मार्ग में बिछाये गये डस्ट पर पानी प्रतिदिन छिड़काव करने को कहते रहे, किन्तु आज तक इसका अनुपालन नहीं किया गया। कार्य स्थल पर मौजूद संवेदक के मुंशी ने कहा कि प्राक्कलन मुताबिक ही कार्य किया जा रहा है। पूर्व की बनी सड़क की बिना सफाई किये ही आठ ईंच के बजाय मात्र तीन इंच ढलाई किया जा रहा था। हैदरनगर बाजार क्षेत्र के ग्रामीण व भाजपा नेता संजय कुमार सिंह, शंकर ठाकुर, अशोक सिंह ने पलामू के उपायुक्त से सड़क निर्माण कार्य में की गई अनियमितता की अविलंब जांच कराने की मांग की है।

# तीन नकाब पोश बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर सीएचसी लूटा

## एक माह के अंदर दूसरी बार लूट की घटना

### पैसा नहीं मिलने पर पर आई फोन उठा ले भागे



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जवाहर पथ मुहल्ला में भारतीय स्टेट बैंक अधीन स्थापित सद्दाम राईन के ग्राहक सेवा केंद्र को नकाबपोश अपराधियों ने पिस्टल की नोंक पर लूटने का प्रयास किया। बुधवार की देर रात सीएसपी सहित बाजार में ग्राहकों की भीड़ जमा थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीएसपी के सामने बाइक से पहुंचे तीन नकाबपोश अपराधियों ने पिस्टल सटाकर पैसे देने की मांग की। पैसा शाम ढ़लते ही सीएसपी में बचे ही नहीं थे। गुस्साए अपराधियों ने संचालक का एक आई फोन लेकर भाग निकले। एक माह के भीतर ही सीएसपी में लूट की दूसरी घटना से बाजार क्षेत्र के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी दहशत है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि इस घटना की सूचना स्थानीय थाना को दिये जाने के बाद पूरे मामले की छानबीन में पुलिस जुटी है। साथ ही कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालने का काम जारी है। हैदरनगर थाना प्रभारी के रुप में बुधवार को ही प्रशिक्षु आइपीएस दिव्यांश शुक्ल के पदभार ग्रहण किये जाने के बाद अपराध नियंत्रण पर हरसंभव लगाम लगने की आस लोगों में है।

## क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल के समीप मिला युवक का शव, दुर्घटना या हत्या पुलिस कर रही है जांच

**प्रतापपुर (चतर)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बलवा दोहर सड़क किनारे क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल के साथ एक युवक का शव गुरुवार को ग्रामीणों ने देखकर सूचना प्रतापपुर पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। वहीं क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल और पास में पड़े युवक के शव को देखकर उपस्थित लोगों ने कहा प्रथम द्दष्टया सड़क दुर्घटना का मामला जान पड़ता है। शव की पहचान नीरज कुमार यादव पिता उमेश यादव के रूप में मृतक के दादा बलवादोर निवासी जगदीश यादव ने की। दुसरी ओर नीरज के हुई इस मौत को लेकर उसके परिजन हत्या की आशंका जाता रहे हैं। वहीं इस संदर्भ में मृतक के दादा जगदीश यादव ने प्रतापपुर थाने में आवेदन देकर 18 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। उनका कहना है कि एक दिन पहले उन्हें धमकी दी गई थी कि तुम्हारे पोता को जान मार देंगे और यह घटना अब घटित हो गई तो ऐसा प्रतीत होता है।

# फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। यह जानकारी चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि थाना के वारंटी शिवकुमार कोरवा उर्फ शनिचर कोरवा पिता टुन्नू कोरवा थाना क्षेत्र के परशुखाड़ गांव निवासी पर न्यायालय से वारंट निर्गत था। पुलिस को इस आरोपी की काफी दिनों से तलाश थी। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में जितने भी लोगों के ऊपर गढ़वा न्यायालय से वारंट निर्गत है, वह समय रहते आत्म समर्पण करें नहीं तो उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शहरी क्षेत्र के पीएम आवास योजना के योग्य लाभुक ऑनलाइन करें आवेदन: शशि कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 क्षेत्र अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार व निवर्तमान नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वैसे लाभुक जो विभिन्न कारणों से पीएम आवास योजना का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं। वे सभी लाभुक दस्तावेज के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने नगर पंचायत वासियों से अपील की है कि योग्य लाभुक आवश्यक दस्तावेज के साथ यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन कर पीएम आवास योजना का लाभ लें। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने बताया कि योग्य लाभुक के परिवार में किसी भी सदस्य का पूरे भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं हो, इस योजना के अन्तर्गत लाभुक के परिवार में पति पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे, लाभार्थी को पूर्व में किसी भी अन्य आवास योजना का लाभ प्राप्त न हुआ हो, लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं,उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति (पति एवं पत्नी), आधार कार्ड की छायाप्रति (पति एवं पत्नी),बैंक पासबुक की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र,भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र,लाभुक का मोबाईल आधार कार्ड से लिंक हो,भू-स्वामित्व पत्र, घर के साथ पारिवारिक फोटो के साथ ऑनलाइन आवेदन करें।

### मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने दी कड़ी चेतावनी

# किराया नहीं जमा करने वाले दुकानदारों का आवंटन होगा रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त-सह-जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने जिला परिषद की राजस्व वसूली और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि जिला परिषद की दुकानों के कई आवंटित दुकानदार लंबे समय से किराया जमा नहीं कर रहे हैं। इस पर गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बकायेदारों को अंतिम नोटिस जारी किया जाए। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि समय पर किराया जमा न करना सरकारी राजस्व की हानि है। यदि निर्धारित समय के भीतर बकाया किराया जमा नहीं किया गया तो संबंधित दुकानों का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें सील करने की कार्रवाई होगी। साथ ही, बकाया वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद दायर करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने समीक्षा के दौरान पाया कि कई दुकानदारों को पहले भी नोटिस भेजे जा चुके हैं, फिर भी वे किराया जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे बकायेदारों को चिन्हित कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि जिले में 280 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से लगभग 100 केंद्र भूमि विवाद के कारण लंबित हैं। इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अंचलाधिकारी से फोन पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही, अंचलाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता के साथ विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन, 15वें वित्त आयोग की योजनाओं और अन्य लंबित परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिला अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और जिला परिषद के कर्मचारी उपस्थित थे।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन से नाबालिग का रेस्क्यू

**चार दिनों से स्टेशनों पर भटक रहा था बच्चा**

**मेदिनीनगर।** बुधवार रात करीब 11:40 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने एक मूक-बधिर नाबालिग को रेस्क्यू किया। रेलवे सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, बरकाकाना से मिली शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, यह नाबालिग उत्तर प्रदेश के वृंदावन का रहने वाला है और पिछले चार दिनों से विभिन्न स्टेशनों पर भटक रहा था। आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि रेस्क्यू के बाद उसे सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है और परिजनों को सूचित किया गया है।

# नहर निर्माण कर रही कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने बवाल काटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी/गढ़वा।** प्रखंड के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मांझीगावा गांव के महूडढ़ टोला में अर्णव प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे नहर निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध किया है। मझिगावां गांव में बुधवार को ग्रामीणों ने नहर निर्माण करा रही कंपनी का विरोध करते हुए कहा कि पिछले दो सालों से नहर का कार्य चल रहा है। इस उम्मीद के साथ की हम लोग का जो कनेक्टिविटी है, बिलकुल खत्म कर दिया गया है। एक पुलिया के कारण इस प्रोजेक्ट में दो या तीन पुलिया था। नहर डिपार्टमेंट द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि इसका समाधान कर दिया जाएगा। इसके बाद नहर विभाग के जो भी अधिकारी या प्राइवेट कर्मचारी थे, उनके द्वारा भी बोला गया था। इस उम्मीद के साथ ग्रामीणों द्वारा 50 परसेंट कार्य को पूरा करने दिया गया, लेकिन अब इस नहर से जान माल को खतरा हो चुकी है। आए दिन लोग नहर में गिर रहे हैं। आवागमन में भी दिक्कत हो रही है।

## एमएमसीएच में आउटसोर्सिंग कर्मियों का कटा वेतन, कंपनी को पुनः भुगतान का आश्वासन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम स्थित एमएमसीएच अस्पताल में कार्यरत बालाजी कंपनी के सफाई कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के वेतन में कटौती कर दी गई है। अधिकतर कर्मचारियों का 2000 से 3000 रुपये तक वेतन काटा गया, जिससे वे नाराज होकर गुरुवार सुबह धरने पर बैठ गए। बाद में सभी कर्मचारी अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी कुमार से मिले, जिन्होंने आश्वासन दिया कि बालाजी कंपनी के अधिकारियों से बात हुई है और एक सप्ताह के भीतर सभी का कटा हुआ वेतन वापस दिया जाएगा। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि कर्मचारियों का वेतन बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर दिया गया है। कई कर्मचारियों ने दोनों समय की बायोमैट्रिक हाजिरी नहीं लगाई, जिसके कारण उन्हें आधे दिन की उपस्थिति ही मिली और वेतन कटा। हालांकि, जो कर्मचारी पूरे महीने काम पर रहे लेकिन बायोमैट्रिक उपस्थिति पूरी नहीं कर पाए, उनके वेतन की भी कटौती हुई।

## कुंभ से घर लौट रहे बुजुर्ग की नदी में डूबने से मौत

**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के एक बुजुर्ग की पलामू के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा में बांकी नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रामचंद्र सिंह (62) के रूप में हुई, जो छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के छत्तरपुर (बलरामपुर) जिले के रहने वाले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामचंद्र सिंह महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे थे। प्रयागराज और वाराणसी में स्नान करने के बाद वह अपने परिजनों से बिछड़ गए थे।

## पेपर लीक की घटनाएं राज्य के लिए चिंताजनक : प्रिंस सिंह



**कांडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने 10 वीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान का पेपर लीक होने की घटना की निष्पक्ष व विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार हो रही पेपर लीक की घटना राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत ही चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि झारखंड अधिविद्य परिषद परीक्षाओं की सुचिता बरकरार रखने में असमर्थ है। एक तरफ झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य में शिक्षा की स्थिति को सुधारने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा नियुक्त जैक के अध्यक्ष अपनी पहली ही परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से आयोजित कराने में असफल रहे। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं राज्य की शैक्षणिक वातावरण के लिए चिंताजनक है। सरकार को विद्यार्थियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा।

**परेशानी** — अगहन से जेठ महीने तक मवेशियों के लिए चारे का आयात होता है

# झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में बिहार के चारे से हो रहा पशुपालन

### दुध और उपले से होती है चारे पर खर्च की भरपाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के पशुपालक मवेशियों के पालन-पोषण के लिए बिहार राज्य के सीमावर्ती इलाकों (नवीनगर) से आयातित चारे (पौटा) पर निर्भर हैं। इसकी वजह इस इलाके में खपत के अनुपात में इस किस्म के चारे की कम उपलब्धता बताया जाता है। वैसे भी नहरी इलाके को छोड़ मैदानी इलाकों में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण धान की पैदावार भी कम हो पाती है। ऐसी स्थिति में पर्याप्त मात्रा में चारा (पौटा) उपलब्ध नहीं हो पाती है। जानकार बताते हैं कि अगहन से जेठ महीने तक कमोबेश चारे की आयात की जाती है। इसकी आपूर्ति स्थानीय स्तर पर पारस सिंह करते हैं। जिन्हें इसकी जरूरत होती है, उन्हें ऑर्डर करते हैं, और वे नबीनगर इलाके के चारा उत्पादकों को सूचित कर पूरी खेप उपलब्ध करा देते हैं। इससे उनकी भी जीविका चल जाती है। उन्होंने बताया कि करीब एक दशक से वे इस कारोबार में लगे हुए हैं। इससे उनकी जीविका तो चलती ही है, मवेशियों को चारा उपलब्ध कराने से उन्हें एक बड़ा पुण्य कमाने का एहसास होता है। चारा के खरीददारों में थोक और खुदरा दोनों तरह के पशुपालक शामिल होते हैं। चारे की किल्लत न झेलना पड़े, इसलिए कई पशुपालक खपत के हिसाब से भंडारण भी कर लेते हैं। अभी इस चारे का भाव 500 रुपए क्विंटल है। खपत और मांग के अनुरूप इसका भाव भी बढ जाता है। जानकर रामजन्म राम, कृष्णा यादव और अन्य का कहना है कि गौपालन का महत्व दुग्ध उत्पादन के साथ ही धार्मिक द्दष्टिकोण से भी है। ऐसे में प्रायः घरों में अच्छी नस्ल के गौपालन हो रहा हैं। वहीं पुश्तैनी तौर पर भी खास जाति के लोग भैंस के साथ ही देहाती नस्ल के गाय के झुंड का पालन कर रहे हैं। ऐसे में दुध और उपला से खुद की जरूरत पूरी करने के बाद उसकी बिक्री आमदनी का जरिया बन गया है।

# आवास सर्वे के नाम पर बिचौलियों को नहीं दें पैसे : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बीडीओ चंदन कुमार ने पीएम व अबुआ आवास सर्वे को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा हर गरीब परिवार के पक्के मकान देने को लेकर सर्वे का काम करवा रही है, जिसमें 10,231 लोगों को पक्का मकान देने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। जिसमें अब तक 3 हजार लोगों का सर्वे पूरा हो चुका है। प्रखंड के सभी पंचायतों में एक सर्वेयर को जिम्मेवारी सौपी गई है। बता दें कि सर्वे के नाम पर बिचौलिया गांव में लाभुकों को आवास योजना दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे की भी मांग कर रहे हैं। बीडीओ ने बताया कि सूची में नाम चढ़ाने को लेकर बिचौलिए द्वारा पैसे लेने कि शिकायत मिल रही है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि ने आवास योजना की सूची में नाम जुड़वाने के लिए किसी को भी पैसे देने की जरूरत नहीं है। इस एवज में कर्मी कोई पैसे कि डिमांड करते हैं तो सूचित करें उन पर सख्त कार्रवाई कि जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि लाभुक ऐप के माध्यम से भी खुद अपना जिओ टैग कर सर्वे कर सकते हैं। पीएम आवास के लिए बेनीफिशरी लेवल जिओ टैग और अबुआ आवास हेतु आवास प्लस 2024 नामक ऐप के माध्यम से लोग अपना सर्वे खुद कर सकते हैं।

## पेज एक के शेष

### झारखंड अधिविद्य परिषद...

जैक की जांच में इसे सही पाया गया। इसके बाद झारखंड अधिविद्य परिषद ने पूरे राज्य में हिंदी और विज्ञान की परीक्षा को रद्द कर दिया है। हिंदी की परीक्षा विगत 18 फरवरी को ली गई थी। वहीं, विज्ञानं की परीक्षा गुरुवार (20 फरवरी) को पहली पाली में आयोजित की हुई थी। दरअसल, गुरुवार की परीक्षा के बाद जब वास्तविक प्रश्न पत्र से मिलाया गया, तो वायरल प्रश्नपत्र हूबहू वही पाया गया। इस कारण हिंदी और विज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी गई। वहीं, जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा के आदेश से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि माध्यमिक परीक्षा 2025 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंथित प्राचार्यों, केंद्राधीक्षकों और संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि 18 फरवरी को पहली पाली में हुई हिंदी और 20 फरवरी को पहली पाली में हुई मैट्रिक के विज्ञान विषय की परीक्षा रद्द की जाती है। दोनों विषयों के पुनर्परीक्षा की तिथि संबंधी सूचना बाद में दी जाएगी।

### रेखा गुप्ता ने...

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में कार्यभार भी संभाल लिया। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। साथ ही, वे दिल्ली में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद भाजपा की भी चौथी मुख्यमंत्री हैं। वे वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। सीएम रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई है। उनके घर के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सहित कई कैबिनेट मंत्री मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व अन्य नेता भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक में 19 फरवरी को 50 वर्षीय रेखा गुप्ता को नेता चुना गया था। उन्होंने इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना से राज निवास में मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल कर आम आदमी पार्टी के लंबे शासन का अंत किया है। वहीं, आम आदमी पार्टी 22 पर सिमट गई। रेखा गुप्ता ने 1992 में दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज से पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति में कदम रखा। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भी जुड़ी रही हैं।

### एक-एक वादे...

सभी का स्वागत है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर भी पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, हम सबके प्रेरणास्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गौरवमयी उपस्थिति में दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा की डबल इंजन सरकार में दिल्ली का हर दिन विकास पथ पर निरंतर प्रशस्त होता जाएगा एवं मैं और मेरे मंत्रिमंडल के साथी संकल्पित भाव से ह्यविकसित दिल्लीह्न का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने दूसरे पोस्ट में लिखा, मां यमुना के आशीर्वाद से आज वरिष्ठजनों की उपस्थिति में दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। मैं दिल्ली की जनता को विश्वास दिलाती हूं कि मेरे जीवन का हर एक पल आपकी सेवा में समर्पित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसी सामान्य कार्यकर्ता पर दिल्ली की जन आकांक्षाओं को पूरा करने की जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दूंगी एवं मंत्रिमंडल के साथियों के साथ मिलकर ह्यविकसित दिल्लीह्न के संकल्प को साकार करने की हरसंभव कोशिश करूंगी।

### किसान आधुनिक कृषि...

उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी तकनीक किसानों तक पहुंचे बिना किसी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शहद प्रसंस्करण एवं मधुमक्खी उत्पाद विकास केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही, चंदन वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर किसानों व कृषि उद्यमियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को जैविक खेती, सतत कृषि तकनीकों और आधुनिक प्रसंस्करण विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों का वाणिज्यीकरण अनिवार्य है, जिससे किसानों को अधिक लाभ प्राप्त हो सके। विशेष रूप से मिर्च की खेती को उन्होंने एक लाभकारी व्यवसाय बताया और किसानों को इसके व्यावसायिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। मंच पर उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों में झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव, अबूबकर सिद्दीकी पी. और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप शामिल थे। इन अतिथियों ने भी किसानों को संबोधित किया और कृषि क्षेत्र के सतत विकास के लिए सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान एक प्रगतिशील किसान एवं एक कृषि उद्यमी ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे उपस्थित किसानों को प्रेरणा मिली। इसके उपरांत कृषि मंत्री ने उत्कृष्ट किसानों को पुरस्कार वितरित किए और लाख टूलकिट का वितरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजेश कुमार ने किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संयोजित किया है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे कृषि मेला 2025 के संयोजक, डॉ ज्योतिर्मय घोष ने प्रस्तुत किया।

### हाईकोर्ट ने लगाई...

कांट्रैक्ट कर्मियों को केवल स्थायी नियुक्ति से ही रिप्लेस किया जाना संभव है। राज्य सरकार ने भी एक संकल्प जारी कर कहा है कि नए संविदाकर्मियों की नियुक्ति के बाद पुराने संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा स्वतः समाप्त हो जाएगी। रांची विश्वविद्यालय ने शिक्षकों के कुल 321 पदों पर आवश्यकता के अनुसार कांट्रैक्ट पर नियुक्ति की प्रक्रिया वर्ष 2024 में शुरू की थी। इसमें मेरिट लिस्ट तैयार करने के दौरान उत्पन्न विवादों के मद्देनजर राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने एक हफ्ता पहले रांची विश्वविद्यालय सहित सभी विश्वविद्यालयों में चल रही आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

### कुंभ से लौट रहे...

जौनपुर के बदलापुर थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, घायल पांच लोगों को इलाज स्थानीय अस्पताल में हो रहा है। बताया जा रहा है कि गाड़ी में 11 श्रद्धालु सवार थे, जिसमें दो पुरुष, एक बच्चा और बाकी महिलाएं हैं। एक महिला नवादा की और एक अन्य गांव की है, शेष सभी लोग कंडसार गांव के निवासी बताए जा रहें हैं। सूचना के बाद उनके परिजन जौनपुर के लिए रवाना हो गए हैं।

## बांग्लादेश में शहीद दिवस आज सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

**ढाका।** बांग्लादेश में शहीद दिवस और अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या दिवस पर गुरुवार को प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गए हैं। किसी भी प्रतिबंधित समूह और संगठन के सदस्यों को शुक्रवार को केंद्रीय शहीद मीनार परिसर में प्रवेश करने और अव्यवस्था पैदा करने से रोकने के लिए रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) को तैनात किया गया है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार आरएबी लीगल एंड मीडिया विंग के सहायक निदेशक एएसपी मुत्ताजुल इस्लाम ने कहा कि इसके अतिरिक्त शहीद मीनार की ओर जाने वाले चौराहों पर चेकपॉइंट स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस शहीद दिवस और अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के सम्मान में शहीद मीनार पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। राजधानी और देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के लोग भी शहीद मीनार पर भाषायी शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। एएसपी इस्लाम ने कहा कि सभी संभावित जोखिमों का आकलन करने के बाद आरएबी ने अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों, खुफिया एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय में सुरक्षा उपायों को मजबूत किया है।

## श्रीलंकाई पुलिस देखती रह गई भाड़े के हत्यारे ने कोर्ट में अंडरवर्ल्ड सरगना को मार दी गोली

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी के हल्फ्सडॉर्प अदालत परिसर के कोर्ट नंबर 5 के अंदर पुलिस के कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच अंडरवर्ल्ड सरगना गनेमुल्ले संजीवा की हत्या से गंभीर सवाल उठे हैं। पुलिस प्रवक्ता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुद्धिका मनातुंगा ने माना कि हत्यारों ने इस तथ्य का फायदा उठाया कि पुलिस वकीलों की जांच नहीं करती। मनातुंगा ने स्वीकार किया कि सुरक्षा व्यवस्था में खामियां रहीं। उन्हें ठीक करने के लिए भविष्य में कदम उठाए जाएंगे। द आइसलैंड न्यूज पेपर के अनुसार, दोनों हत्यारे वकील के वेश में पहुंचे। इनमें एक महिला है। इस महिला ने हथियार पहुंचाने में मदद की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आरोपित बंदूकधारी कुख्यात सुपारी किलर है। गोलीबारी के बाद हत्यारे ने भागने से पहले हथियार को अदालत कक्ष के अंदर फेंक दिया। पुलिस को संदेह है कि यह हत्याकांड दुबई से संचालित प्रतिद्वंद्वी अंडरवर्ल्ड गिरोह ने करवाया। पुलिस प्रवक्ता बुद्धिका मनातुंगा के अनुसार, गनेमुल्ला संजीवा उर्फ संजीव कुमार समररत्ने को 19 फरवरी की सुबह लगभग 9:50 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच बूसा जेल से अदालत परिसर लाया गया। सशस्त्र एसटीएफ अधिकारियों को अदालत कक्ष के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी, इसलिए वे बाहर प्रवेश द्वार के पास ही रुके रहे। कोर्ट कक्ष में अंडरवर्ल्ड सरगना संजीव को पुलिस की निगरानी में बैठाया गया। जांच में साफ हुआ है कि हत्यारा उसके पहुंचने से पहले ही अदालत कक्ष में दाखिल हो चुका था। वहां उसकी महिला साथी पहले से मौजूद थी। जैसे ही संजीव को कटघरे पर पहुंचाया गया, हत्यारे ने उसपर पिस्तौल से दनादन पांच फायर झोंक दिए। अदालत कक्ष में गोली चलते ही अफरातफरी मच गई। इस दौरान हत्यारा अपनी महिला साथी के साथ भाग गया। संजीव को तुरंत कोलंबो नेशनल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उसे दम तोड़ दिया।

## पाकिस्तान में रमजान माह का निर्धारण करने के लिए 28 फरवरी को बैठक

**इस्लामाबाद।** केंद्रीय रुएत-ए-हिलाल समिति रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत का निर्धारण करने के लिए 28 फरवरी की शाम पेशावर में बैठक करेगी। इस बैठक के बाद चांद देखने की कवायद शुरू होगी। धार्मिक मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि समिति के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल खबीर आजाद के नेतृत्व में 28 फरवरी को बैठक अस्त्र की नमाज के बाद शुरू होगी। इसके बाद क्षेत्रीय समितियां चांद दिखने की रिपोर्ट प्राप्त करने और उसका आकलन करने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में एकत्रित होंगी। केंद्रीय बैठक में सभी विचारधाराओं के मौलवी हिस्सा लेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान में रमजान के उपवास का पहला दिन 2 मार्च को पड़ने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए कि अमावस्या 28 फरवरी की शाम 5:45 बजे से लगेगी। इससे 1 मार्च को अर्धचंद्र दिखने की संभावना बढ़ जाएगी। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक खगोल विज्ञान केंद्र ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना 1 मार्च से शुरू होने की उम्मीद है।

### दिल्ली में शपथ ग्रहण के बाद राजग की हुई बैठक

# बिहार और बंगाल समेत सभी आगामी चुनाव दृढ़ता के साथ लड़ने का फैसला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह के बाद 'इंपीरियल' होटल में भाजपा-नीत राजग के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई। इस दौरान राजग नेताओं ने बिहार और पश्चिम बंगाल समेत सभी आगामी चुनाव दृढ़ता के साथ लड़ने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आश्वासन दिया कि सभी पक्ष एक साथ राजग के बैनर तले चुनाव लड़ेंगे।

इस बैठक में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और अन्य घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेताओं ने भी इसमें शिरकत की। इस बैठक में एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी को सभी ने महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली में मिली जीत पर बधाई दी। वहीं दूसरी ओर आगामी बिहार और पश्चिम बंगाल सहित अन्य चुनावों में एकजुटता से लड़ने का आश्वासन दिया।

दोपहर भोज के बाद नेताओं ने एक सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। राजग के घटक दल के नेताओं में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार प्रमुख रूप से शामिल हुए। महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। जदयू नेता एवं केन्द्रीय मंत्री लल्लन सिंह भी बैठक में शामिल हुए।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि सभी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और राजग के नेता शपथ ग्रहण समारोह के लिए दिल्ली आए थे। शपथ समारोह के बाद राजग नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री को महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा की जीत के लिए बधाई दी। सभी राजग नेताओं ने सभी आगामी चुनावों जैसे बिहार और पश्चिम बंगाल के लिए दृढ़ता से लड़ने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया कि सभी पक्ष एक साथ राजग के बैनर के तहत चुनाव लड़ेंगे।

राजग नेताओं ने होटल में जाते और बाहर निकलते हुए दिल्ली में मुख्यमंत्री का पदभार संभालने वाली रेखा गुप्ता और अन्य मंत्रियों को बधाई दी।

### छात्रों से राहुल गांधी का सवाल

# मायावती आज कल क्यों ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं ?

**एजेंसी। रायबरेली**

अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी गुरुवार को छात्रों से रूबरू हुए। उन्होंने रायबरेली में मूल भारती छात्रवास में छात्रों से सवाल किया। पूछा- मायावती आज कल क्यो ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे बहन जी बीजेपी के विरोध में मेरे साथ चुनाव लड़ें। अगर तीनो पार्टियां एक साथ हो जातीं तो बीजेपी कभी चुनाव न जीतती। मायावती बीजेपी की बी टीम बनकर काम कर रहीं हैं। देश की बड़ी 500 फर्मों में शामिल कुछ शीर्ष निजी कंपनियों का नाम लेते हुए गांधी ने युवाओं से पूछा कि उनमें से कितनी कंपनियों के प्रमुख दलित हैं। जब एक युवा ने जवाब दिया कि कोई नहीं, तो गांधी ने उससे पूछा, क्यों नहीं। दूसरे युवा ने जवाब दिया, क्योंकि हमारे पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि आंबेडकर जी के पास कोई सुविधा नहीं थी। वे अपने प्रयासों में अकेले थे, फिर भी उन्होंने देश की राजनीति को हिलाकर रख दिया था। एक पूरी व्यवस्था है जो दलितों के खिलाफ है और नहीं चाहती कि वे आगे बढ़ें। व्यवस्था आप पर हर रोज हमला करती है। आधे से ज्यादा बार तो आपको पता भी नहीं चलता कि यह आप पर कैसे हमला कर जाती है।

नेता विपक्ष ने कहा कि आपको यह समझने की जरूरत है कि संविधान की विचारधारा ही आपकी विचारधारा है। मैं आपको गारंटी के साथ कह सकता हूं कि अगर इस देश में दलित नहीं होते तो इस देश को संविधान नहीं मिलता। यह आपकी विचारधारा है, यह आपका संविधान है, लेकिन आप जहां भी जाते हैं, आपको कुचल दिया जाता है।

### छोटे और मध्यम उद्योग ही लाखों की संख्या में करते हैं रोजगार पैदा : राहुल गांधी



लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अडानी जैसे बड़े बिजनेसमैन रोजगार नहीं पैदा करते, बल्कि ये लोग चीन का माल लाकर देश में बेचते हैं, जिससे बेरोजगारी और बढ़ती है। छोटे और मध्यम उद्योग ही लाखों की संख्या में रोजगार पैदा करते हैं। वह गुरुवार को रायबरेली में थे। वहां पर उन्होंने हनुमान मंदिर में मत्था टेका और बछरावां में एक कार्यकर्ता सम्मेलन को भी सम्बोधित किया। सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा जीएसटी और नोटबन्दी करके देश में बेरोजगारी बढ़ाई है। सरकार यदि ईमानदारी से काम करने लगे तो युवाओं को रोजगार मिलने लगेगा। युवा जब रोजगार मांगने जाता है तो उसे रोजगार नहीं मिलता। बैंक लोन के लिए जाता है तो उसे लोन नहीं मिलता। यदि बैंक ने लोन दे भी दिया तो भारी ब्याज़ पर जो वह चुकाने में असमर्थ हो जाता है। किसान जितनी मेहनत करता है उसका उसे कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। आज किसान अपनी उपज को सड़क पर फेंकने को मजबूर है। किसानों के लिए गांव से शहर तक एक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना चाहिए।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुरू किया विशेष एनसीडी जांच अभियान

# 30 वर्ष और उससे ऊपर के लोगों का होगा कवरेज

- **घर-घर जाकर किया जाएगा संपर्क, बहु-एजेंसी सहयोग और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए वास्तविक समय की निगरानी शामिल**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को विशेष सघन एनसीडी जांच अभियान शुरू किया है। 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलने वाली इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य मधुमेह व उच्च रक्तचाप के साथ-साथ ओरल, ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों के उपचार के लिए 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की शत प्रतिशत जांच करना है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार यह अभियान राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) और देशभर में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चलाया जाएगा।

केंद्र सरकार निवारक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने और आयुष्मान भारत पहल के तहत गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है।

### अभियान की मुख्य विशेषताएं

- प्रशिक्षित आशा, एएनएम और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा जांच सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक दौरे करेंगे तथा लोगों के घरों तक पहुंचेंगे।
- राज्य और केंद्रशासित प्रदेश सभी स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों पर बीपी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर और आवश्यक दवाओं सहित आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।
- जांच, उपचार और अनुवर्ती कार्रवाई का डेटा प्रतिदिन एनपी-एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।
- अभियान के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य केंद्रों, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।
- राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रतिदिन शाम 6 बजे तक मंत्रालय को जानकारी उपलब्ध कराएंगे, जिससे निरंतर निगरानी और तकनीकी सहायता मिल सकेगी।

### इस गहन जांच अभियान का उद्देश्य

**शत-प्रतिशत जांच कवरेज :** इस अभियान का उद्देश्य गैर-संचारी रोगों का शीघ्र पता लगाना और समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है।
**देखभाल से बेहतर जुड़ाव :** संरचित उपचार और अनुवर्ती प्रोटोकॉल स्थापित करके इस अभियान का उद्देश्य एनसीडी से जुड़ी जटिलताओं को कम करना है।
**बेहतर स्वास्थ्य परिणाम :** इस पहल से स्वास्थ्य देखभाल की लागत कम होने और देशभर में व्यक्तियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

## अंतरिक्ष विज्ञानी जिम फ्री 30 साल की सेवा के बाद नासा से हुए अलग

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) के महत्वपूर्ण स्तंभ अंतरिक्ष विज्ञानी जिम फ्री ने लगभग तीन दशक की सेवा के बाद बुधवार को अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की। एसोसिएट प्रशासक जिम फ्री 22 फरवरी से नासा से अलग हो जाएंगे। नासा की वेबसाइट में एसोसिएट प्रशासक जिम फ्री के फैसले का उल्लेख करते हुए उनकी उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई है। नासा की वेबसाइट में कहा गया है कि जनवरी, 2024 से एसोसिएट प्रशासक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान नासा ने आर्टेमिस समझौते के लगभग दो दर्जन नए हस्ताक्षरकर्ताओं को जोड़ा। एजेंसी को वाणिज्यिक चंद्र पेलोड सर्विसेज पहल के माध्यम से चंद्रमा पर पहली लैंडिंग को सक्षम किया। बृहस्पति के बर्फीले महासागर में चंद्रमा का अध्ययन करने के लिए यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च किया। नासा के ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स (उत्पत्ति) के पृथ्वी पर पहुंचाए गए क्षुद्रग्रह बेन्नू के नमूनों में जीवन के लिए सामग्री वाले अणुओं को पाया गया। नासा के कार्यवाहक प्रशासक जेनेट पेट्रो का कहना है कि फ्री ने अपने पूरे करियर में मिशन को पहले स्थान पर रखा। उन्होंने अपने तीन दशक के कार्यकाल में अटूट प्रतिबद्धता दिखाई। फ्री ने लाल ग्रह पर मानव मिशन से पहले मंगल ग्रह से नमूने वापस लाने के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहने और काम करने वाले कर्मचारियों का समर्थन किया। चंद्रमा पर नासा के वाष्पशील अन्वेषण ध्रुवीय अन्वेषण रोवर मिशन के लिए उद्योग को नए तरीकों से जोड़ा।

## डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने शुरू की जांच



**मुंबई)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के माध्यम से मिली है। मुंबई पुलिस की टीम इस धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले की गहन छानबीन कर रही है। मुंबई पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने संबंधी धमकी भरा ई-मेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स ने भेजा था। इसकी जानकारी मिलते ही इस ई-मेल को भेजने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी तरह का ई-मेल गुरुवार को फिर से मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में भी आया है। इसलिए इस तरह का ई-मेल भेजने वालों की छानबीन की जा रही है। इसके साथ ही एकनाथ शिंदे की सुरक्षा की समीक्षा भी की गई है।




### आपका कहीं प्लाट ख़ाली है, तो हो जाएं सावधान

# 12 करोड़ के खाली प्लॉट को फर्जी तरीके से अपने नाम दिखा लोन करा रहे थे 9 शातिर

- **स्कूल में पढ़ाई के दौरान देखा था खाली प्लॉट**
- **बाद में बनाई फर्जी तरीके से इसे अपने नाम कराने और इस पर लोन लेने की योजना**
- **लॉस्ट रिपोर्ट दर्ज करा निकाले प्लॉट के असली कागजात**
- **पीड़ित के नाम बना ली अवैध फर्म**


सांकेतिक तस्वीर

**नवीन मेंल संवाददाता**

**लखनऊ।** मामला है दिल्ली से सटे नोएडा , उप्र का। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत ,दिल्ली निवासी केदारनाथ राय का नोएडा के सेक्टर-55 में 375 वर्ग मीटर का प्लॉट है। कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस ने इस खाली प्लॉट पर कब्जा करने व उस पर फर्जी लोन दिलवाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। जिसमें सरगना सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया। आरोपियों ने जीडीए के सेवानिवृत अफ़सर के प्लॉट का कागज निकालकर अवैध फर्म बना ली थी, और इस प्लॉट पर 3 करोड़ 75 लाख रू. के लोन के लिए आवेदन किया था। इनके नाम बुलंदशहर खुर्जा निवासी देवाशीष शर्मा, खेड़ा के इतेश पोशवाल और उसका बेटा नितीश पोशवाल, अनिल भड़ाना, साहिबाबाद के नीरज झा, छिजारसी निवासी विभूति, गाजियाबाद के संजय शाह और दिल्ली के कप्तान व राकेश बिष्ट हैं। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि दिल्ली निवासी केदारनाथ राय गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत्त हैं। इनका नोएडा के सेक्टर-55 में 375 वर्ग मीटर का प्लॉट है। 14 फरवरी को उनके बेटे ने कैमरे में देखा कि कुछ लोग प्लॉट पर लगा ताला तोड़ रहे हैं। उन्होंने मामले में कोतवाली सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कराया। अगले दिन कुछ लोग वहां पहुंचे तब पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने केदारनाथ के प्लॉट पर पौने चार करोड़ रुपये का लोन के लिए आवेदन किया था। फाइनेंस कंपनी कर्मचारी आरोपियों के साथ प्लॉट का सर्वे करने आए थे। इसी दौरान ताला तोड़ा गया था।

लॉस्ट रिपोर्ट दर्ज करा कर निकाले प्लॉट के असली कागजात पुलिस का कहना है कि गिरोह का सरगना राकेश बिष्ट और देवाशीष हैं। राकेश ने देवाशीष को विवादित प्रॉपर्टी की जानकारी मांगी थी। दोनों मई 2023 से सेक्टर-55 स्थित इस प्लॉट को कब्जा करने की साजिश में लग गए। आरोपियों ने पहले केदारनाथ के बारे में पता किया, फिर उनके नाम पर ऑन लाइन एलएआर (लॉस्ट आर्टिकल रिपोर्ट) दर्ज कराई। इस रिपोर्ट में अपना मोबाइल नंबर दे दिया। इसी के आधार पर दोनों ने मिलकर नोएडा अथॉरिटी से प्लॉट के सारे कागजात हासिल कर लिए। फिर केदारनाथ के नाम से फर्जी सेल डीड और अन्य कागज तैयार कराए। दोनों ने अनिल भड़ाना, संजय शाह, कप्तान सिंह, नीरज झा, विभूति, नीतेश व अभिषेक से मिले और केदारनाथ के नाम फर्जी तरीके से एमएसएमई के लिए फर्म रजिस्टर्ड कराई और उन्हीं के नाम पर यूनियन बैंक में चालू खाता खुलवाया। नीतेश से 50 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से फर्म में ट्रांसफर कराए। इस रकम को आरोपियों ने बांट लिए और प्लॉट नीतेश पोसवाल के नाम तीन करोड़ 75 लाख रुपये में बेच दिया, जबकि अभी इस प्लॉट की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है। इसी प्लॉट पर जालसाजों ने 3.75 करोड़ रुपये लोन लेने के लिए आदित्य बिरला फाइनेंस कंपनी में आवेदन भी किया। कंपनी का कर्मचारी प्लॉट का सर्वे करने 18 फरवरी को दोबारा आया था। तब आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। नौ शातिरों में से एक शातिर देवाशीष ने पहले जिस वनस्थली स्कूल में पढ़ता था। वहाँ जाते समय कई वर्षों से वह इस प्लॉट को खाली देख रहा था। जब उसकी दोस्ती अन्य आरोपियों से हुई और खाली प्लॉट के नाम पर फर्जीवाड़ा करने की योजना बनाई तब इस खाली प्लॉट के बारे में अपने साथियों को बताया और फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि सरगना राकेश बिष्ट को गिरोह के लोग बड़ा अधिकारी बताते थे। राकेश नोएडा प्राधिकरण व अन्य ऑफिस में भी खुद को बड़ा अधिकारी बताता था।